e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 214
रविवार
06.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
कोई फायदा नहीं होता जिन्दगी पर लगाम लगाने का ये नहीं मुड़ेगी, आपके मोड़ने से..



# डीसी ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कहा- लोगों को दे बेहतर चिकित्सा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को एनआईसी के सभागार में एमएमसीएच के प्रिंसिपल, सिविल सर्जन समेत स्वास्थ्य विभाग से जुड़े चिकित्सकों संग बैठक की। उपायुक्त ने सभी से कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ व्यवस्था प्रदान करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है और यह तभी संभव है जब हम सब टीम वर्क की तरह काम करें। उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी प्रखंड हेडक्वार्टर में ही आवासन करना सुनिश्चित करें साथ ही सभी चिकित्सक उपायुक्त से अवकाश स्वीकृत होने के पश्चात ही छुट्टी पर जा सकेंगे। इसके अलावे उपायुक्त ने आयुष्मान कवरेज को बढ़ाने की बात कही। उन्होंने आयुष्मान भारत के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर को विशेष कार्ययोजना बनाकर इसे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने सभी अस्पतालों में विशेष साफ-सफाई रखने पर बल दिया साथ ही अस्पतालों में इलेक्ट्रिकल कनेक्शन मैनेजमेंट को सुदृढ़ करने की बात कही ताकि आगलगी जैसी घटना होने की संभावना शून्य रहे।उन्होंने कहा कि भविष्य में छोटे-छोटे हेल्थ कैंप लगाकर लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने सभी योग्य दिव्यांगजनों का दिव्यांगता कार्ड बनवाए जाने पर बल दिया। इस अवसर पर मेदनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के प्रिंसिपल डॉ कामेंद्र प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ अनिल कु सिंह, डिस्ट्रिक्ट ट्यूबरक्लोसिस ऑफिसर डॉ अनिल कु श्रीवास्तव, लेप्रोसी कंसलटेंट डॉ मृत्युंजय मेहता, डीएस डॉ विजय सिंह, डॉ. आरके रंजन, डीपीएम दीपक समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी उपस्थित रहे।

# प्रखंड संसाधन केंद्र केतार में गुरु गोष्ठी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड संसाधन केंद्र केतार में शनिवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय कुमार पांडे की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी कोटि के विद्यालय सचिव के साथ गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रखंड शिक्षा विभाग के कर्मियों ने दी। इसमें सर्वप्रथम खेलो झारखंड, प्रयास कार्यक्रम के तहत बाल संसद का पुनर्गठन, वर्ग वार एवं कोटि वार छात्र संख्या, परिवार कार्यक्रम के तहत नामांकन की सूची, बच्चों का आधार संबंधित, बैंक खाता संबंधित, EVV में पुस्तक वितरण का एंट्री, पोशाक से सम्बंधित, SA-¡¡ का परीक्षा फल, EVV में नामांकन गैप संबंधित, जाति प्रमाण पत्र, सावित्रीबाई फुले संबंधित, एमडीएम संबंधित,कीट वितरण संबंधित, एस एम सी का तीन वर्ष पूर्ण संबंधित, शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन संबंधित विस्तृत चर्चाए की गई। वही उक्त शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने आगे भी निर्देश के आलोक में शिक्षकों को कार्य करने की बात कही। इस मौके पर विभाग से रवि वैध, अरुण कुमार, रमेश कुमार रजक, प्रधान शिक्षक दीपक कुमार देवेंद्र कुमार,अखिलेश मिश्रा, सुनील कुमार पांडे,राम लखन राम, अमरेंद्र गुप्ता, रामानंद गुप्ता,राजीव कुमार, विजय सिंह, जागृति कुमारी, सरिता कुमारी, शकुंतला कुमारी, मेघनाथ प्रजापति दीनानाथ मेहता, अरविंद सिंह सहित सभी विद्यालय के प्रधान शिक्षक उपस्थित थे।

## सड़क पर पानी बहाने को लेकर मारपीट में छह व्यक्ति घायल



**मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धनगांव में सड़क पर पानी बनाने को लेकर हुए विवाद में छह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में शहाबुद्दीन अंसारी, जलालुद्दीन अंसारी, सैलून बीवी, अबरार अंसारी, सकीना खातून, सोनू निगम का नाम शामिल है सभी घायलों का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह शहाबुद्दीन अंसारी और उसके भाई जलालुद्दीन अंसारी के बीच सड़क पर पानी बहाने को लेकर गाली गलौज होने लगा। गाली गलौज होते-होते दोनों लोगों के परिवार के बीच लाठी डंडे से मारपीट होने लगा।जिसमें दोनों और से परिवार के छह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी लेस्लीगंज थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही लेस्लीगंज थाना के पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले के बारे में स्थानीय लोगों से पूछताछ की। इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया है।जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहुल गांधी के सजा पर रोक लगाने से कांग्रेसियों में हर्ष



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मानहानि केस मे सजा पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाने पर कांग्रेसियों में हर्ष व्याप्त है। शनिवार को कांग्रेसियों ने रेहला महावीर चौक पर पटाखा फोड़कर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का यह फैसला भाजपा के झूठ व तानाशाही के खिलाफ एक बड़ी जीत है। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि विजय चौबे, जिला उपाध्यक्ष सुधीर चौबे,मंडल अध्यक्ष इरफान खान, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष इरसाद अंसारी, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अहमद अंसारी, प्रखंड कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौबे, उपाध्यक्ष आलोक चौबे, उपाध्यक्ष मणिभूषण पांडेय, सचिव मंटू चौबे, विवेका चौबे, प्रेमनाथ राम, अशोक चौबे, रंजीत चौबे, जमरूदिन अंसारी, सुधा चौबे, पुनीत शुक्ला सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

# हाउसिंग बोर्ड परिसर क्षेत्र में रहने वाले को भी मिलेगा मकान : चेयरमैन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** हाउसिंग बोर्ड परिसर में पिछले 10 वर्षों से रह रहे लोगों को भी मकान उपलब्ध कराया जाएगा । उक्त आश्वासन झारखंड राज्य आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय कुमार ने दी। वे शनिवार को क्षेत्र निरीक्षण के क्रम में हाउसिंग बोर्ड परिसर क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों से रह रहे लोगों की मांग पर उक्त बातें कही। चेयरमैन ने कहा कि परिसर में रह रहे ऐसे लोग उन्हें आवेदन हस्तगत कराएं। इसके पूर्व मजदूर नेता सह आरपीआई के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में चेयरमैन संजय कुमार का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। आवास बोर्ड क्षेत्र में रहने वाले लोगों की ओर से राकेश सिंह ने आवाज उठाई। कहा कि परिसर में पिछले 10 वर्षों से भी अधिक समय से लोग जैसे-तैसे रह रहे हैं। प्राथमिकता के तौर पर ऐसे लोगों को चिन्हित कर मकान उपलब्ध कराया जाए। राकेश सिंह ने बताया कि चेयरमैन ने उनकी बातों को गंभीरता से लिया। भरोसा दिलाया कि ऐसे लोगों को आवास बोर्ड परिसर में मकान उपलब्ध कराया जाएगा। किसी को बेघर नहीं किया जाएगा। राकेश ने कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए लिस्ट तैयार की जाएगी। चेयरमैन को 15 दिनों के अंदर लिस्ट सौंप दी जाएगी। मौके पर पर बोर्ड के सेक्रेटरी, लीगल सहित उज्जवल सिन्हा, सत्येंद्र तिवारी, आशीष सिन्हा सहित हाउसिंग निवासी उपस्थित थे।

# क्षेत्र में बिजली सिंचाई को दुरुस्त करने के लिए विधायक कटिबद्ध : मनीष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने शनिवार को सतगावां स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के जनहित कार्यों का ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र की लचर विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए विधायक ने राज्य ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के प्रबंधक केके वर्मा तथा निदेशक अविनाश कुमार से मिलकर दोनों प्रखंडों की विद्युत आपूर्ति अविलंब सुधार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विधायक श्री सिंह ने भागोडीह ग्रिड से होकर आने वाले ट्रांसमिशन लाइन जोड़ने के कार्य की प्रगति का निर्देश दिया था। इसके आलोक में एनसीपी का प्रतिनिधिमंडल कार्य स्थल पर जाकर कैंप किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही भागोडीह से बीमोड़ ग्रिड को बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी जिससे विद्युत आपूर्ति में सुधार सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विधायक के पहल पर आंगनबाड़ी केन्द्रों के लंबित खाद्यान्न का वितरण किया गया। तथा शहरी आवास योजना के वैसे लाभुक जिनका भुगतान नहीं हो पाया है उनके भुगतान की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। वहीं विधायक ने विधानसभा में बटाने डैम का वेल्डिंग गेट गिराने के संबंध में सरकार से प्रश्न पूछा है जिसके जवाब में सरकार ने बताया है कि शेष बचे विस्थापितों का मुआवजा भुगतान और पुनर्वास की प्रक्रिया जारी है। जिसके पूर्ण होने के बाद बटाने डैम के गेट को बंद करने का कार्य किया जाएगा। मौके पर एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता जिला सचिव अजय कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह डॉ0 प्रमोद कुमार,रामू यादव, जितेंद्र मेहता, लखन सिंह, पंकज सिंह, छोटे सिंह आदि उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि के भाई का ब्रेन हेमरेज से हुआ निधन



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर नगर के विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय के चचेरे भाई संजीव पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय (35) का निधन शुक्रवार को ब्रेन हेमरेज से हो गया.स्व.संजीव पांडेय पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज दिल्ली में चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है। उनका पार्थिव शरीर रविवार को बिश्रामपुर पहुंचेगा.इधर इनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है.शोक व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,वरीय समाजसेवी संजय पांडेय, बबन राम,अमरेश तिवारी, जिला पार्षद विजय रविदास, प्रमुख रम्भा देवी, प्रथम नप अध्यक्ष देव नारायण सिंह, अजय बाक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# भाकपा नेता अलाउद्दीन का निधन नेताओं ने किया शोक व्यक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता अलाउद्दीन का शनिवार को निधन हो गया ।वह 1968 से कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बने हुए थे ।और उसके बाद से ही हमेशा गरीब गुरबा शोषित दलित पीड़ित के आवाज को बुलंद करते हुए गांव गांव तक जाते थे । उनका निधन की खबर सुनते ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर, अखिल भारतीय नौजवान सभा के उपाध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी, रामगढ़ के अंचल सचिव राम जन्म राम, शेरखान, जमालुद्दीन अंसारी निरंजन कुमार सहित कई लोग उनको पार्टी का झंडा देने के बाद मिट्टी पलद किए। मौके पर भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने मिट्टी देने के बाद कहा कि अलाउद्दीन एक पार्टी के सच्चे सिपाही थे और हमेशा आम अवाम की मदद करने के लिए तत्पर रहते थे। उनके निधन से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद को भारी नुकसान हुआ है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में दादा दादी/नाना नानी सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को दादा-दादी/नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, समिति अध्यक्ष जोखू प्रसाद, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, समिति सदस्या शशिकला एवं दादा प्रतिनिधि विजय कुमार व दिलेश्वर सिंह तथा प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भारत माता, ?, मां शारदे के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप जलाकर व पुष्पार्चन कर किया।प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कार्यक्रम के उद्देश्य का वर्णन करते हुये कहा कि दादा-दादी/नाना-नानी अपने अटूट प्रेम से बच्चों के मन मोह लेते हैं और उनके विकास में सार्थक भागीदार बनते हैं। इस निमित्त बच्चों में दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति सम्मान की भाव जगे, इसलिये प्रांत ने अपनी योजना में इस तरह का सम्मान समारोह हर वर्ष आयोजित करती है। स्वागत गान बहन सूची, पीहू, यशफ़ी, नौरीन, आराधना, चाहत, प्राची, वैष्णवी, गुंजा, पीहू राज द्वारा प्रस्तुत किया गया। भाव नृत्य प्यारे दादाजी.... में बहन अनिका, सना, काजल, वैदेही, श्रेष्ठा और शालू शामिल हुई। चांद से प्यारी दादी मां... में बहन परी, सानवी, निदा, पल्लवी, रूशदा सोनाक्षी व इरम, दादा जी की छड़ी....भाव नृत्य में बहन प्रांजल, तेजस्वी, परिधि, नंदनी, निधि, जागृति, सनाया, प्रिया शांभवी, श्रेया व दुर्गा मनमोहक प्रस्तुति दी। दादा के रोल में भैया उत्तम कुमार कक्षा 10 व भैया हर्षित कुमार और दादी के रोल में बहन चंचला कक्षा दशम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दादा लखन प्रसाद कुशवाहा व देवीदयाल कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त किया।समिति सदस्य शशिकला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि बच्चे माता-पिता से डांट पर सुनकर अपने दादी के आंचल में छुप जाते हैं और दादी अपने स्नेहिल हाथों से उन्हें सहला कर लाड प्यार करती है। परिवार के बुजुर्ग होने के नाते सबका मार्गदर्शन करती है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी दादा दादी नाना-नानी को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट की गई। मंच संचालन आचार्या प्रियंवदा व धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में कौशलेंद्र झा, कृष्ण कुमार पांडेय, नंदलाल पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, सत्येंद्र प्रजापति पिंटू कुमार सिंह, अविनाश कुमार, नीरज कुमार सिंह, विवेक कुमार, दीपक कुमार, सुजीत कुमार दुबे, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, प्रसून कुमार आचार्य आरती श्रीवास्तव, सुप्रिया कुमारी, रेनू पाठक, नीति कुमारी, तन्वी जोशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संगीत के माध्यम से कर रहे पिपरा का नाम रोशन



**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पिपरा बाजार निवासी मारकंडे मिश्रा के बच्चे ऐश्वर्या मिश्रा वैष्णवी मिश्रा श्रेयांश मिश्रा गीत संगीत के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं. तीनों बच्चों का कला प्रतिभा मे दिन प्रतिदिन निखार आ रहा है. छोटे से लेकर बड़े कार्यक्रमों से इन्हें निमंत्रण आना प्रारंभ हो गया है। जहां पहुंचकर तीनों दर्शकों का मनमोह ले रहे हैं। पिता मारकंडे मिश्रा का कहना है कि संगीत से जीवन को ऊर्जा एक नई दिशा मिलती है। संगीत के बिना व्यक्ति का जीवन अधूरा है। इसी सोच के साथ मैं अपने बच्चों को इस क्षेत्र में लेकर आया हूं। अभी कुछ दिन पहले तीनों बच्चों को आजसू पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यक्रम देने के लिए बुलाया गया था। जहां आजसु सुप्रीमो सुदेश महतो पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने उन्हें प्रोत्साहित किया।

## बरसात में भी बूंद-बूंद पानी खरीदकर पीने को मजबूर है हम पलामूवासी : आशीष भारद्वाज



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू ज़िला शुरुआत से ही पेयजल का दंश झेल रहा है। ऊपर से बरसात का नगण्य रहना सुखाड़ का संकेत है। पलामू ज़िले में व्याप्त भीषण पेयजल संकट और सूखाड़ को लेकर युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने ज़िले के नये उपायुक्त शशि रंजन से मिलकर उनका स्वागत करते हुए उन्हें उक्त बातों को लेकर माँग पत्र सौपा।माँग पत्र में पलामू ज़िले के ख़ास कर मेदिनीनगर क्षेत्र में व्याप्त पेय जल संकट से निपटने के लिए सेकेंड फेज पाईपलाइन योजना चालू करने, विधिवत पानी सप्लाई देने, ज़िले के सभी जल श्रोतो का जीर्णोधर करने तथा नये श्रोतो का निर्माण करने, भूमिगत वाटर हेतु विशाल पौधारोपण, रेसीडेंशियल और कमर्शियल बिल्डिंगों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को ज़रूरी करने, कंक्रीट के जगह पेवर ब्लॉक की सड़को का निर्माण करने, रोड नालियों व मकानों में पनसोखा और सोखता को अनिवार्य करने, कोयल नदी में बांध, बाराज और बियर बनाने साथ ही साथ पलामू को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने जैसे माँग शामिल है।श्री भारद्वाज ने कहा की बरसात लगभग ख़त्म होने को है और पिछले कई महीनों की तरह आज भी हम पलामू वासी ख़ासकर मेदिनीनगर वासी पीने के लिए टैंकर से पानी ख़रीदने को मजबूर है, जो की अती दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारा सौभाग्य है की हमारे पास कोयल, अमानत और औरंगा जैसी नदियाँ है। दो संगम है कोयल -अमानत का और औरंगा -कोयल का इसके बावजूद भी हम बूँद - बूँद पानी को तरस रहे है। ये संपूर्ण सरकारी उदासीनता है। मैंने पहले भी कई बार इस विषय पर पेय जल स्वच्छता मंत्री, उपायुक्त, नगर अयुक्त को पत्राचार के माध्यम से इस पर ध्यान आकर्षित कराया है। अब वक्त है इस पर संपूर्ण समाधान की बात हो।इस बाबत हमने हमारे ज़िले के नये ऊर्जावान उपायुक्त से मुलाक़ात कर उन्हें भी इन सभी समस्याओ से अवगत कराते हुए पलामू को सूखाग्रस्त घोषित करने के विषय में भी चर्चा किया।हम जबतक पेयजल की समस्या का संपूर्ण समाधान नहीं निकाल लेते तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। उपायुक्त महोदय ने बताया की इस दिशा में संपूर्ण प्रयास करेंगे और समस्या के निदान हेतु उनके स्तर से जो बेहतर से बेहतर हो सकेगा आवश्य करेंगे। मौक़े पर आकाश विश्वकर्मा, प्रभात सिंह, राहुल गुप्ता, गोलू मेहता आदि भी उपस्थित रहे।

# एयरपोर्ट की तरह अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा मॉडल स्टेशन गढ़वा रोड : संजीव कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** केंद्र सरकार के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जिले का प्रमुख रेलवे स्टेशन गढ़वा रोड स्टेशन(रेहला) अब सभी नवीनतम आधुनिक सुविधाओं से संपन्न हो जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 11 बजे दिन में स्टेशन के कई नव निर्मित योजनाओं का ऑनलाइन शुभारंभ व कई प्रस्तावित योजनाओं का शिलान्यास करेंगे.शनिवार को गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के वीआईपी लाउंज में आयोजित प्रेस वार्ता में धनबाद रेल मंडल के वरीय मंडल विद्युत परिचालन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी संजीव कुमार और एडीएमई विकास शुक्ला ने इसकी जानकारी दी। बताया कि 24.5 करोड़ की लागत से गढ़वा रोड स्टेशन का सौंदर्यीकरण कराया जाना है.रविवार को पीएम मोदी इसका ऑनलाइन शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को दायित्व सौंपी जा चुकी है.उन्होंने बताया कि 11 बजे पीएम शुभारंभ करेंगे इसके पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार भी वितरित किया जाएगा। नोडल पदाधिकारी श्री कुमार ने यह भी बताया की उक्त कार्यक्रम में जिले के आलाधिकारियों के अलावे क्षेत्र के विधायक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी सहित स्थानीय सभी जनप्रतिनिधियों व प्रेस मीडिया के लोगों को आमंत्रित किया गया है.उन्होंने कहा कि एअरपोर्ट की तरह गढ़वा रोड स्टेशन सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा.स्टेशन परिसर में छः मीटर चौड़ा एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) अभी हाल में बना है। लेकिन पुनः दूसरे छोर पर 12 मीटर चौड़ी फुट ओवर ब्रिज बनाया जाना है। ताकि यात्रियों को कोई परेशानी नहीं हो। वहीं सभी तरह की गाड़ियों के लिए अलग - अलग पार्किंग स्टैंड बनाया जाएगा.उन्होंने यह भी बताया कि उक्त योजना के तहत रेलवे परिसर में साढ़े 10 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण कराया जायेगा.वहीं उसके किनारे सुसज्जित ढंग से पौधे भी लगाकर उसे सुंदर और आकर्षक बनाया जाएगा। इतना ही नहीं सिटी सेंटर के अनुरूप स्टेशन को सभी संसाधनों से लैस किया जाएगा ताकि यात्रियों को स्टेशन परिसर पहुँचते ही अलग अहसास हो।

# सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को दोष मुक्त करने पर कांग्रेसियों में खुशी, मिठाई खिला जमकर की आतिशबाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अभिजित कमल नेतृत्व में कॉग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दोष मुक्त करने पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शहर के रंका मोड़ पर एक दूसरे को मिठाई खिला कर और पठाके फोड़ कर खुशी मनाया। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष अभिजित कमल ने कहा की राहुल गांधी युवाओं के दिल की धड़कन हैं और वो मजबूती से युवाओं के बेरोजगारी के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला नफरत पर प्यार की जीत है। पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव ने कहा की सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला से पूरा देश खुश है और राहुल जी के साथ सदन में इंडिया की आवाज मजबूत होगी। प्रदेष सचिव श्री कांत तिवारी ने कहा की सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से देश वासियों का न्यायपालिका और लोकतंत्र में आस्था मजबूत हुआ है। अतः सत्य से विमुख होने की जरूरत नहीं है क्योंकि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं।जिस तरह से सर्वोच्च न्यायालय ने लोकतंत्र की स्मिता को बचाया है उससे ऊर्जा का संचार हुआ है। पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद तूफानी ने कहा की यह लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत हैं। सुरेंद्र नाथ तिवारी ने कहा की संविधान पीठ का यह निर्णय साबित करता है की भारत में लोकतंत्र दीर्घायु है। अलख निरंजन चौबे ने कहा की राहुल गांधी के पक्ष में आया फैसला भारतीय संविधान और लोकतंत्र की बड़ी जीत है। मणिपुर और मध्यप्रदेश के सिद्धि के घटना के बाद लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास विफल रहा। इस मौके पर ईश्वरी चौधरी जिला संगठक सेवा दल तिरपुरारी सिंह , कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मोसाहिद हुसैन, आलोक कुमार यादव, प्रियांशु दुबे, युवा कांग्रेस जिला महासचिव रोहित पांडे, सचिव जवाहर चौधरी,सचिव धर्मजीत कुशवाहा प्रखंड अध्यक्ष डंडा राम सनेश मेहता और काफी संख्या में युवा कांग्रेस के लोग उपस्थित थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 214

# प्रभात मंत्र

रविवार
06.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
कोई फायदा नहीं होता जिन्दगी पर लगाम लगाने का ये नहीं मुड़ेगी, आपके मोड़ने से..

ताजा खबरों के लिए देखें

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

## क्विक न्यूज

### ट्रैक्टर ट्रॉली और कैंटर की भिड़ंत में 5 लोगों की मौत

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के हाथरस में दर्दनाक हादसा हुआ। थाना सहपऊ क्षेत्र में बीती रात को एक ट्रैक्टर ट्रॉली तथा डंपर में हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई है। ये हादसा इतना दर्दनाक था कि इसमें दर्जनभर से ज्यादा लोग घायल हैं।सादाबाद-जलेसर रोड पर सहपऊ क्षेत्र में नलगा ब्राह्मण के पास शुक्रवार देर रात श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली कैंटर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। कैंटर चालक वहां से भाग गया। हादसे में करीब दर्जनभर श्रद्धालु घायल हैं। बता दें कि पांच लोगों की इस हादसे में मौत हो गई है। घायलों को आगरा और अलीगढ़ रेफर किया गया है। घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### कुलगाम मुठभेड़ में तीन जवान बलिदान

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 की वर्षगांठ पर दहशत फैलाने आए आतंकियों के दल को सुरक्षाबल ने शुक्रवार शाम दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में घेर लिया। शुक्रवार शाम को आरंभ हुई इस मुठभेड़ में तीन जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। सूत्रों के अनुसार करीब चार से पांच आतंकी घेराबंदी में फंसे हुए हैं। इनमें से दो विदेशी हो सकते हैं ऐसा माना जा रहा है।

### आतंकवादियों को ढूंढ़ निकालने के लिए ड्रोन का किया जा रहा इस्तेमाल

**कुलगाम :** कुलगाम के हलान पहाड़ी व वन क्षेत्र में छिपे तीन से चार आतंकवादियों को ढूंढ़ निकालने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। क्षेत्र में शुक्रवार देर रात मुठभेड़ के दौरान भारतीय सेना के तीन जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे।इलाके में चल रही मुठभेड़ में भारतीय सेना के पैरा स्पेशल फोर्स को भी जारी अभियान के लिए भेजे जाने की जानकारी है। साथ ही इलाके में छिपे आतंकियों का पता लगाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। हलान के इस पहाड़ी व वन क्षेत्र में सुरक्षा बल गहन तलाशी अभियान चला रहे हैं।

### देवघर में वंदे भारत ट्रायल ट्रेन का हुआ ठहराव

**रांची:** देवघर से सटे जसीडीह स्टेशन पर गहमा-गहमी रही। बहुप्रतिक्षित हावड़ा-पटना रूट पर वंदे भारत ट्रेन की परीक्षण यात्रा शुरू की गई है। पटना से चलकर मोकामा, लखीसराय, जसीडीह, आसनसोल के रास्ते यह ट्रेन हावड़ा तक जाएगी। पटना से खुली यह ट्रेन शनिवार को दिन के 10 बजकर 58 मिनट पर जसीडीह स्टेशन पर पहुंची। यहां इस गाड़ी का दो मिनट के लिए ठहराव दिया गया। जसीडीह रेलवे स्टेशन के मैनेजर रवि शेखर मीडिया से कहा कि यह जसीडीह और देवघर के लिए बहुत बड़ी सौगात है।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड के 20 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

# आज होगा अमृत भारत स्टेशन योजना का आगाज

*** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे योजना का शुभारंभ**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 6 अगस्त को पीएम अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत करेंगे. इस योजना के पहले चरण में 508 से ज्यादा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जाएगा. इसमें झारखंड के कई रेलवे स्टेशन शामिल हैं.अमृत भारत स्टेशन योजना से जुड़ने वाले झारखंड के रेलवे स्टेशनों में, कोडरमा, रामगढ़, घाटशिला रेलवे स्टेशन समेत पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में आने वाले कुल 15 स्टेशन शामिल हैं. इस योजना के तहत चयनित रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर उन्हें स्मार्ट बनाया जाएगा और सुविधाएं बेहतर की जानी है. इस योजना के तहत यात्रियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान की जाएगी. जिसमें फ्री वाई-फाई, कियोस्क की सुविधाएं शामिल हैं. इसके अलावा स्टेशन पहुंच मार्ग, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग रूम, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट या एस्केलेटर, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क की सुविधा शामिल है.

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड के 20 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

#### योजना में धनबाद रेल मंडल के 15 स्टेशन शामिल

प्रारंभिक तौर पर धनबाद मंडल मंडल के अंतर्गत चयनित चन्द्रपुरा, गोमो, कतरास, नगर उंटारी, गढ़वा टाउन, पहारपुर, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, लातेहार, डालटनगंज, गढ़वा रोड, बरकाकाना, रेनुकूट और चोपन स्टेशनों पर इस योजना के तहत विकास कार्य किया जाएगा. ये स्टेशन आधुनिक भारत की भव्य तस्वीर पेश करेंगे. इन स्टेशनों पर यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित कि जाएगी. यात्रियों की सुचारू आवाजाही के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर के अलावा आधुनिक सुविधाओं से युक्त कॉनकोर्स, वेटिंग रूम और रिटेल क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं. साथ ही यात्रियों के आगमन-प्रस्थान एवं वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाएगी.



#### इतनी लागत से रेलवे स्टेशन का होगा विकास

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत धनबाद मंडल के चन्द्रपुरा- 26.50 करोड़, गोमो- 32.40 करोड़, कतरास- 26.90 करोड़, नगर उंटारी- 26.30 करोड़, गढ़वा टाउन- 25.50 करोड़, पहाड़पुर- 28.10 करोड़, पारसनाथ- 30.40 करोड़, हजारीबाग रोड- 28.10 करोड़, कोडरमा- 30.30 करोड़, लातेहार- 24.50 करोड़, डालटनगंज- 29.20 करोड़, गढ़वा रोड- 24.50 करोड़, बरकाकाना- 32.60 करोड़, रेनुकूट- 31.70 करोड़, चोपन- 30.90 करोड़ की लागत से विकास कार्य किया जाना प्रस्तावित है.

### पलामू लोक सभा के 4 स्टेशन को मिलेगा अमृत भारत स्टेशन योजना का लाभ

भारतीय रेलवे आधुनिकीकरण की दिशा में और केन्द्र सरकार के न्यू इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। देशभर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय प्रतिष्ठानों के रूप में विकसित करने का काम तेजी से किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 1309 रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है। जिसमें पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चार स्टेशनों क्रमशः डालटनगंज 29.2 करोड़, गढ़वा रोड़ (रेहला) 24.5 करोड़, गढ़वा टाउन 25.5 करोड़ एवं नगर उंटारी 26.3 उक्त चारों स्टेशनों के विकास के लिए टोटल 105 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। भारतीय विविधता की भव्यता को प्रदर्शित करते हुए यह पुनर्विकसित स्टेशन नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन और प्रतिस्थापन से सुसज्जित होंगे।

## इमरान खान गिरफ्तार, 3 साल की सजा, अयोग्य करार



**एजेंसी**

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पाकिस्तान की कोर्ट से बड़ा झटका लगा है. तोशखाना मामले में अदालत ने उनके खिलाफ तीन साल की सजा सुनाई है. कोर्ट के इस फैसले के बाद पुलिस ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया और कुछ देर बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. यह सजा जिला अदालत ने सुनाई है. कोर्ट के इस फैसले के बाद पाकिस्तान में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है.मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इमरान खान पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. कोर्ट के इस फैसले के बाद वह पांच साल के लिए चुनाव नहीं लड़ पाएंगे. इससे पहले पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में उनकी याचिका को खारिज कर दी थी. कहा जा रहा है कि पाकिस्तान की पुलिस उन्हें कभी भी गिरफ्तार कर सकती है.क्या है तोशखाना मामला- पाकिस्तान में बड़े नेताओं, हस्तियों, नौकरशाहों, अधिकारियों और अन्य देशों के द्वारा दिए गए उपहारों को यहां रखा जाता है. यहां कई बेशकीमती सामान भी होते हैं. इसपर सरकार का नियंत्रण होता है. इमरान खान पर आरोप है कि उन्होंने अपने शासन काल में तोशखाने में रखे कीमती सामानों को बेच दिया. इससे उन्हें 14 करोड़ रुपये मिले. इस तरह उन्होंने अपने पद का दुरूपयोग किया. यह घटना 2018 से 2022 के दौरान हुई.

**इससे पहले पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में उनकी याचिका को खारिज कर दी थी. कहा जा रहा है कि पाकिस्तान की पुलिस उन्हें कभी भी गिरफ्तार कर सकती है.**

## 3 लोगों की हत्या के बाद मणिपुर में फिर हिंसा और आगजनी



**एजेंसी**

**इंफाल :** मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की आग जल उठी है. बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार की रात मैतेई समुदाय के तीन लोगों की हत्या कर दी गई. इसके अलावा उपद्रवियों ने कई घरों में आग भी लगा दी. बिष्णुपुर पुलिस ने बताया कि मैतेई समुदाय के तीन लोगों की हत्या कर दी गई.

इसके अलावा कुकी समुदाय के लोगों के घरों में आग लगा दी गई. पुलिस सूत्रों का कहना है कि कुछ लोग बफर जोन को पार करके मैतेई इलाकों में आए और उन्होंने मैतेई इलाकों में फायरिंग की.

बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा इलाके से दो किमी से आगे तक केंद्रीय बलों ने बफर जोन बनाया है.जानकारी के मुताबिक, अनियंत्रित भीड़ ने बिष्णुपुर जिले में दूसरी आईआरबी यूनिट की चौकियों पर हमला किया और गोला-बारूद समेत कई हथियार लूटकर ले गए. मणिपुर पुलिस ने बताया कि भीड़ ने मणिपुर राइफल्स की दूसरी और 7टीयू बटालियन से हथियार और गोला-बारूद छीनने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें खदेड़ दिया.

इस बीच सशस्त्र बलों और उपद्रवियों के बीच गोलीबारी भी हुई, जिसमें कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए. सुरक्षा बलों ने उपद्रवियों पर जवाबी कार्रवाई भी की. मणिपुर पुलिस का कहना है कि स्थिति फिर से बेकाबू हो गई है. हथियार और गोला-बारूद लूटे गए हैं.

सुरक्षाबलों और उपद्रवियों के बीच गुरुवार की शाम को हिंसक झड़प हुई थी. हालात को काबू करने के लिए सुरक्षा बलों को हवाई फायरिंग के साथ आंसू गैस के गोले भी छोड़ने पड़े. इसके साथ ही मणिपुर के इंफाल और पश्चिमी इंफाल जिलों में कर्फ्यू में दी गई ढील वापस ले ली गई.




## छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर आज शनिवार को रांची की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी. छवि रंजन की ओर से अधिवक्ता अभिषेक चौधरी और अभिषेक सिंह ने बहस की. इस दौरान उन्होंने अदालत को बताया कि उन्हें सिर्फ मौखिक बयान के आधार पर आरोपी बनाया गया है. इसलिए उन्हें जमानत दी जानी चाहिए, वहीं ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने अपनी बहस में कहा कि लैंड स्कैम के प्रमुख अभियुक्त



छवि रंजन ही हैं. इसलिए इन्हें बेल नहीं दी जानी चाहिए. दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है.बता दें कि रांची के बड़गाई अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े केस में ईडी कई लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है.

इसमें रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़ागाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष का नाम शामिल है.

बता दें कि आईएएस छवि रंजन पिछले तीन माह से जेल में बंद हैं.

## वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में एसएस हाई स्कूल ओरमांझी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम में खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन उपस्थित हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि अगर प्राकृतिक की बनावट बनाए रखना है, तो प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाना चाहिए। इस अवसर पर बालक पाहन, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला, स्कूल के प्रभारी पुष्पा कुमारी, मुखिया दीपक बड़ाईक, उपमुखिया संतोष गुप्ता, सहित कई शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।

## संत माईकल स्कूल मुरी में ग्रीन डे मनाया गया




**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत माईकल स्कूल में शनिवार को ग्रीन डे अपार हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वर्ग नर्सरी से वर्ग द्वितीय के छात्रों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बच्चे हरे रंग के परिधान में आए। बच्चे आम, पेड़, अंगूर, हरा मकई, भिंडी, मिर्च, पालक, कद्दू, पपीता, अमरूद आदि परिधान में आए। हरा रंग जो समृद्धि और उर्वरता का प्रतिनिधत्व करता है। इसी विचार के साथ बच्चे जिस परिधान में आए थे उसके बारे में बताए।इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रीना साहु ने किया। उन्होंने बच्चो को हरियाली के फायदे के बारे में जागरूक किया। बच्चे को हरा फल एवम् सब्जियां खाने के फायदे के बारे में बताएं। इस कार्यक्रम में स्कूल के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने कहा कि प्रकृति के बिना मानव जीवन संभव नही है। ऐसे में बेहद जरूरी है की हम पेड़ पौधों, जंगलों, नदियों, भूमि, पहाड़ सबसे महत्व को समझकर उसकी रक्षा करे। मौके पर स्कूल प्राचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने हरियाली के महत्वों को बच्चो को समझाते हुए सभी बच्चो से अपने अपने घर में एक एक पेड़ लगाने की बच्चों से प्रतिज्ञा ली। सभी बच्चों ने कहा कि हम घर जाकर एक एक पेड़ जरूर लगाएंगे।स्कूल के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने बच्चो से कहा कि हमे ज्यादा से ज्यादा हरी सब्जी का प्रयोग करना चाहिए। हरा सब्जी खाने से हम तंदुरुस्त रहते हैं आंखों की रौशनी बढ़ती है। इस मौके पर उन्होंने बच्चो को उनकी सुंदर प्रस्तुति के लिए उनको बधाई दी एवं उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवम् शिक्षिकाएं दीपिका कुमारी, सीमा कुमारी, श्वेता सिंह, शोभा शर्मा, श्वेता रेजिस भेंगरा, अनुरिमा कुमार, प्रशांत गौराई आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय जूनियर वुशु प्रतियोगिता के लिए कोयलांचल के खिलाड़ी पटना हुए रवाना



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के वुशु खिलाड़ी चतरा जिला वुशु संघ के बैनर तले पटना में होने वाले राष्ट्रीय जुनियर वुशु प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कोयलांचल क्षेत्र से पटना के लिए रवाना हुए। मिली जानकारी के मुताबिक बिहार के पटना के कंकड़बाग पाटलिपुत्र स्पोर्टस कम्पलेक्स मे छः अगस्त से ग्यारह अगस्त तक छः दिवसीय 22 वां राष्ट्रीय जुनियर वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें शामिल होने के लिए पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कुल 9 खिलाड़ी चतरा जिला वुशू संघ के बैनर तले झारखण्ड जुनियर वुशू दल मे शामिल होकर पटना के लिए रवाना हुआ।इस प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले खिलाड़ियों मे शिवम् ऊरांव,विक्रम गंझु, रौशनी कुमारी,तनु कुमारी, शीतल कुमारी,ईभा कुमारी, शुमो कुमारी,राज कुमार,और अमन अंसारी का नाम शामिल है।प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जा रहे सभी खिलाड़ियों को कोच रजी अहमद ने विदा किया। इस दौरान सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में नगर निकाय के विभिन्न योजनाओं से संबंधित बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में नगर निकाय के विभिन्न योजनाओं से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी जलापूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), दीन-दयाल अन्त्योदय-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं राजस्व संबंधित समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त द्वारा योजनाओं की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान बताया गया कि शहरी जलापूर्ति योजना, खूँटी विश्व बैंक संपोषित सरकार की महत्वकांक्षी योजना है और इसके पूर्ण होने से खूँटी नगर निकाय को सहज रूप से शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा। उपायुक्त द्वारा सम्बन्धित पदाधिकारियों को इसपर सतत निगरानी करने के निर्देश दिये गए। बैठक के दौरान शहरी जलापूर्ति के कार्य में तीव्रता लाने का निर्देश दिया गया। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रगति के विषय में नगर प्रबंधक द्वारा विस्तार से विभिन्न बिंदुओं पर कार्य प्रगति की जानकारी दी गई। उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि योजना के तहत लंबित कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाय। इसके साथ ही बताया गया कि मुख्यमंत्री श्रमिक योजना अन्तर्गत निकाय स्तर पर जॉब कार्ड/कार्य के इच्छुक अकुशल श्रमिकों से आवेदन प्राप्त कर जॉब कार्ड निर्गत किया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को योजना के माध्यम से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नवनिर्मित बस पड़ाव के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। इन दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के सम्बंध में समीक्षा कर उचित दिशा-निर्देश दिए गए।

## खलारी के मासिक गुरूगोष्ठी में कार्यसूची की समीक्षा हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** राजकीय मध्य विद्यालय खलारी में शैक्षणिक गुरूगोष्ठी का आयोजन किया गया. अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सरवरीनाथ चौरसिया ने किया. बैठक में विद्यालयों से संबंधित विभिन्न कार्यसूची की समीक्षा की गई.जिनमें विद्यालय स्तरीय 'खेलो झारखंड' की समीक्षा की गई तथा प्रतिवेदन लिया गया। इसके अलावा बैंक पोस्ट आफिस में विद्यालयवार खाता खुलवाने की समीक्षा, सावित्रीबाई फुले के तहत छात्राओं का पंजीकरण, 1 अगस्त का वर्गवार छात्र संख्या नवनामांकन, यू-डायस डाटा की प्रविष्टि, बेंच डेस्क, किचन शेड, बर्तन की आवश्यकता, पोषणवाटिका की समीक्षा, एमडीएम मासिक प्रतिवेदन, नवभारत साक्षरता मिशन के तहत सर्वेयर एवं समिति गठन की स्थिति, मध्य एवं उच्च विद्यालयों के लिए विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम, इंस्पायर अवार्ड, मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति हेतु आनलाइन डाटा की समीक्षा, कल्याण विभाग से मिलने वाले छात्रवृति हेतु आनलाइन डाटा की प्रविष्टि आदि की समीक्षा तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्री मैट्रिक छात्रवृति हेतु ई-कल्याण पोर्टल पर आवेदन करने पर चर्चा की गई. बैठक में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक उपस्थित थे.

## मिशन इंद्रधनुष के तहत सभी योग्य बच्चों एवं महिलाओं का अभियान चलाकर टीकाकरण किया जाएगा : सिविल सर्जन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तहत जिले के सभी योग्य बच्चों एवं महिलाओं को टीकाकरण अभियान चलाकर टीकाकरण किया जाएगा यह जानकारी जिले के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया डॉक्टर मांझी ने कहा कि यह अभियान तीन चरणों में सात अगस्त से बारह अगस्त ग्यारह सितंबर से सोलह सितंबर तथा नौ अक्टूबर से चौदह अक्टूबर तक चलाया जाएगा ।

इस अभियान में 416 गर्भवती महिला 2 वर्ष तक के 1686 बच्चे तथा 2 से 5 वर्ष तक के कुल 748 बच्चों का टीकाकरण किया जाना है इस टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए 237 एएनएम 869 सहिया भाग लेंगे इसके लिए एमओ एएनएम सहिया सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है मौके पर आरसीएच पदाधिकारी डॉ प्रभावती टोपनो डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि अशोक कुमार अमित कुमार सफीकूर आलम डीपीएम काननबाला तिर्की डीपीसी डॉ उदयन शर्मा डीडीएम श्वेता सिंह डीएएम विकास कुमार सिंह तथा सुनीता दास मौजूद थे।

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मनाई जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सजा पर गुजरात हाईकोर्ट को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने की खुशी में ओरमांझी ब्लॉक चौक पर जमकर आतिशबाजी किया गया।और मिठाइयां बांटी गई। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक के सलाहकार रमेश उरांव ने कहा की सत्य एवं न्याय की जीत है, और भारत देश 140 करोड़ जनताओं के भावनाओं की जीत है। हम सबों की नेता राहुल गांधी ने पूरे भारत देश में नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली है। उनका जीत है अर्थात मोहब्बत की जीत हुई।नरेंद्र मोदी सरकार अर्थात भाजपाइयों कि जो गलत मानसिकता थी, उन लोगों की हार हुई है। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सलाहकार रमेश उरांव, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरेश प्रसाद साहू, पूर्व उप प्रमुख मुंतज़िर अहमद रजा, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा, खाद आपूर्ति के विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी, मीडिया प्रभारी हरिमोहन महतो, शिबू साहू, रहीम अंसारी, इनाम अंसारी इत्यादि उपस्थित थे।

## विधायक ने मांडर के नगड़ा में हर घर जल नल योजना का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** शनिवार को जल मिशन योजना के तहत हर घर जल नल योजना का आधारशिला की नीव नगड़ा पंचायत मे मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रखी। योजना की आधारशिला रखने से पूर्व विधायक ने कार्यक्रम मे उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए योजना के बारे मे विस्तार से बतलाया कि इस योजना के तहत पंचायत के सभी गाँवो के सभी घरों मे पानी पहुँचाने का लक्ष्य लिया गया है। इस योजना मे प्रत्येक गांव के 20 या 40 घरों मे एक बोरिंग कर, उसकी प्रकार गांव के 200 घरों मे 5 बोरिंग द्वारा पम्प के मदद से पानी दिया जाना है। गर्मी के मौसम मे पानी को लेकर ग्रामीण परेशान रहते थे, उसे दूर करने का काम किया जाना है। विधायक ने बैठक मे अपने एक साल के कार्यकाल मे कितने योजनाओं को अपने मांडर विधानसभा क्षेत्र के धरातल मे उतारा है एवं काम कराया है उसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। विधायक बैठक मे झारखंड सरकार द्वारा जिन जिन योजनाओं को लाया गया है उनकी भी जानकारी दिया और उसका लाभ भी लेने को ग्रामीणों को कहा। विधायक ने यह भी कहा अगर योजनाओं की विस्तार से जानकारी चाहिए तो ब्लॉक मे जा कर बड़े पदाधिकारी से जानकारी ले। विधायक ने ग्रामीणों को गांव की विभिन्न समस्याओ को भी सुनी और उसका निदान कराने का भरोसा भी दिलाया। मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, तबारक खान, अर्जुन महतो, पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित रहे।

## माउंट हेरा स्कूल में दो दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखण्ड के माउंट हेरा स्कूल में आई फ़्लू संक्रमण को देखते हुए दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।पहला दिन बच्चो और अभिभावकों का नेत्र जांच कराया गया। इसमे थर्ड आई क्लिनिक के डॉक्टर विशाल कुमार चौधरी एवं स्वाति सुमन की टीम के द्वारा नेत्र जांच किया गया। और उन्हें ड्रॉप और चश्मा बांटा गया। स्कूल में बच्चो के साथ साथ अभिभावकों ने भी भागीदारी निभाई। मौके पर माउन्ट हेरा स्कूल के प्रबंधक आफताब आलम ने कहा कि अभी जो आई फ्लू की बीमारी फैली हैं। ज्यादातर बच्चों में संक्रमण बहुत तेजी से फैल रही है। इसी को देखते हुए नेत्र जांच शिविर लगाया लगा कर बच्चों को संक्रमण से रोकथाम के उपाय बताए गए। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक मो आफताब आलम , सचिव अंजुम परवीन, शम्स नदीम , इस्तियाक आलम, मौलाना महफ़ूज़ आलम , शहजादी खातून, रुही परवीन, रूफी परवीन, तरन्नुम जहाँ, फरहत बानो और करण लिंडा के अलावा विद्यालय के सह कर्मी इत्यादि उपस्थित थे।

## विधायक ने की शहीद जीत राम बेदिया की आदम कद प्रतिमा लगाने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप जी ने झारखण्ड विधान सभा के मानसून सत्र में शून्यकाल के माध्यम से शहीद जीतराम बेदिया एक स्वतंत्रता आंदोलनकारी थे जो शहीद शेख़ भिखारी उमराव टिकैत सिंह के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में इनका पूर्ण सहभागिता एवं योगदान था। शहीद जीतराम बेदिया को भी झारखंड के अन्य शहीदों के तर्ज पर झारखंड की पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाए तथा शहीद जीतराम बेदिया के पैतृक गांव ओरमांझी प्रखंड के गगारी को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करते हुए आदमकद मूर्ति की स्थापना की मांग आसन के माध्यम सरकार से मांग रखी।

## ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट ट्रस्ट की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित डीएवी के प्रांगण में ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता राहुल राम और संचालन सोनु गुप्ता ने किया।बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा करते हुए क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार देने पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समस्याओं के निदान और बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ना है,जिसके लिए सभी जिलों के प्रखंड और पंचायतों में ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में इस ट्रस्ट से जोड़ा जा रहा है।बैठक मे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में बढ़ते आई फ्लू के प्रकोप के रोकथाम को लेकर ट्रस्ट ने ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है।बैठक मे जाहिद अली,दिनेश राम, अमित राम,सोनू साहू, मोहम्मद आसिक,आकाश उरांव,मोहम्मद इम्तियाज, देवेंद्र कुमार,अजीत कुमार, राहुल राम,बबलू गंझु,विनोद राम,रूपलाल गंझु,विक्रम गंझु,मोहम्मद इम्तियाज सहित कई लोग मौजूद थे।

## पिपरवार के चिरैयाटांड़ में हुई विस्थापित ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयाटांड बजारटांड में विस्थापित ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता आशिक अली और संचालन जितेन्द्र कुमार ने किया।बैठक मे डीजल,पार्टस,टायर की मूल्यों में वृद्धि के कारण भाड़ा वृद्धि को लेकर विचार विमर्श किया गया।इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2020-21 मे तय किए गए भाड़ा का भुगतान करने पर सहमति बनी।इसके अलावा विस्थापित ट्रक ओनर एसोसिएशन का गठन करने पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण ट्रक मालिकों को काफी परेशानी हो रही है,ऐसे में पुराना भाड़ा को लागू करने का निर्णय लिया गया है। वक्ताओं ने कहा कि भाड़ा वृद्धि का भुगतान नहीं होने पर पिपरवार क्षेत्र में जोरदार आंदोलन किया जाएगा।बैठक में क्षेत्र के सभी ट्रक मालिकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सभी को एकजुट होने का आह्वान किया गया।बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा ने भाड़ा बढोतरी का समर्थन किया है। कम भाडा भुगतान होने पर ट्रक ऑनरो ने ट्रक को स्वेच्छा से खडा करने का निर्णय लिया।बैठक में बिजय महतो, सुनील गंझू ,रामबालक गंझू, रचित गंझू, विकास दुबे, इदरीस अंसारी, लियाकत अंसारी,सलीम जावेद, श्रवण महतो,अमर महतो, अब्दुल्लाह, इरफान आलम, नईम अंसारी, विकाश कुमार, वसीम रजा, लक्ष्मन राम, बदरूद्दीन अंसारी, सलकू गंझू, वसीम अकरम, बासुदेव महतो, हेमराज महतो, मोहम्मद गुफरान, नईम अंसारी, सुरेश महतो, मंगल सिंह, उस्मान अंसारी, मोहम्मद इफ्तेखार,मोहम्मद असगर, तबरेज आलम, मोहम्मद सैफ, संजय राम, अर्जुन महतो, शेखर महतो, महेश महतो,मोहम्मद गड्डे, बसारत अंसारी,फुलेश्वर महतो सहित काफी संख्या में ट्रक मालिक मौजूद थे।

## डीएवी खलारी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस से किया सभी को मंत्रमुग्ध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डीएवी स्कूल खलारी में सह-शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया. इस मौके पर कक्षा एलकेजी से बारहवीं तक के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इसमें कक्षा एलकेजी से कक्षा दो तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई थी.फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चे महात्मा गांधी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह, स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी विवेकानंद, बाल गंगाधर तिलक, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, सावित्रीबाई फुले आदि महापुरुषों की वेशभूषा में भाग लिए. तीसरी से पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए देशभक्ति गीत प्रतियोगिता, माध्यमिक कक्षाओं के लिए ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, वहीं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन सदन अनुसार करवाया गया. सभी प्रतिभागियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा. प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि हमें हार जीत की परवाह किए बिना विद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए. ये प्रतियोगिताएं हमें मानसिक रूप से समर्थ बनाती हैं. सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन में विद्यालय के सीसीए क्लब की विशेष भूमिका रही.

## दृष्टि आंख अस्पताल ने पंजाब नेशनल बैंक में लगाया नेत्र जांच शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक शाखा बचरा में शनिवार को दृष्टि आंख अस्पताल कटहल मोड़ रांची के द्वारा निन्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में अस्पताल के डॉक्टर मनोज कुमार के द्वारा कई लोगों के आंखों की जांच की गई।कैंप में अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराए गए आधुनिक मशीनों से लोगों की आंखों की जांच की गई। नेत्र जांच शिविर में आए हुए लोगों को आंखों से संबंधित होने वाले बीमारी और इसके रोकथाम को लेकर किए जाने वाले उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कोयलांचल क्षेत्र में तेजी से फैल रहे आई फ्लू से बचने को लेकर कई प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा बताया गया कि नेत्र जांच शिविर के माध्यम से मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों की पहचान कर उनका निन्शुल्क ऑपरेशन भी किया जाएगा।उन्होंने कहा कि अस्पताल के द्वारा समय समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह का शिविर लगाया जाता है,जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में इस तरह का शिविर जारी रहेगा।इस मौके पर शिविर मे प्रवीण ओझा,लाल खत्री,समीर तिर्की,राकेश चोपड़ा,डॉ मनोज कुमार, हीरालाल तिवारी, अजीत कुमार बरियार सहित अस्पताल के कई चिकित्सक कर्मचारी, ग्रामीण मौजूद थे।

## समाजसेवी शहनवाज ने एमजीएम में जरूरतमंद के बीच बांटा भोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से एमजीएम अस्पताल में इलाज करा रहे मरीज़ के अभिभावक, अटेंडर और रिश्तेदारों के बीच 500 लोगो को दोपहर का भोजन समाज सेवी शहनवाज आलम के हाथों बाटा गया। शहनवाज आलम ने बताया की पिछले वर्षो से इस तरह के समाजिक कार्य को किए जाने की खबर पढ़ता था, इसी कड़ी में आज जरूरतमंद के बीच भोजन का वितरण कर रहा हूं। आज के इस कार्यक्रम में समाज सेवी नवाब, साइड, मोहम्मद रेयान, आरिज़ जननान, आसिफ अख्तर, ट्रस्ट के अध्यक्षा मतिनुल हक अंसारी, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान, फहद एहसान, शाहिद परवेज़, फिरोज़ आलम, हाजी अयूब अली, शेक निजाम, हाजी फिरोज़ असलम, नादिर खान, ताहिर हुसैन, मोइनुद्दीन अंसारी खास तौर से उपस्तित थे।



## बेल्डीह स्पोर्ट्स कॉर्नर ने 100 फलदार पौधे लगा दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को बेल्डीह स्पोर्ट्स कॉर्नर द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया गया। इस दौरान छात्रों ने करीब 100 फलदार पौधे लगाए।संस्था के सदस्य शहाबुद्दीन ने कहा पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण करना हमारा दायित्व है। सभी को अपने स्तर पर पर्यावरण बचाने पर योगदान देना चाहिए। आसपास लगे पेड़ों को जीवित रखें उनकी देखभाल करें। पौधारोपण कार्यक्रम में हम छात्रों एवं बच्चों को शामिल करें ताकि आने वाले समय में उनके अंदर की जागरूकता पैदा हो। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रत्यूष रजक, सहदेव, रंजीत प्रमाणिक,अंजली कुमारी ,श्रीकांत ,रजनी, फिरासत, कुमार हर्ष, दिवाकर और भावेश उपस्थित थे।



## लिंडे ने महिला पेशेवरों के लिये लॉन्च किया कॅरियर इनेबलिंग प्रोग्राम

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुनिया की प्रमुख औद्योगिक गैस कंपनी लिंडे ने हाल ही में एनकोर प्रोग्राम को लॉन्च किया। यह प्रोग्राम विशेष रूप से ऐसी महिला पेशेवरों के लिये तैयार किया गया है, जो एक सबैटिकल (प्रोत्साहन अवकाश) के बाद अपना कॅरियर दोबारा शुरू करना चाहती हैं। एनकोर प्रोग्राम उन महिला पेशेवरों की प्रतिभा और क्षमता को सामने लाना चाहता है जिन्होंने अभी कॅरियर से ब्रेक लिया हुआ है और वे खुद को दोबारा प्रशिक्षित करने के साथ ही अपने कौशल को फिर से निखारना चाहती हैं। यह प्रोग्राम विभिन्न कार्यक्षेत्रों जैसे कि परिचालन, वितरण, बिक्री और वित्?त में सीखने का एक शानदार अनुभव देता है, ताकि इसमें भाग लेने वालों को अनुभवी पेशेवरों के साथ काम करने की योग्यता मिल सके। इस प्रोग्राम की योग्?यता के लिये आवेदकों को सबैटिकल से पहले काम का कम से कम 3 साल का अनुभव होना चाहिये।

## कांग्रेस नेता अंसार ने बारिश में खराब हुए स्ट्रीट लाइट को कराया दुरुस्त

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवारक को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देशानुसार पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि एवं कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष अंसार खान के नेतृत्व में मानगों के कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया गया। अंसार खान ने कहा लगातार बारिश होने के कारण मानगों के क्षेत्रों की स्ट्रीट लाइट काफी खराब हो गई हैं। आज जवाहर नगर रोड नंबर 14 और जवाहर नगर क्रॉस रोड नंबर 14, जवाहर नगर रोड नंबर 12 नियर विनस पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर रोड नंबर 12 क्रॉस रोड नंबर 5, जवाहर नगर रोड नंबर 12 जहूर बागान नियर फातमा मस्जिद और मुर्दा मैदान, रोड नंबर 3 आजाद नगर, रोड नंबर 8 आजाद नगर, पुरुलिया रोड नंबर 15 और मानगो के अन्य क्षेत्रों में काम किया गया। मौके पर मानगो नगर निगम के सिटी मैनेजर निषात ने इलेक्ट्रिशियन रिंकू, ऑटो ड्राइवर नितेश कुमार को भेजा। अंसार खान का सहयोग मोहम्मद शमसी, मोहम्मद शहंशाह खान आदिल खान ने सहयोग किया।



## राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर झारखंड महिला इंटक महासचिव रिंकू रॉय ने देविका सिंह को दी बधाई

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुझारू महिला नेत्री देविका सिंह को राष्ट्रीय महिला इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर झारखंड महिला इंटक की महासचिव रिंकू रॉय ने उन्हें बधाई दिया है। रॉय ने उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि देविका सिंह एक मेहनती, ईमानदार और एक अच्छी शख्सियत हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन कामकाजी महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि देविका सिंह को महिला इंटक का राष्ट्रीय कमान सौंपे जाने से निश्चित रूप से पार्टी संगठन पूरे देश में मजबूत होगी और आने वाले चुनाव में महिला इंटक एक सशक्त भूमिका के रूप में अपना प्रदर्शन करेगी।



## विवेक विद्यालय के मानसून बोनांजा में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर, मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के प्रांगण में प्री प्राइमरी अनुभाग के द्वारा मानसून बोनांजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आईडीबीआई बैंक, टेल्को शाखा के प्रबंधक देवेन्द्र पॉल सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित थे। विद्यालय के प्राचार्य, ऑफिस हेड, एवं बच्चों ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्री प्राइमरी के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेन्द्र पॉल सिंह ने बच्चों को गतिविधि द्वारा पढ़ाई करने के लिए हौसला अफजाई की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। ।

## राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट का स्टे लगते ही खरसावां कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट के स्टे लगते ही कांग्रेस पार्टी के खरसावां प्रखंड अध्यक्ष कोंदो कुंभकार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खरसावां चौक पर जमकर आतिशबाजी कर फटाके फोड़े व एक दूसरों को मिठाईयां बांटकर खुशियां मनाई। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित खूंटी लोक सभा के पूर्व प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि पूरे देश और कांग्रेसजनों के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन है। आज असत्य पर सत्य की जीत हुई है। लोकतंत्र की जीत हुई है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष श्री कुंभकार ने कहा कि तानाशाही भाजपा और मोदी सरकार की हार हुई। जश्न मनाने में मुख्य रूप से पूर्व सांसद प्रत्याशी कालीचरण मुंडा,प्रदेश महासचिव पीटर मुंडू, प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा, युवा जिला अध्यक्ष मुकेश मुदुईया, प्रखंड अध्यक्ष कोंदो कुंभकार, शंकर लोवादा, बलभद्र महतो, सौरभ तांती, अनुप्रिया सोय, कन्हैयालाल सामाड, अमरूल्ला अंसारी, अनावरूल हक, सौकत अली, विरेंद्र कुम्हार, वीरेंद्र नायक, आदि थे।

# संस्कृत शिक्षिका की प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग पर छात्रों ने किया काटिन चौक को जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत प्लस 2 आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने शनिवार की दोपहर को अचानक काटिन चौक को पूरी तरह से जाम कर दिया। इससे बोराहभूम-बांदोवान मुख्य सड़क व पटमदा-काटिन लिंक रोड पर दर्जनों वाहनों की कतार लग गई। दोपहर करीब 3 बजे स्कूल छुट्टी होने के बाद सड़क पर उतरे छात्र-छात्राओं ने एक शिक्षिका की जमशेदपुर में हुई प्रतिनियुक्ति को रद्द करने की मांग पर विरोध-प्रदर्शन किया। इसके बाद आंदोलनकारियों को समझाने पहुंचे शिक्षकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी बरेलिया से दूरभाष पर बात कराई। आश्वासन मिला कि संस्कृत शिक्षिका नम्रता कुमारी की प्रतिनियुक्ति रद्द कर दी जाएगी और पूर्व की भांति वह इसी स्कूल में पढ़ाएंगी। करीब आधे घंटे की जाम के बाद सभी छात्र-छात्राएं अपने-अपने घर लौट गए। इस संबंध में एक शिक्षक ने बताया कि शिक्षिका नम्रता कुमारी का प्रतिनियोजन सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेन्स जमशेदपुर बालिका स्कूल में जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से हो गया था। स्थानीय अभिभावक बताते हैं कि बांगुड़दा में पहले से ही शिक्षकों की कमी है इसके बावजूद एक शिक्षिका को यहां से हटाने की खबर मिलने के बाद विद्यार्थियों व अभिभावकों में विभाग के प्रति काफी रोष है।

## तजम्मुल बने राष्ट्रीय भ्रष्टाचार व जन कल्याण संगठन के राज्य महासचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर निवासी मुस्लिम सेंट्रल अंजुमन चक्रधरपुर के के अध्यक्ष मोहम्मद तजम्मुल हुसैन उर्फ जॉनी को राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जन कल्याण संगठन का झारखंड प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। इस संबंध में संगठन के नेशनल चीफ सेक्रेटरी ने मनोनयन पत्र जारी किया है। राज्य महासचिव बनाए जाने पर तजम्मुल हुसैन ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा जरूरतमंदों की सेवा करना एवं लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। कहा कि पूर्व में भी संगठन में रहते हुए जन कल्याण के कई कार्य किये है। पूर्व के अनुभव एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी व सदस्यों के साथ जनसेवा के कार्य करेंगे। इधर तजम्मुल के मनोनयन पर शिक्षक संघ के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार मिश्रा, डॉक्टर मंगलेश पाठक, हाजी अरशद अहमद खान, हाजी अब्दुल हकीम, सरताज आलम, कमरुल शेख आदि ने बुके एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# एक्सपो इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 13-26 सितम्बर तक आमबगान साकची में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पी आर इंटरप्राइजेज, थिंक अनलिमिटेड दिल्ली द्वारा और आशी नेलसा इवेंट्स, के सहयोग से आगामी 13 से 26 सितम्बर 2023 तक साकची आमबगान मैदान में आयोजित होने जा रहा है । जमशेदपुर एक्सपो इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2023 का ब्रोशर लांचिंग किया गया। मौके पर अतिथि के रूप में कृष्णा भलोटिया,अध्यक्ष जमशेदपुर मोटर डीलर एसोसिएशन, मानव केडिया, महासचिव सिंहभूम चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, रवीश रंजन, अध्यक्ष, जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन, सुरेंद्र (टीटू), सतवीर सिंह सोमू, भाजपा नेता, एवं कपड़ा थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष अनिल मोदी जमशेदपुर, उपस्थित थे। इवेंट प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर आशीष ने बताया, एक्सपो में एक ही छत के नीचे 1000 से अधिक उद्यमी और एक्सिबिटर हिस्सा लेंगे। बी टू बी और बी टू सी बिज़नेस ट्रेड शो में उद्यमी 250 से अधिक स्टाल्स लगाएंगे। एक्सपो में 150 से अधिक व्यापारिक और औधोगिक संगठन भागीदारी निभाएंगे, इसके साथ ही व्यापारियों को एक- दूसरे के व्यवसाए को जानने और समझने का अच्छा मौका मिलेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से अतिथियों के अलावा बिकास सिंह, रितेश सिंह, फ़िरोज़, अशोक कुमार सिंह एवं संजय श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे।

# आदित्यपुर-गम्हरिया विकास समिति ने उप श्रमायुक्त का किया स्वागत

**उद्यमियों-कामगारों के बीच सामंजस्य स्थापित करुंगा : उप श्रमायुक्त**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** निवर्तमान उप श्रमायुक्त राजेश प्रसाद और नये उप श्रमायुक्त राकेश प्रसाद का स्वागत शनिवार को आदित्यपुर-गम्हरिया विकास समिति द्वारा आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में शॉल ओढ़ाकर, बुके प्रदान कर एवं लड्डू खिलाकर सम्मानित किया गया। मौके पर जमशेदपुर के नये उप श्रमायुक्त सह अपर निबंधक, श्रमिक संघ, झारखंड, रांची राकेश प्रसाद ने कहा कि हमारी तीन प्राथमिकता रहेगी। जिसमे जो भी अधिनियम इस विभाग में आएंगे, उसका शत प्रतिशत लाभ कामगारों को दिलाना, उद्यमियों और कामगारों के बीच सामंजस्य बनाकर रखना और जो भी योजनाएं असंगठित श्रमिको के लिए आएगी, उसका लाभ उन्हें दिलाएं। वहीं निवर्तमान उप श्रमायुक्त राजेश प्रसाद ने कहा कि उन्होंने जमशेदपुर में श्रमिक और उद्योगों के लिए बहुत सारे कार्य किये, जिसका हमें संतुष्टि है। इस मौके पर अपर श्रमायुक्त अजित कुमार पन्ना, श्रम अधीक्षक जमशेदपुर-2 और चतरा अरविंद कुमार, एवं जमशेदपुर- 1, सरायकेला, चाईबासा के श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर भी मौजूद थे। स्वागत करने वालों में पुरेंद्र नारायण सिंह के अलावे कुमार विपिन बिहारी प्रसाद, शैलेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

## पटमदा के माचा मध्य विद्यालय में 10 दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के माचा-बिड़रा मध्य विद्यालय में इन्फॉर्मेशन एवं कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। अंतिम दिन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) प्रभाकर कुमार ने केंद्र का निरीक्षण भी किया। एडिक सॉल्यूशन द्वारा 5 स्कूलों के 20 शिक्षकों को दिए गए आईसीटी प्रशिक्षण में शिक्षकों को कंप्यूटर प्रेजेंटेशन, ऑफिस वर्क, एक्सेल में डाटा इंट्री व राइटर से आवेदन तैयार किए जाने की जानकारी दी गई। शुक्रवार को प्रशिक्षण केंद्र पहुंचे जिला समन्वयक संपद मंडल ने जायजा लिया। इस संबंध में एडिक सॉल्यूशन के प्रशिक्षक प्रफुल्ल महतो और सनत कुमार पात्र ने बताया कि पटमदा और बोड़ाम प्रखंड के 5 स्कूलों के 20 शिक्षकों को 25 जुलाई से 10 दिवसीय स्कूल संचालन अवधि (समय 9 बजे से 3 बजे तक) में पूरी लगन के साथ कंप्यूटर पर आधारित आईसीटी प्रशिक्षण दिया गया जो आज संपन्न हुआ।

# झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक के विरोध में एबीवीपी ने फूंका हेमंत सोरेन का पुतला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरायकेला इकाई ने काशी साहू कॉलेज परिसर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर उपस्थित छात्र नेताओं ने बताया कि वर्तमान समय में हेमंत सरकार द्वारा जो झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक पारित किया गया है, जो अंग्रेज़ी हुकूमत की रॉलेट एक्ट की भांति छात्रों के लिए एक काला कानून साबित होने जा रहा है। उक्त विधेयक के कुछ प्रमुख बिंदु के कारण ये विधेयक गैर संवैधानिक है,जैसे किसी छात्र को सिर्फ आरोप पत्र दाखिल होने पर ही परीक्षा से वंचित कर देना। प्रारंभिक जांच के बिना ही किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जा सकता है, उस पर प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है। जबकि इसी प्राथमिकी के आधार पर परीक्षार्थी को परीक्षाओं से वंचित करने का भी प्रावधान है। सिर्फ चार्टसीट हो जाने के आधार पर किसी परीक्षार्थी को परीक्षा देने से वंचित कर देना गैरकानूनी है। भारतीय संविधान कहता है कि दोष सिद्ध ना होने तक कोई व्यक्ति दोषी नहीं माना जा सकता है। जांच चलने तक उसे परीक्षा में शामिल ना होने का आदेश देना एक काला कानून है क्योंकि भारतीय न्याय व्यवस्था में इस तरह के मामलों के निर्णय तुरंत नहीं आते। दूसरी बात प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उम्र की एक तय सीमा होती है, जांच के दौरान अगर अधिक वर्ष लग जाता है तो परीक्षार्थी का जीवन ऐसे ही निष्फल हो जाता है। जांच और अन्वेषण की आवश्यकता ना होना , इस विधयेक को भी गैर संवैधानिक बनाता है। इस अवसर पर परिषद के विभाग संगठन मंत्री प्रताप सिंह, कोल्हान विभाग संयोजक बिकाश ठाकुर, निजी विश्वविद्यालय प्रमुख सनातन गोराई, पूर्व जिला संयोजक लक्ष्मण महतो, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय ज्योतिषी, परदुन, निशांत, संजय, श्रेष्ठ, सौरव, रवि, सोलोनी एवं अन्य उपस्थित थे।

## सड़क व पुलिया की मांग को लेकर मंगल सरदार उपायुक्त को सौंपेंगे मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** बनगांव प्रखंड के हूरंगदा पंचायत के अंतर्गत बनासाई गांव से लेकर बंदगोडा गांव तक लगभग 3 किलोमीटर पीसीसी सड़क और बीच में हासा इकिर नाला में पुलिया को लेकर ग्रामीणों द्वारा झारखंड पार्टी के जिला महासचिव मंगल सरदार तथा भालू पानी पंचायत के पंचायत समिति बाली सामाड को मांग पत्र सौंपा गया।

# केनाल बना हाथियों के रास्ता का रूकावट, फ्लाई ओवर बनाने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के मिलन चौक के पास केनाल में गज कारीडोर के पास पुल व पिलीद जंगल के पास सिल्ली रांगामाटी सड़क पर फ्लाइओवर बनाने की मांग हाथी मित्र तापस कर्मकार ने सरकार से किया है। बता दूं कि कांची सिंचाई परियोजना के बुंडू डिविजन का लोवाडीह से आदारडीह नहर पक्कीकरण हो जाने से हाथियों के रास्ते में सबसे बड़ा रूकावट हो गया है। इस नहर से हाथियों को पार होने के लिए पुल आदि का उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हाथियों को जन बहुल क्षेत्रों से नहर पार करना पड़ता है, जिससे हाथी और मानव संघर्ष होते रहता है। हाथी मित्र श्री कर्मकार ने बताया कि नहर में गांवों के पास जन बहुल क्षेत्रों में आदमी पार करने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा छोटा सा पुलिया और सीढ़ी का निर्माण कराया गया है और हाथियों का झुंड अक्सर उसी सीढ़ी या पुलिया पर नहर पार करता है या ग्रामीणों द्वारा गांव को सुरक्षित करने के लिए भगा दिया जाता है। वहीं बहुत तकलीफ़ से हाथियों को नहर पार करना पड़ता है, जिससे आए दिन हाथी मानव संघर्ष बढ़ने का डर बना रहता है। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक तौर पर जन बहुल क्षेत्रों में हाथियों का झुंड नहर पार करने पर ग्रामीण और बच्चे भी भगाने या देखने के लिए पीछे पीछे भागते हैं, जिससे कई बार घटना भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार और विभाग से मांग है कि हाथियों का कॉरिडोर को अवरूद्ध नही करते हुए नहर पर जन बहुल क्षेत्रों के दुदुरी पर जगह जगह पुल व सीढ़ियों का निर्माण कराया जाय, ताकि हाथियों और मनुष्य दोनो सुरक्षित रहे। उन्होंने पिलीद जंगल के पास सिल्ली रांगामाटी सड़क पर फ्लाइओवर निर्माण कराने का मांग किया है। उन्होंने कहा कि आए दिन पलीद जंगल पर सड़क के पास कई राहगीरों का हाथी द्वारा जान मार दिया गया है एवं वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। कहा कि फ्लाइओवर बनने से लोग रात को भी सुरक्षित सड़क पर आवाजाही कर सकते हैं।

# मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर लगे राष्ट्रपति शासन व मामले की जांच करे संसदीय कमेटी : सुधीर कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मणिपुर की घटना ने देश और विदेश के लोगों को चिंतित कर दिया। सभ्य समाज और लोकतांत्रिक देश ऐसा कैसे हो गया। मणिपुर की घटना से दुनिया को पता चला कि डबल इंजन की सरकार हर मामले में फेल है। मणिपुर में जो कुछ हुआ वह काफी निंदनीय और चिंतनीय है। वहां राज्य सरकार की संरक्षण में इस तरह की घटना हुई। पता चला कि मोदी सरकार आदिवासी विरोधी है आदिवासी समाज के साथ जो कुछ हुआ वह दुनिया को चिंता में डाल दिया। अधिवक्ता और राजद नेता सुधीर कुमार पप्पू ने एक बयान जारी कर उक्त बातें कहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 90 दिनों तक मणिपुर की घटना को नजर अंदाज करते रहे और मुंह नहीं खोला। जब सुप्रीम कोर्ट ने पहल की तो प्रधानमंत्री का एक बयान आया। अभी तक मणिपुर के मुख्यमंत्री पर कोई कार्रवाई प्रधानमंत्री ने नहीं की है जबकि देशभर से मांग उठ रही है कि वहां के मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। मणिपुर में करीब 150 आदिवासियों की हत्या कर दी गई सैकड़ों घर जला दिए गए राहत कैंप में 50,000 से अधिक लोग रहते हैं जान बचाने के लिए आदिवासी समाज के लोग जंगल में जाकर छुप गए हैं। उन्होंने कहा कि चिंता इस बात की है कि झारखंड में भी भाजपा के आदिवासी नेता मणिपुर की घटना पर मौन है और निंदा करने से भी परहेज कर रहे हैं। उनकी मांग है कि जल्द से जल्द मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और मामले की जांच संसदीय कमेटी से करवाई जाए।

## दुर्गा सोरेन सेना के जिलाध्यक्ष सन्नी सिंह 8 अगस्त को होंगे आजसू पार्टी में शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** दुर्गा सोरेन सेना के जिलाध्यक्ष सन्नी सिंह अपने समर्थकों के साथ आजसू में शामिल होंगे। आगामी 8 अगस्त को जमशेदपुर में आयोजित शहीद निर्मल महतो के श्रद्धांजलि सभा के दौरान वे समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में शामिल होंगे। इस बावत उन्होंने बताया कि उन्होंने दुर्गा सोरेन सेना को अपने स्तर से मजबूती प्रदान करने का भरसक प्रयास किया। जमीनी मुद्दा को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने का काम किया, किन्तु, आवाज बुलंद करने के नाम पर अपेक्षा के अनुसार उन्हें पार्टी नेतृत्व से समर्थन नहीं मिला। सन्नी ने बताया कि आजसू संघर्षो की पार्टी है जिसमे कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाता है। पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के व्यक्तित्व एवं उनके विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने आजसू पार्टी में जाने का फैसला लिया है। इसमे समर्थकों का भी उन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है।

## संपादकीय

# नूंह के मोनू-बिट्टू

**नूंह** का सांप्रदायिक अंधड़ फिलहाल शांत लगता है, लेकिन क्या दबा-छिपा है, उसकी संभावनाएं भी नहीं बता सकते। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने आदेश दिया है कि सरकारें तय करें कि कोई नफरती भाषण न दिया जाए। माहौल को भडक़ाया-उकसाया न जाए। हिंसा की कोई गुंजाइश न हो, लिहाजा अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएं। शांति और सौहार्द कायम रहना चाहिए। यह जिम्मेदारी हरियाणा, दिल्ली, उप्र और केंद्र की सरकारों की तय की गई है। अदालत ने जुलूस, रैली, प्रदर्शन आदि की वीडियोग्राफी और रिकॉर्डिंग के भी आदेश दिए हैं। फिलहाल सुनवाई जारी है। नूंह हिंसा के पूरे प्रकरण में मोनू मानेसर और बिट्टू बजरंगी, कथित गोरक्षकों, को 'खलनायक' चित्रित किया गया है। क्या सिर्फ दो हिंदूवादी चेहरों के कारण हरियाणा के एक संवेदनशील इलाके को हिंसा और दंगे की आग में झोंका गया? सांप्रदायिक दोफाड़ के हालात पैदा किए गए? छह मासूम मारे गए और 70 से अधिक घायल हुए। जिला अदालत की अतिरिक्त चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अंजलि जैन को, उनकी तीन साला बेटी के साथ, घंटों तक एक वर्कशॉप में छिपकर जान बचानी पड़ी। उनकी कार पर 100 से अधिक दंगाइयों ने पथराव के साथ हमला किया। क्या एक न्यायाधीश भी सांप्रदायिक हो गया? क्या यह हमला भी मोनू-बिट्टू के भडक़ाऊ वीडियो के कारण किया गया? अब नूंह के प्रवासी मजदूरों ने भी पलायन करना शुरू कर दिया है। उनमें कई मुस्लिम भी हैं। गुरुग्राम के समीप एक गुरुकुल पर दो बार हमले की कोशिश की गई। उन अनाम ग्रामीणों का बहुत आभार है कि उन्होंने जान की बाजी लगाकर गुरुकुल को खंडहर होने से बचा लिया। बेकसूर दुकानदारों और व्यापारियों को लूटा गया, उनके प्रतिष्ठान जला कर राख कर दिए, करोड़ों की संपत्ति तबाह कर दी गई और कुछ कारोबारियों को तो जान से मार कर सडक़ किनारे फेंक दिया गया। क्या ऐसे हालात मोनू और बिट्टू के कारण बन सकते हैं? कौन हैं ये दो चेहरे...? उनके खिलाफ हरियाणा में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं, फिर भी उन्हें 'जामाता' की तरह संरक्षण क्यों दिया जा रहा है? इस संदर्भ में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री के बयानों में ही विरोधाभास है। भाजपा और हरियाणा सरकार का बुनियादी अपराध यही है। दरअसल मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर हरेक घटना और टकराव के दौरान नाकाम साबित हुए हैं। चाहे वह जाट आरक्षण आंदोलन हो अथवा राम रहीम को अदालती सजा सुनाने के बाद भडक़ी जन-हिंसा हो! नूंह हिंसाकांड पर मुख्यमंत्री ने बयान दिया है कि पुलिस या सेना हरेक व्यक्ति को सुरक्षा नहीं दे सकती। यह यथार्थ हरियाणा और देश की जनता भी जानती है, लेकिन सरकार का अपना इकबाल होता है। कानून-व्यवस्था और खुफियागीरी के मायने क्या हैं? यदि सरकारें आम नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकतीं, तो इस्तीफा दें। अलबत्ता चुनाव में जनता फैसला कर देगी। आश्चर्य है कि सरकार आंकड़ों में गिना रही है कि बीते 5 सालों के दौरान, 2017-22 के बीच, नूंह में कोई भी, कभी भी, सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। बेशक शेष हरियाणा में सांप्रदायिक हिंसा और दंगों की 211 घटनाएं जरूर हुई हैं। इस अद्र्धसत्य पर भी अदालत में चर्चा होनी चाहिए। नूंह की सांप्रदायिक और नफरती लपटें गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोहना, पलवल आदि शहरों तक भी लपलपाती रही हैं। गुरुग्राम में 'ब्लू चिप' की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दफ्तर बाल-बाल बचे हैं। अलबत्ता दुनिया भर में हमारी 'साइबर सिटी' की साख पर बट्टा जरूर लग जाता! नूंह के सवाल और दोषारोपण सिर्फ मोनू, बिट्टू तक ही सीमित नहीं हैं। यह जिला 'लघु आतंकीस्तान' भी है। हिंसा, तनाव के दौरान भीड़ 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाती रही। नूंह से मात्र 20 किलोमीटर की दूरी पर, एक गांव में, मस्जिद बनाई जा रही थी, जिसकी फंडिंग पाकपरस्त आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' ने की थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इसीलिए मस्जिद पर छापा मारा था। वह केस अब भी जारी है, लेकिन मस्जिद का निर्माण रुकवा दिया गया है। नूंह हरियाणा का दूसरा सबसे गरीब और पिछड़ा जिला है। उसके बावजूद सांप्रदायिकता में अव्वल है। प्रार्थना है इस इलाके में अमन-चैन बना रहे।

> नूंह हिंसा के पूरे प्रकरण में मोनू मानेसर और बिट्टू बजरंगी, कथित गोरक्षकों, को 'खलनायक' चत्रित किया गया है। क्या सिर्फ दो हिंदूवादी चेहरों के कारण हरियाणा के एक संवेदनशील इलाके को हिंसा और दंगे की आग में झोंका गया? सांप्रदायिक दोफाड़ के हालात पैदा किए गए? छह मासूम मारे गए और 70 से अधिक घायल हुए। जिला अदालत की अतिरिक्त चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अंजलि जैन को, उनकी तीन साला बेटी के साथ, घंटों तक एक वर्कशॉप में छिपकर जान बचानी पड़ी। उनकी कार पर 100 से अधिक दंगाइयों ने पथराव के साथ हमला किया। क्या एक न्यायाधीश भी सांप्रदायिक हो गया? क्या यह हमला भी मोनू-बिट्टू के भडक़ाऊ वीडियो के कारण किया गया? अब नूंह के प्रवासी मजदूरों ने भी पलायन करना शुरू कर दिया है। उनमें कई मुस्लिम भी हैं। गुरुग्राम के समीप एक गुरुकुल पर दो बार हमले की कोशिश की गई। उन अनाम ग्रामीणों का बहुत आभार है कि उन्होंने जान की बाजी लगाकर गुरुकुल को खंडहर होने से बचा लिया।

## कुछ अलग

# सियासी नाले में सेब

**हिमाचल** में फल आर्थिकी का अधिकतम वजन सेब उठाता है या यही तस्वीर अब बागबानी की सियासत को मजबूत करती है। अंततः राजनीति के चश्मे गवाह हैं कि फलों का हिमाचली राजा सेब है और इसके नखरों में हवा है, तो नाराजगी में वफा है। इसमें दो राय नहीं कि मौसम की बेरुखी से सेब का संघर्ष वर्षों पुराना है, लेकिन यह भी मानना पड़ेगा कि सरकारें इसकी संवेदनशीलता को नजरअंदाज नहीं करतीं, फिर भी इस बार एक तथाकथित वीडियो ने 'सेब' को गलत तरीके से मुद्दा बना दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सेब फेंकने के वीडियो को फर्जी बता कर प्रशासनिक तौर पर ऐसी सियासत को दरकिनार किया है, लेकिन भाजपा ने मौसम के बिगड़े मिजाज से सियासत का मसाला निकाल लिया है। जाहिर है आपदा की इस घड़ी में प्रतिकूल परिस्थितियों से मुकाबला इतना भी आसान नहीं कि हर इंच पर बहाली हो जाए। कुछ भौगोलिक कठिनाइयां हमेशा रहेंगी और जब आसमान दैत्य बन जाए, तो राहत के इंतजाम हर बार एक नई कहानी बना देते हैं। बेशक कुल्लू, मंडी व शिमला की परिस्थितियों ने बागबानी के वार्षिक फलादेश पर कुठाराघात किया है, लेकिन यह समूचे हिमाचल की तस्वीर नहीं। फलोत्पादन की व्यापकता के बजाय सेब की पहचान में यह प्रदेश अपनी सियासत को तपाता रहा है और इस बार आलोचना के संदर्भ सोशल मीडिया तक जा पहुंचे। एक वायरल वीडियो ने इतने इल्ज़ाम इकट्ठे कर लिए कि सरकार को जवाब देने का ठोस धरातल दिखाना पड़ रहा है। हम इसके सत्य व असत्य के बीच बाढ़ विभीषिका को कमतर नहीं आंक सकते और न ही ऐसी राजनीतिक आलोचनाओं को किसी एक बिंदु पर निचोड़ सकते हैं। बाढ़ एक यथार्थ है जो केवल एक खास फल पौधे पर ही कुअसर नहीं रखता है, बल्कि मौसम की हर खुराफात खेत-बागीचे और घर-आंगन को बर्बाद कर सकती है। दर्द को खास मकसद से दबाएंगे या इसे नुमाइश का हिस्सा बनाएंगे, तो किसी भी परिस्थिति में न्याय नहीं होगा, बल्कि इसकी आर्थिकी के दृष्टिकोण से मदद करनी होगी। दर्द तो खीरा, लौकी या कद्दू की बेल उजडऩे पर भी होता है। दर्द लीची, आम, गलगल या किन्नू पर मौसम की प्रतिकूलता पर भी पड़ता है। कल अगर वायरल वीडियो की जुबान में हर उपज या पैदावार को नंगा करके प्रचारित करना शुरू कर दिया गया, तो किस अखाड़े की वकालत पर राज्य की सही बात होगी। जमीन का दर्द सदाबहार है और उसके लिए सोशल मीडिया का वीडियो नहीं, व्यवस्था की आंख चाहिए। दर्द सिर्फ पैदावार नहीं, फसल को उपभोक्ता तक सही तरीके से पहुंचाने का हवाला भी है। अंततः हिमाचल का उपभोक्ता भी तो बाढ़ का पीड़ित है। लगातार दो सौ रुपए प्रति किलो के हिसाब से टमाटर खरीदने वाले की तकलीफ भी तो कहीं वायरल है। हमारी आपत्ति वायरल संदेशों की भूमिका पर है और अगर पक्ष-प्रतिपक्ष इसी तरह तू तू-मैं मैं में सच-झूठ खोजने लगे, तो हकीकत के पैगाम कहीं गुम हो जाएंगे। कमोबेश हर साल बारिश के अलावा जलवायु के बिगड़ते चक्र के कारण सेब की फसल पर अस्थिरता का खतरा बढ़ रहा है, लेकिन दूसरी ओर किसान तो अपने बीज की गुणवत्ता से लड़ रहा है। एक ओर मौसम की मार और दूसरी ओर गलत बीज के प्रसार से किसान के लिए खेत खोदना मुश्किल हो रहा है। सत्ता और विपक्ष को कम से कम कृषि और बागबानी के मामले में मतैक्य पैदा करके किसान और बागबान के प्रति जवाबदेह होना ही पड़ेगा। बाढ़ के बहाने सेब उत्पादक की बात हो गई, लेकिन जहां साल भर बंदर, आवारा पशु और वन्य प्राणी उत्पात मचाते हों, उस खेती या बागबानी की सुध कौन लेगा।

## हरियाणा को हिंसा की आग में क्यों और किस तरह झोंक दिया और इसका जिम्मेदार कौन है?

# डेढ़ अरब की आबादी के लिये घातक है साम्प्रदायिक हिंसा

ललित गर्ग

> नूंह में भयावह साम्प्रदायिक उन्माद एवं हिंसा में जलाभिषेक यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के साथ पुलिस को निशाना बनाया गया, बड़े पैमाने पर आगजनी, गोलीबारी और लूटपाट हुई, तभी इसके प्रतिक्रियास्वरूप अन्य इलाकों में हिंसा हुई, जिससे बचा जा सकता था। एक वर्ग विशेष में इस तरह की हिंसा को जानबूझकर दावानल बनने दिया जा रहा है, जिसका विस्फोट कभी हरियाणा तो कभी दिल्ली, कभी राजस्थान तो कभी अन्य प्रांतों में होता रहता है, जिसमें राजनीतिक दलों के अलावा, बुद्धिजीवी वर्ग एवं मीडिया की सक्रिय भूमिका है। इन पर नियंत्रण के लिये जरूरत सख्त कदम उठाने की हैं। नूंह हो या दिल्ली, किसी भी दोषी को बचाने की जरूरत नहीं हैं। हम आज एक अराजक एवं उन्मादी तत्व को बचायेंगे तो कल ऐसे दस पैदा हो जायेंगे। इसके लिये उत्तरप्रदेश का योगी मॉडल ही कारगर है।

**हरियाणा** के जिला नूंह में धार्मिक शोभायात्रा पर पथराव के बाद भड़की साम्प्रदायिक हिंसा ने जो विकराल रूप लिया है वह भयावह एवं चिन्ताजनक तो है ही, यह सवाल भी छोड़ता है कि कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की ऐसी घटनाएं आखिर थम क्यों नहीं रही हैं? क्यों प्रशासन अराजक तत्वों के आगे इतना बेबस हो जाता है? क्यों चुनावों से पहले ही ऐसी अराजक एवं साम्प्रदायिक शक्तियों सक्रिय होकर देश की शांति एवं सौहार्द की स्थितियों को तार-तार करने लगती है? क्यों नफरती, घृणा एवं द्वेष के भड़काव भाषणों पर नियंत्रण का बांध नहीं बांधा जाता? क्यों बार-बार सुप्रीम कोर्ट से इस तरह की हिंसा, आगजनी एवं साम्प्रदायिकता के खिलाफ गुहार लगानी पड़ती है? अगर हर बार हिंसा रोकने के लिये गुहार न्यायपालिका से करनी पडे, तो विधायिका एवं कार्यपालिका की सार्थकता कितनी रह जाती है? इन प्रश्नों के अलावा मूल प्रश्न है कि आखिर नूंह की घटना ने समूचे हरियाणा को हिंसा की आग में क्यों और किस तरह झोंक दिया और इसका जिम्मेदार कौन है? नूंह की साम्प्रदायिक हिंसा एक षडयंत्र एवं सुनियोजित साजिश थी। इस हिंसा के मामले में आवश्यकता इसकी भी है कि उसके पीछे के कारणों की तह तक जाया जाए, क्योंकि इतनी भीषण हिंसा बिना किसी सुनियोजित साजिश के नहीं हो सकती। नूंह में भयावह साम्प्रदायिक उन्माद एवं हिंसा में जलाभिषेक यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के साथ पुलिस को निशाना बनाया गया, बड़े पैमाने पर आगजनी, गोलीबारी और लूटपाट हुई, तभी इसके प्रतिक्रियास्वरूप अन्य इलाकों में हिंसा हुई, जिससे बचा जा सकता था। एक वर्ग विशेष में इस तरह की हिंसा को जानबूझकर दावानल बनने दिया जा रहा है, जिसका विस्फोट कभी हरियाणा तो कभी दिल्ली, कभी राजस्थान तो कभी अन्य प्रांतों में होता रहता है, जिसमें राजनीतिक दलों के अलावा, बुद्धिजीवी वर्ग एवं मीडिया की सक्रिय भूमिका है। इन पर नियंत्रण के लिये जरूरत सख्त कदम उठाने की हैं। नूंह हो या दिल्ली, किसी भी दोषी को बचाने की जरूरत नहीं हैं। हम आज एक अराजक एवं उन्मादी तत्व को बचायेंगे तो कल ऐसे दस पैदा हो जायेंगे। इसके लिये उत्तरप्रदेश का योगी मॉडल ही कारगर है। साम्प्रदायिक तनाव एवं हिंसा की हर घटना के बाद एहतियाती उपाय भी खूब होते हैं लेकिन इस अहम सवाल का जवाब हमेशा बहुत पीछे छूट जाता है कि आखिर दंगों की ऐसी आग, आए दिन देश के अलग-अलग हिस्सों को क्यों झुलसाने लगी है? दूसरा सवाल यह भी कि ऐसी साम्प्रदायिक हिंसा के लिए दोषी किसे ठहराया जाए? नूंह के मामले को भी बारीकी से समझा जाए तो लगता है कि प्रशासन



और पुलिस ने इस धार्मिक जुलूस को लेकर सोशल मीडिया पर हो रही बयानबाजी को गंभीरता से नहीं लिया। संवेदनशील इलाकों में धार्मिक जुलूस की अनुमति देने से पहले जो पड़ताल की जानी चाहिए वह आखिर क्यों नहीं की गई? नूंह ही नहीं, बल्कि ऐसे सभी मामलों में सरकार में बैठे लोगों को इन सवालों के जवाब गंभीरता से तलाशने होंगे। एक बात और, ऐसे दंगों के बाद राजनेताओं और धर्म के ठेकेदारों के बयानों पर भी नजर रखनी होगी जो बेवजह समुदायों को उकसाने का काम करते हैं। हेट-स्पीच का बढ़ता प्रचलन ऐसी साम्प्रदायिक हिंसा को भड़काने का मूल कारण है। न जाने कितने नफरती भाषण ऐसे रहे, जिनमें किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। नूंह की हिंसा के मामले में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भड़काऊ भाषण दोनों पक्षों की ओर से दिए गए। स्पष्ट है कि दोनों पक्षों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यह कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए कि नफरती तत्वों को जरूरी सबक मिले। कई बार तो घोर आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषण को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आवरण पहना दिया जाता है। भड़काऊ भाषणों पर कार्रवाई के मामले में दोहरे मानदंड समस्या को बढ़ाने वाले ही सिद्ध हो रहे हैं। यह जो साबित करने की कोशिश हो रही है कि ऐसे भाषण केवल किसी एक विशेष समूह या विचारधारा से जुड़े लोग ही दे रहे हैं, वह एक शरारती एजेंडा है और उसे बेनकाब करने की आवश्यकता है। क्योंकि हिंसा करने वाले दोषी लोगों से ध्यान हटाने यह एक जरिया है। देश में दंगों की आग कब और कहां भड़क जाए, यह कोई नहीं जानता। खास तौर पर धार्मिक जुलूस निकालने को लेकर छिड़ा कोई विवाद जब साम्प्रदायिक तनाव में बदल जाए तो फिर हिंसा की आग बेकाबू होते देर नहीं लगती। यह सवाल इसलिए भी जरूरी है क्योंकि ऐसी घटनाओं में हर बार जान-माल का भारी नुकसान सरकारी दस्तावेज में सिर्फ आंकड़ा बन कर ही रह जाता है। नूंह के दंगों की आग ने जो विकराल रूप लिया, उसके चलते वहां कर्फ्यू लगाने की नौबत आ गई है। हरियाणा के छह जिलों में निषेधाज्ञा लगाने के साथ-साथ हरियाणा से सटे राजस्थान के भरतपुर में भी अलर्ट जारी करना पड़ा है। नूंह दंगों की आंच गुरुग्राम तक जा पहुंची है जहां एक धार्मिक स्थल को भीड़ ने आग के हवाले कर दिया जिसमें एक जने की मौत हो गई, मौतें तो और भी हुई है। सब जानते हैं कि वोट बैंक पर कब्जा करने की राजनीति भी दंगों के पीछे छिपे कारणों में से एक रहती है। धर्म के नाम पर उन्माद से फायदा उठाने की चाह रखने वाले लोग ऐसे दंगों की आंच में भी अपनी सियासी रोटियां सेंकने से बाज नहीं आते हैं। दंगे भड़कने और हालात तनावपूर्ण हो जाने के बाद दंगों को दुर्भाग्यपूर्ण बताने और शांति की अपील करने मात्र से कुछ नहीं होने वाला। सरकारों को सख्त कदम उठाने ही होंगे। नियंत्रण से बाहर होती हमारी व्यवस्था हमारे लोक जीवन को अस्त-व्यस्त कर रही है। प्रमुख रूप से गलती राजनेताओं और सरकार की है। कहीं, क्या कोई अनुशासन या नियंत्रण है? निरंतर साम्प्रदायिकता का दावानल फटता रहता हैं। कोई जिम्मेदारी नहीं लेता- कोई दंड नहीं पाता। राजनीति संकीर्ण एवं सम्प्रदायीकरण, इसी का चरम बिन्दु है। अपराधी केवल वे ही नहीं जिनके दिलों में सम्प्रदायिक संकीर्णता का जहर घुला है। वे भी हैं जो लोकतंत्र को तोड़ रहे हैं या जिनके दिमागों में अपराध एवं उन्माद भावना है। उन्मादी एवं अपराधी नियंत्रण से बाहर हो गये हैं। साम्प्रदायिक सोच वाले व्यक्ति नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। और सामान्य आदमी के लिए जीवन नियंत्रण से बाहर हो गया है। अगर हम राष्ट्रीय दृष्टिकोण से विचारें तो हमें स्वीकारना होगा कि बहुत-सी बातें हमारे नियंत्रण से बाहर होती जा रही हैं। वर्तमान दौर की सत्ता लालसा की चिंगारी इतनी प्रस्फुटित हो चुकी है कि सत्ता के रसोस्वादन के लिए जनता और व्यवस्था को पंगु बनाने की राजनीति चल रही है। प्रश्न है कि राजनीतिक पार्टियां एवं राजनेता सत्ता के नशे में डूबकर इतने आक्रामक एवं गैरजिम्मेदार कैसे हो सकते हैं? जैसे-जैसे आम चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं साम्प्रदायिकता की जहर उगलने वाली स्थितियां ज्यादा प्रभावी होती जा रही है। बिना मेहंदी लगे ही हाथ पीले करने की फिराक में सभी राजनीतिक दल जुट चुके हैं। सवाल यह खड़ा होता है कि इस अनैतिक राजनीति का हम कब तक साथ देते रहेंगे? इस पर अंकुश लगाने का पहला दायित्व तो हम जनता पर ही है। सत्ता से जुड़े एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने वाले साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सद्भावना कायम करने में नकारा साबित हो रहे हैं इसलिये सुप्रीम कोर्ट की ओर से समाज को ऐसा कोई संदेश जाना चाहिए कि घृणा का जबाव घृणा, नफरत का जवाब नफरत और हिंसा का जवाब हिंसा नहीं हो सकती।

# योग है स्वस्थ जीवन का वादा

> ग्रामीण परिवेश में अधिकांश जनसंख्या रही तब तक अलग से किसी भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत नहीं थी। जब से दैनिक जीवन में भौतिक सुख-सुविधाओं का विकास हुआ है तभी से फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत महसूस हो रही है। स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। बिना अच्छे स्वास्थ्य के धन दौलत, पद प्रतिष्ठा व अन्य भौतिक सुख सुविधाएं सब बेमानी लगते हैं। जनमानस का स्वास्थ्य उत्तम हो, इस सबके लिए इस कॉलम के माध्यम से कई बार योग के बारे में जानकारी देकर योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। दौड़ती-भागती जीवन शैली के कारण मनुष्य के पास अपने लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उनके स्वास्थ्य को सुधार कर व्यवस्थित रख सके। आज मानव ने विज्ञान में नये-नये शोध कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा क्षेत्र में इतनी प्रगति कर ली है कि इसके कारण जीवन काफी आसान तो हो गया है।

**इस** वर्ष भी 21 जून को योग दिवस मना कर औपचारिकता तो पूरी कर ली है, मगर क्या फिटनेस की इस सरल व सर्वसुलभ उपलब्ध विधि का हम लगातार वर्षभर अपनी फिटनेस को स्तरीय रखने में उपयोग करेंगे? जब तक ग्रामीण परिवेश में अधिकांश जनसंख्या रही तब तक अलग से किसी भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत नहीं थी। जब से दैनिक जीवन में भौतिक सुख-सुविधाओं का विकास हुआ है तभी से फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत महसूस हो रही है। स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। बिना अच्छे स्वास्थ्य के धन दौलत, पद प्रतिष्ठा व अन्य भौतिक सुख सुविधाएं सब बेमानी लगते हैं। जनमानस का स्वास्थ्य उत्तम हो, इस सबके लिए इस कॉलम के माध्यम से कई बार योग के बारे में जानकारी देकर योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। दौड़ती-भागती जीवन शैली के कारण मनुष्य के पास अपने लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उनके स्वास्थ्य को सुधार कर व्यवस्थित रख सके। आज मानव ने विज्ञान में नये-नये शोध कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा क्षेत्र में इतनी प्रगति कर ली है कि इसके कारण जीवन काफी आसान तो हो गया है, मगर शारीरिक श्रम जो पहले यूं ही दिनचर्या में आसानी से हो जाता था, अब उसके लिए अलग से फिटनेस कार्यक्रम चाहिए होता है। समय बचाती दुनिया के लिए योग मुख्य विकल्प है जो कम श्रम कर अधिक फिटनेस दे सकता है। इसलिए अब आम जनमानस के लिए योग के बारे में जानना जरूरी हो जाता है। सैकड़ों वर्ष पूर्व महर्षि पतंजलि ने योग को लिखित रूप में संग्रहित किया और योग सूत्र की रचना की। योग सूत्र की रचना के कारण पतंजलि को योग का जनक कहा जाता है। इस योग के महान ग्रंथ में योग के बारे में कहा गया है कि मन की वृत्तियों में नियंत्रण करना ही योग है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि, यह अष्टांग योग के आठ सूत्र हैं। आठों अंगों में प्रथम दो यम व नियम को नैतिक अनुशासन, आसन, प्राणायाम व प्रत्याहार को शारीरिक अनुशासन व धारणा, ध्यान, समाधि को मानसिक अनुशासन बताया गया है। योग हमें यम एवं नियम द्वारा व्यक्ति के मन और मस्तिष्क को ठीक करने की सलाह देता है। आसन और प्राणायाम करने से पूर्व यदि व्यक्ति यम एवं नियमों का पालन नहीं करता है तो उसे योग से पूर्ण स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल सकता है। यम और नियम की विस्तार से चर्चा जरूरी है। संयम मन, वचन और कर्म से होना चाहिए। इसका पालन न करने से व्यक्त का जीवन व समाज दोनों दुष्प्रभावित होते हैं। इससे मन मजबूत और पवित्र होता है तथा मानसिक शक्ति बढ़ती है। सत्य, अहिंसा, असतेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह, यह नियम व्यक्तिगत नैतिकता के हैं। मनुष्य को कत्र्तव्य परायण बनाने तथा जीवन को सुव्यवस्थित करने हेतु पांच नियमों का विधान किया गया है। ये नियम हैं शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय व ईश्वर प्राणिधान। यम यानी मन, वचन एवं कर्म से सत्य का पालन व मिथ्या का त्याग। जिस रूप में देखा, सुना एवं अनुभव किया हो, उसी रूप में उसे बतलाना सत्य है। अहिंसा दूसरा सूत्र है। इसमें किसी को मारना ही केवल हिंसा का रूप नहीं है बल्कि किसी भी प्राणी को कभी भी किसी प्रकार का दुख न पहुंचाना अहिंसा है। असतेय अर्थात चोरी न करना। छल से, धोखे से, झूठ बोलकर, बेईमानी से किसी चीज को प्राप्त करना भी चोरी है। जिस पर अपना अधिकार नहीं उसे लेना भी इसी श्रेणी में आता है। ब्रह्मचर्य : मन, वचन एवं कर्म से यौन संयम अथवा मैथुन का सर्वथा त्याग करना ब्रह्मचर्य है। सभी इंद्रिय जनित सुखों में संयम बरतना। अपरिग्रह : अपने स्वार्थ के लिए धन, संपत्ति एवं भोग की सामग्री में संयम न बरतना परिग्रह है। इसका अभाव अपरिग्रह है। आवश्यकता से अधिक संचय करना अपरिग्रह है। दूसरों की वस्तुओं की इच्छा न करना। मन, वचन एवं कर्म से इस प्रवृत्ति को त्यागना ही अपरिग्रह है। नियमों में शौच के अंतर्गत पानी-मिट्टी आदि के द्वारा शरीर, वस्त्र, भोजन, मकान आदि के मल को दूर करना बाह्य शुद्धि माना जाता है। सद्भावना, मैत्री, करुणा आदि से की जाने वाली शुद्धि आंतरिक शुद्धि मानी जाती है। केवल अपने भौतिक शरीर का ध्यान रखना पर्याप्त नहीं है। बल्कि अपने मन के विचारों को पहचान कर उन्हें दूर करने का प्रयास करना जरूरी है। शरीर और मन दोनों की शुद्धि। संतोष दूसरा नियम है। इसमें कत्र्तव्य का पालन करते हुए जो कुछ उपलब्ध हो, जो कुछ प्राप्त हो, उसी में संतुष्ट रहना। किसी प्रकार की तृष्णा न करना। तीसरा नियम है तप, इस नियम में अपने वर्ण, आश्रम, परिस्थिति और योग्यता के अनुसार स्वधर्म का पालन करना। व्रत, उपवास आदि को भी इसी में शामिल किया जाता है। यानी कि स्वयं से अनुशासित दिनचर्या में रहना है। स्वाध्याय चौथा नियम है, जिससे कत्र्तव्य का बोध हो सके, मतलब शास्त्र का अध्ययन करना। महापुरुषों के वचनों का अनुपालन भी स्वाध्याय के अंतर्गत आता है। ईश्वर प्राणिधान पांचवां नियम है। ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण व संपूर्ण श्रद्धा रखना। फल की इच्छा का परित्याग पूर्वक समस्त कर्मों का ईश्वर को समर्पण करना ईश्वर प्राणिधान कहलाता है। हजारों साल पहले भारतीय शोधकर्ताओं ने यौगिक क्रियाओं से होने वाले लाभों को समझ लिया था जो आज की चिकित्सा व खेल विज्ञान में योग का प्रयोग खूब हो रहा है। योग के नियमों का पालन करने के बाद अगर यौगिक क्रियाओं को किया जाता है तो मानव में शारीरिक व मानसिक स्तर पर आश्चर्यजनक रूप से अलौकिकता का सुधार होता है।

## नागरिक बोध

# संकटः दुनिया के सामने पांच बड़े खतरे, बचाव के लिए जरूरी है जागरुकता

**तेज** बदलावों के दौर से गुजर रही दुनिया में वैसे तो अनेक चुनौतियां हैं, पर कुछ संकट इतने बड़े हैं कि उनकी ओर विशेष ध्यान देना जरूरी है। इसमें सबसे पहले नंबर पर है करीब 13,000 परमाणु हथियार, जो नौ देशों के नियंत्रण में हैं और लगभग 14 देशों में तैनात हैं। अमेरिकी हथियार अमेरिका के अलावा यूरोप के पांच देशों में तैनात हैं। रूस के परमाणु हथियार संभवतः कुछ समय बाद बेलारूस में भी तैनात होंगे। इनमें से हजारों हथियार उन समुद्री यानों में भी तैनात हैं, जो निरंतर समुद्रों में घूमते रहते हैं और जिनका उपयोग कहीं भी हमलों के लिए हो सकता है। इनमें से अधिकांश परमाणु हथियार उन परमाणु बमों से कई गुना अधिक विध्वंसक हैं, जिन्हें हिरोशिमा व नागासाकी पर गिराया गया था। अनेक विशेषज्ञों ने चिंता प्रकट की है कि विशेष परिस्थितियों में संशय और दूसरे पक्ष की आक्रामकता के गलत आकलन से परमाणु युद्ध आरंभ हो सकता है। इधर बड़ी सैन्य महाशक्तियों के आपसी संबंध निरंतर तनावग्रस्त होते गए हैं और यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में तो यह स्थिति और विकट हो गई है। यदि दुनिया में मौजूद परमाणु हथियारों में से मात्र 10 फीसदी का भी उपयोग किसी युद्ध में हो गया, तो विश्व में अधिकांश जीवन का अंत हो जाएगा। जो लोग तुरंत मारे जाएंगे, उससे कहीं अधिक लोग परमाणु बमों के उपयोग के बाद उत्पन्न स्थिति से मारे जाएंगे या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाएंगे। अतः इस खतरे को पूरी तरह समाप्त करना ही उद्देश्य बनना चाहिए और इसके लिए परमाणु हथियारों को समाप्त करना जरूरी है। फिर भी जब तक यह व्यापक उद्देश्य प्राप्त न हो सके, तब तक परमाणु हथियारों के खतरे को कम करने के विभिन्न प्रयास, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समझौते आगे बढ़ते रहने चाहिए, जबकि हाल के वर्षों में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समझौतों, विशेषकर अमेरिका-रूस समझौतों में कमी आई है। दूसरा बड़ा खतरा रोबोट या एआई हथियारों से जुड़ा है। यदि रोबोट तकनीक का सैन्य उपयोग इसी तरह बढ़ता रहा, जैसा हाल के समय में देखा गया है, तो शीघ्र ही ऐसी स्थितियां उत्पन्न हो जाएंगी, जिनसे निपटने के लिए दुनिया अभी तैयार नहीं है। विशेष परिस्थितियों में ये हथियार मानव नियंत्रण के बाहर भी हो सकते हैं। रोबोट व एआई तकनीक से जुड़े अनेक वरिष्ठ वैज्ञानिक इस बारे में चेतावनी जारी कर चुके हैं कि रोबोट व एआई तकनीक के सैन्य उपयोग पर रोक लगाई जाए। तीसरा बड़ा खतरा अंतरिक्ष के सैन्यीकरण की आशंका से जुड़ा हुआ है। इसे विश्व के लिए बड़े खतरों की आशंका वाला क्षेत्र माना जाता रहा है, इसके बावजूद यह भी सत्य है कि अनेक बड़ी सैन्य शक्तियां अंतरिक्ष के सैन्यीकरण की संभावनाएं तलाश रही हैं और उनके वैज्ञानिक इस संभावना की दिशा में कार्य कर रहे हैं। अंतरिक्ष युद्ध व रोबोट के सैन्य उपयोग की दिशा में प्रयास इस कारण भी बढ़ रहे हैं, क्योंकि कोई भी सैन्य महाशक्ति किसी अधिक विध्वंसक क्षमता वाली तकनीक में पीछे नहीं रहना चाहती है। चौथा बड़ा खतरा पर्यावरण की सबसे गंभीर समस्याओं और जलवायु बदलाव जैसी लगभग दर्जन भर गंभीर समस्याएं हैं (जैसे जल संकट, वायु प्रदूषण जैव विविधता ह्लास आदि), जिनके बारे में वैज्ञानिक कह रहे हैं कि इनके मिले-जुले असर से धरती की जीवनदायिनी क्षमता ही खतरे में पड़ सकती है। पांचवां बड़ा संकट विश्व की अनेक बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों व उनसे जुड़े अरबपतियों द्वारा प्रसारित तकनीकों से जुड़ा है, जो कृषि, खाद्य, स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तेजी से लाई जा रही हैं। इन तकनीकों से इन कंपनियों का नियंत्रण बढ़ेगा और मुनाफा भी, पर आजीविका स्वास्थ्य, पर्यावरण के खतरे भी उतनी या उससे भी अधिक तेजी से बढ़ सकते हैं। यह स्थिति विकासशील व निर्धन देशों के लिए अधिक खतरनाक हो सकती है और उन्हें इसके लिए अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है।

## देश दुनीया से

# बिन नकदी सब सून!

**यह** ठीक रहा कि वोटर को नकद पैसा उसके खाते में ट्रांसफर कर दिया जाए। इससे लगा भी कि सरकार पैसा दे रही है। बीच वाले दलालों का भी सफाया हो गया, अब वोटर को पंद्रह पैसे नहीं, पूरे सौ पेसे का भुगतान होगा। वैसे भी सरकारी नुमाइंदे लाखों-करोड़ों डकार रहे हैं तो जनोपयोगी योजनाओं का पैसा सीधा दिया जाए तो इसमें दिक्कत किस बात की है? सरकार की गिरती हालत को संभालने का एकमात्र तरीका यही बचा था, यह दांव शायद आगामी चुनाव में नैया पार लगा दे। नकद पैसे का वैसे महत्व भी है। शराब, गुटखा और अन्य नशीली चीजें सब नकद से मिलती हैं। अब घर का मुखिया अपने मनमाने शौक पूरे कर सकेगा। अलग-अलग मजदूरी-पेंशन अथवा और कोई अनुदान दो तो जिसके हाथ में जाए, वही मालिक हो जाता था। नकदी की बारगेनिंग ठीक लगी। पहले काम के बदले अनाज दिया जाता था। अनाज समस्या ही नहीं है। समस्या या जरूरत तो अन्य चीजों की है। नया युग है, नई जरूरतें हैं, उस दृष्टि से नकद का महत्व अपने आप बढ़ जाता है। नकदी जीवन का आधार है, इसके बिना व्यक्ति निराधार होता है। इसलिए देन-लेन नकद ही होता है। रिश्वत भी नकद ही दी जाती है। विवाह में दहेज के सामान का महत्व नहीं, जितना नकद देन-लेन का महत्व माना जाता है। सरकार के उस नुमाइंदे को सौ-सौ प्रमाण जिसने यह ईनामी योजना की शुरुआत करने का भेजा दिया। रहिमन नकदी राखिये-बिन नकदी सब सून, नकदी बिना न ऊबरे, मोती मानुस चून। तीनों स्थितियों में इसकी आवश्यकता पानी से भी बढक़र है। आजकल पानी भी नकदी से ही मिलता है। जहां तक सवाल स्वाभिमान रूपी पानी का है, कोरे स्वाभिमान से बंटता ही क्या है? इज्जत नकदी से ही बढ़ती है। कालेधन वालों की समाज में जो पोजीशन है, वह एक गरीब या ईमानदार की नहीं है। इसलिए बेईमानी को बढ़ावा देना आदमी की इज्जत के लिए भी जरूरी है।

> शराब, गुटखा और अन्य नशीली चीजें सब नकद से मिलती हैं। अब घर का मुखिया अपने मनमाने शौक पूरे कर सकेगा। अलग-अलग मजदूरी-पेंशन अथवा और कोई अनुदान दो तो जिसके हाथ में जाए, वही मालिक हो जाता था। नकदी की बारगेनिंग ठीक लगी। पहले काम के बदले अनाज दिया जाता था। अनाज समस्या ही नहीं है। समस्या या जरूरत तो अन्य चीजों की है। नया युग है, नई जरूरतें हैं, उस दृष्टि से नकद का महत्व अपने आप बढ़ जाता है। नकदी जीवन का आधार है, इसके बिना व्यक्ति निराधार होता है। इसलिए देन-लेन नकद ही होता है। रिश्वत भी नकद ही दी जाती है। विवाह में दहेज के सामान का महत्व नहीं, जितना नकद देन-लेन का महत्व माना जाता है।

सरकार ने आम आदमी की इज्जत में नकदी देकर इजाफा किया है, इसका सबको स्वागत करना चाहिए। विपक्षी कोई नहीं बोल रहा कि सरकार का यह कदम उन्हें कैसा लगा। बोले कैसे क्योंकि मामला वोट बैंक से जुड़ा हुआ है। सत्तालोलुप होने पर जा-बेजा पर टिप्पणी नहीं की जाती, वरना हाथ से रहा-सहा वोटर भी निकल जाता है। मैं भी एक अदब आधार कार्ड के जुगाड़ में लगा हुआ हूं। यह बन जाए तो मेरा काम बन जाए। एक आला सरकारी आदमी ने इसे बनवा देने की 'हां' कर दी है। वह जी जान से मेरा यह कार्ड बनवाने में लगा हुआ है। तेरा तुझको अर्पण-क्या लागे मेरा। बिना निवेश के अर्थ लाभ होता भी तो नही हैं। रिश्वत रानी की महत्ता किसी युग में कम नहीं हुई है। चाहे जो करा लो। लोग पता नहीं क्यों, भ्रष्टाचार को मिटाने की बात करते हैं। अर्थप्रधान युग में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है। इसलिए जो लोग ईमानदारी के जोश में इसे व्यवस्था से मिटाने का दावा करते हैं, कालान्तर में स्वयं मिट जाएंगे, लेकिन मेरा भाई भ्रष्टाचार सदा हरा-भरा बना रहेगा। वैसे भी देन-लेन सीधा ही होना चाहिए। उससे लेने वालों को पता रहता है कि उसे पैसा किसने दिया। इससे ही वह ऑबलाइज महसूस करता है। बदले में वह भी उसके लिए कुछ करने की भावना पैदा करता है। हम तुम्हें नकदी दें-तुम हमें वोट दो। सीधा सा फार्मूला है। सुभाष चन्द्र बोस ने आजादी के लिए खून मांगा था। देश के लिए आज के नेता वोटर का अमूल्य वोट अब समूल्य मांग रहे हैं तो इसमें बुरा क्या है। इसलिए मैं अपने परिवार सहित इस नकदी ट्रांसफर योजना की भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूं तथा आभार व्यक्त करता हूं। आदमी जिसका नमक खाता है, उसकी अदायगी भी करता है। इसलिए सरकार को साष्टांग प्रमाण।

# विश्व स्तनपान अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीआरडीए के सभागार में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विश्व स्तनपान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अतिथियों के आगमन पर उपस्थित सेविका द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति कर स्वागत किया गया।उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा विश्व स्तनपान सप्ताह एक अगस्त से सात अगस्त तक चलाया जा रहा है। इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें और सभी माताओं को स्तनपान की महत्ता की जानकारी देकर जागरूक करें। छः माह तक के नवजात शिशु के लिए स्तनपान सम्पूर्ण आहार है। शिशु में रोग प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाता है। मां का दूध शिशु के लिए अमृत समान है। स्तनपान विकल्प नहीं, संकल्प है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनी कुमारी द्वारा बताया गया कि स्तनपान के सही तरीके कैसे कब और कितने दिन तक शिशु के लिए सही है इसपर विस्तृत चर्चा की गई। और उनके द्वारा बताया गया कि पूर्ण स्तनपान के चारो नियम 1- जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान, 2 - छः माह तक सिर्फ और सिर्फ स्तनपान कराना (पानी भी नहीं), 3- छः माह के बाद स्तनपान के साथ ऊपरी आहार शुरू करना, 4- कम से कम बच्चो को दो साल तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान कराने की बात कही गई। साथ ही उपस्थित प्रतिभागियों को निर्देशित किया कि चारो नियमों का व्यापक प्रचार प्रसार करें।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त द्वारा बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया। गोष्ठी कार्यक्रम में सभी उपस्थित पदाधिकारी द्वारा एक एक कर स्तनपान की महत्ता को बताया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन चतरा डॉक्टर जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनि कुमारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुण प्रसाद, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी छात्र, ग्रामीण हंटरगंज, सिमरिया सहिया समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## चतरा कालेज के बी एड संभाग के छात्र-छात्राओं को दी गई समारोह पूर्वक विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** स्थानीय चतरा कालेज के बी.एड. संभाग में सत्र 2021-23 के बी.एड. प्रशिक्षुओं को सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया7 इस कार्यक्रम का मंच संचालन विकास कुमार तथा सरिता सिंह ने किया तथा वेलकम स्पीच असिस्टेंट प्रोफेसर प्रेम बसंत बाखला द्वारा दिया गया7 कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रजत मानिक बाखला ने बीएड प्रशिक्षुओं को उनके कोर्स पूर्ण होने पर बधाई दी एवं कहा कि एक शिक्षक का कर्तव्य केवल बच्चों को शिक्षण देना नहीं बल्कि भावी पीढ़ी का निर्माण करना तथा छात्रों के व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना होता है। चतरा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य आर.पी. रॉय ने कहा कि चरित्र निर्माण पर जोर दिया जाना चाहिए। बी.एड. संभाग के अध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह ने प्रशिक्षु के साथ बिताए गए दो वर्ष के खट्टी-मीठी यादों को साझा करते हुए कहा कि जीवन में सब कुछ नकल कर सकते हैं लेकिन संस्कार, चरित्र और ज्ञान कभी नकल नहीं कर सकते। बतौर मुख्य अतिथि चतरा महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य टी. एन. सिंह ने प्रशिक्षुओं को भविष्य के जीवन के लिए बधाइयां दी।

## एसबीआई शाखा प्रबंधक ने स्वतंत्रता सेनानी के पत्नी को किया अंग वस्त्र से सम्मानित



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा एसबीआई के मुख्य शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पंकज के निर्देशानुसार प्रबंधक राकेश कुमार राय ने स्वतंत्रता सेनानी श्री भगवती प्रसाद एवं पत्नी श्रीमती सुरबाला देवी को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। और उनके आजादी में दिए गए योगदान को भी याद किया गया। मौके पर मुख्य शाखा के प्रहरी मोहन कुमार साहा भी शामिल थे।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई।उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य मामले शामिल थे।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# डोभा निर्माण को लेकर हुई आपसी रंजिश का ग्रामीणों व कर्मियों ने सुलहनामा के तहत किया समाधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में डोभा निर्माण को लेकर उषा देवी पति राजदेव दांगी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह को लिखित आवेदन देकर कानूनन करवाई करने की मांग की थी। जिसका सत्यापन करते हुए कुमारी प्रेमा पति मुकेश दांगी ने योजना को सही सलामत बताया।और इस बात को लेकर दोनों के बीच रंजिश मनमुटाव हुई थी। जोकि गांव के ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि के साथ कर्मियों ने आपस में बैठक कर गांव में ही मामले को सुलझाया। सभी लोगों ने सबसे पहले अस्थल की जांच की एवं दोनों पक्षों को अमीन के द्वारा मापी कर जमीन की बटवारा करने की बात कही।एवं दोनों पक्षों के बीच बाउंड करवा कर सुलहनामा किया गया। पंचू के द्वारा बताई गई निर्णय को दोनों पक्षों ने स्वीकार किया और अपना हस्ताक्षर कर लोगों को विश्वास दिलाई। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश कुमार भारती उपमुखिया विकास कुमार पांडेय प्रसादी पासवान गोविंद कुमार दांगी राजकुमार दांगी रघु दांगी सुनील कुमार महतो श्याम कुमार सहदेव दांगी भोला भुइयां उमेश भुइयां सत्येंद्र कुमार दांगी रोहित कुमार दांगी मनोज दांगी विनोद कुमार दांगी राजकुमार भुइयां सुधीर दांगी कृष्णा कुमार रोहित कुमार दांगी सुजीत दांगी मनोज दांगी रोजगार सेवक निर्मल दांगी व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा पुनर्विकास : राहुल राय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के कुल 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास (री-डेवलपमेंट) किया जायेगा। इस योजना के तहत लातेहार रेलवे स्टेशन का भी 24.5 करोड़ की लागत से पुनर्विकास का कार्य किया जायेगा। इसकी जानकारी सीनियर डीएफएम राहुल कुमार राय ने एक पत्रकार वार्ता कर दी। श्री राय ने बताया कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 1309 रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है। भारतीय विविधता की भव्यता को प्रदर्शित करते हुए, ये पुनर्विकसित स्टेशन नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन और प्रतिस्थापन से सुसज्जित होंगे। इसके तहत नया अच्छी तरह से डिजाइन किया गया ट्रैफिक सर्कुलेशन और इंटर-मोडल एकीकरण, यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए समान और अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए साइनेज, स्टेशन भवन, यात्री शेड, नया प्लेटफार्म, बाथरूम, आधुनिक टिकट काउंटर, वातानुकूलित व सामान्य प्रतीक्षालय, कैंटीन, डॉरमेट्री एवं पार्किंग व्यवस्था लोगों को मिलेगा। छह अगस्त को पीएम ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। श्री राय ने बताया कि रविवार 6 अगस्त को पूर्वाह्न नौ बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास योजना का ऑनलाइन शिलान्यास किया जायेगा। लातेहार रेलवे स्टेशन में इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कहा कि इस दौरान कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। मौके पर अभय कुमार यातायात निरीक्षक, सुनील सागीत्रा एडीईएल लातेहार, स्टेशन प्रबन्धक बलवंत सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित स्व0मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को विद्यालय के छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 के छात्राओं ने भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मेहंदी का कलाकृति बनाया। सबसे बढ़िया कलाकृति बनाने वाले छात्रा को प्राइज देकर सम्मानित किया गया। जिस में पहले स्थान पर प्रिया कुमारी कक्षा आठ की छात्रा दूसरे स्थान पर प्रीति कुमारी कक्षा सात की छात्रा एवं तीसरे स्थान पर पम्मी कुमारी कक्षा आठ की छात्रा रही। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीकांत पाठक ने बताया कि बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ बौद्धिक विकास के लिए समय-समय पर ऐसे प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की ओर से किया जाता है। जिसमें विद्यालय के बच्चे भाग लेते हैं। प्रतियोगिता में विद्यालय की सानिया कुमारी, कंचन कुमारी प्रीति कुमारी, प्रतिमा कुमारी, रिचा कुमारी, नीतू कुमारी सहित कई छात्राओं ने भाग लिया।

## टायर ब्लास्ट करने से मिस्त्री की मौत

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित साहू पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की देर रात करीब दस बजे एक ट्रक के टायर में हवा भरने के क्रम में टायर ब्लास्ट करने से मिस्त्री की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो0 खलील 35वर्ष पिता मो0इकबाली ग्राम सलैया इमामगंज जिला गया बिहार निवासी बालूमाथ में रहकर गैरेज चलाता था ।शुक्रवार की देर रात एक ट्रक के टायर में हवा भरने के क्रम में टायर ब्लास्ट हो गया और टायर में लगा हुआ रिम छिटककर खलील को जा लगा। जिससे खलील गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने जांचोपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## महुआडांड़ प्रखंड में मतदाता सूची पूर्ण निरीक्षण कार्य को लेकर किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला के महुआडाड़ अनुमंडल कार्यालय में दिन शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन के नेतृत्व में मनिका विधान सभा क्षेत्र में होने वाली चुनाव के मध्य नजर को देखते मतदाता सूची पूर्णनिरक्षण कार्य में तेजी लाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन के द्वारा वोटर लिस्ट में नाम पर त्रुटि को देखते हुए सभी गड़बड़ी को जितना जल्द हो सके उतना जल्दी सुधार करने एवं क्षेत्र के सभी घरों में घूम घूम कर मतदाता सूची में नाम जोड़ना और मृत्यु हो चुके मतदाताओं का नाम हटाने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में आने वाले सभी बूथों की जानकारी उपस्थित अधिकारियों से लिया और मतदाता सूची पूर्णनिरीक्षण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर महुआडाड़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग,गारु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो, मनिका प्रखण्ड विकास पदाधिकारी वीरेन्द्र किण्डो, गोपाल नाथ सिंह, बिजय शंकर राम,आत्मा सिंह, इसदोर आइन्द, मनोहर सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पत्थलगड़ा प्रखंड बीडीओ मोनी कुमारी द्वारा फलेरिया मुक्त झारखंड कार्यक्रम की बैठक रखी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगडा :** प्रखंड कर्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी के अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई जिसमे पत्थलगड़ा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के सीएचओ सरिता मिंज समेत प्रखंड के सभी आंगन बाड़ी सेविका व सहिया दीदी ने भाग लिया इस बैठक में हाथी पांव फलेरिया मुक्त झारखंड अभियान चलाया गया वीडियो मोनी कुमारी ने सहिया दीदी को सरहाते हुए कहा जिस तरह से आप लोगों ने क्रोना महामारी में अपना अहम योगदान दिया और उसी के साथ फलेरियां का गोली हर घर -घर तक जाकर ग्रामीणों तक पहुंचाया और जागरूक किया उसी प्रकार कुछ छूटे हुवे लोगो तक फिर से एक बार फलेरियाँ गोली के साथ हाथी पांव बीमारी से मुक्त करने का अभियान क्रायकर्म चलाया जाएगा ष्ट॥ ह्व मिंज ने बताया कि पांच साल से उपर के बच्चे जो छूट गए है उन्हें फिर से इस दवा का खुराक चलाया जाएगा मिंज ने बताया कि इसमें कुछ सावधानियां बरतनी है जैसे कि आई. डी .ए गोली का सेवन खाली पेट ना करें और 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे तथा गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से जो बीमार व्यक्ति है उन्हें इस दवा का सेवन ना कराया जाए इन सभी बिंदुओं को देखते हुए सावधानियां बरतनी है।

## 25 वां बार रक्तदान कर विक्रांत बने युवाओं के लिए मिशाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** कहते हैं रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्त दान किसी की जिंदगी बचा सकती है। ऐसे ही एक रक्तवीर है हमारे लातेहार में जिनका नाम विक्रांत सिंह हैं, जिन्होंने अपने जीवन में अभी तक 24 बार रक्तदान कर कईयों की जिंदगी बचा चुके हैं और शनिवार को एक बार फिर जब उन्हें जानकारी हुई की सदर अस्पताल में चंदवा थाना क्षेत्र के लुकईया की रहने वाली जोंडिंस मरीज नीति देवी को ओ पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है तो वह आगे बढ़ कर अपना 25वां रक्तदान किया। विक्रांत सिंह पेशे से वकील हैं और वह कहते हैं की मनुष्य का जीवन अनमोल है, मेरा एक ही उद्देश्य है कि यदि मेरे रक्तदान से किसी भी व्यक्ति का जीवन बचता है तो मेरा उद्देश्य सफल है। इसी लिए वे हर समय किसी ना किसी रूप से लोगों की जिंदगी बचाने में लगे रहते हैं चाहे रक्तदान हो या और किसी तरीके से। वहीं लातेहार रेड़ क्रॉस सोसाईटी के सचिव विकाशकांत पाठक कहते हैं कि मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है। जरूरतमंदों के लिए हर युवा को आगे आना चाहिए और रक्तदान कर लोगों की जिंदगियां बचानी चाहिए। विक्रांत हमारे रक्तवीर है वे आज अपना रक्तदान कर लोगों की जीवन की रक्षा करने की पंक्ति में सबसे आगे हैं। आज उन्होंने रक्तदान कर उन युवाओं के लिए प्रेरणा बने हैं जो रक्तदान करने से डरते हैं। रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई भी बिमारी नहीं होती है, बल्कि नये रक्त बनने से कोई भी व्यक्ति पहले की अपेक्षा और भी स्वस्थ हो जाता है।

## जल गुणवत्ता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारीयातु प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जल गुणवत्ता बिषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता प्रण्डल लातेहार जल जीवन मिशन के तहत जल सहिया, स्वयं सहायता समूह, वार्ड सदस्य, समूह मे जुड़े महिलाओं को प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर नागेन्द्र मिश्रा द्वारा जल गुणवत्ता बिषय पर प्रशिक्षण के दौरान जल जांच करने के सम्बन्ध मे कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। जहाँ जल में क्लोराइड, क्षारियता, आयरन, फ्लोराइड, नाइट्रेट, फास्फेट, अमोनिया, क्लोरीन के जांच के बारे में प्रयोग के माध्यम से बताया गया।

# निर्धारित समय से पूर्व बंद हो जाता है उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईचाक

- वेतनमान के रूप में मोटी रकम उठाने वाले सरकारी शिक्षक सरकार के निर्देशों का उड़ा रहें है धज्जियां
- बिना विभागीय निर्देश के हल्की बारिश में भी बंद कर दी जाती है विद्यालय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** एक ओर जहां बच्चों को सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को लेकर लाखों-करोड़ो रूपये खर्च कर रही है, तो वही दूसरी तरफ कुन्दा प्रखण्ड क्षेत्र के नवादा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईचाक के शिक्षक मौज की सैलरी उठाने में व्यस्त है।वेतनमान के रूप में मोटी रकम उठाने वालें शिक्षक सरकारी निर्देशो का धज्जियां उड़ा रहें हैं आपको जानकर हैरानी होगी की सुदूरवर्ती गाँव ईचाक विद्यालय में वर्तमान में तीन शिक्षक पदस्थापित है उसके बावजूद विद्यालय बंद रहता है।वही जब विद्यालय बंद रहने पर वहाँ के ग्रामीणों व बच्चों से इसकी पड़ताल की गई तो पता चला की शिक्षक एक या दो घंटे विद्यालय खोलने के बाद बच्चों की छुट्टी कर देते है और बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने के लिए विद्यालय के आस -पास बने रहते हैं। अब ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि सरकार शिक्षकों को सिर्फ विद्यालय पहुंचने के लिए वेतन देती है या बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके इसके लिए देती हैं।वही विद्यालय में पढ़ने वाली आठवीं क्लास की छात्रा को अपने प्रधानाध्यापक का नाम तक नहीं पता है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उक्त विद्यालय में कितनी अनियमितता बरती जा रही है।वही बच्चों ने मेन्यू के अनुसार मध्यान भोजन न देने की भी बात कही है।वही आपने एक कहावत तो सुनी ही होगी उल्टी चोर कोतवाल को डांटे कुछ ऐसा ही हुवा जब इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधानाध्यापक थामस टोप्पो से संपर्क की गई तो ये सरकारी मुलाजिम ने तो पहले गरम हो गए और फिर उन्होंने बड़ें बेतुका जवाब दिया कहा की बारिश की वजह से समय से पहले विद्यालय बंद कर दिया गया।यहाँ भी सवाल उठना लाजमी है की क्या हल्की सी बारिश में भी बिना विभागीय निर्देश के शिक्षक विद्यालय बंद कर सकते हैं। वही बीईओ कानन कुमार पात्रा से जब इस संदर्भ में जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा की पूर्व में भी उक्त विद्यालय में शिक्षक की शिकायत मिलती रही है।शिक्षक को सुधार हेतु निर्देश दिया गया था।उसके बावजूद विद्यालय में यदि आवश्यक सुधार नहीं किया गया है तो नियम सम्वत कार्रवाई हेतु प्रस्ताव जिला शिक्षा अधीक्षक को भेज दिया जाएगा। **क्या कहते हैं बीईओ :** ईस सन्दर्भ में बीईओ कानन पात्रा ने बताया की पूर्व में भी इनके विरुद्ध शिकायत मिलती रही है,सुधार हेतु निर्देश दिया गया था इसके बावजूद भी कोई सुधार नहीं हुवा है। निर्धारित समय से पूर्व विद्यालय बंद करने के मामलें में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। **क्या कहते हैं प्रधानाध्यापक :** ईस सन्दर्भ में प्रधानाध्यापक ने बताया की हल्की बारिश होने के कारण निर्धारित समय से 3 घण्टे पूर्व ही विद्यालय बंद कर दिया।

## दो चोर अरेस्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर विद्यालय से बैटरी की चोरी करने वाले चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया बालूमाथ थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गणेशपुर से चोरों द्वारा आईटीसी लैब से छःपीस बैटरी की चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को बालूमाथ थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 105/23 के तहत मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान के क्रम में चोरी की घटना में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से चोरी किया हुआ बैटरी भी बरामद किया गया। गिरफ्तार लोगों में कमलेश यादव 19 वर्ष पिता त्रिवेणी यादव और बिजेंदर उराँव 18 वर्ष पिता भुनेश्वर उराँव दोनो ग्राम कारीमाटी, गणेशपुर थाना बालूमाथ निवासी शामिल हैं।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** लातेहार सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार के निर्देशानुसार महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ अमित खलखो के नेतृत्व में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाए जाने की जानकारी देते हुए, कई दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सूरीन ने बताया कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक सभी बूथों में दवा खिलाया जाएगा। इसके बाद घर जाकर फाइलेरिया की दवा प्रशासकों द्वारा खिलाया जाएगा। इसके बाद भी बचे हुए लोगों को घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। जो भी दवा खा चुके होंगे वैसे व्यक्तियों के नाखून पर मार्किंग की जाएगी। डॉक्टर अमित खलखो ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देशित करते हुए वैसे व्यक्ति जो गंभीर रोगों से ग्रस्त हैं एवं गर्भवती महिलाओं को फाइलेरिया की गोली नहीं खिलाने का निर्देश दिया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका जिन घरों का भ्रमण करेंगे उसे चिन्हित का दीवार लेखन करने का कार्य भी करने का निर्देश दिया। दवा किसी भी कारणवश लोगों के हाथ में देकर नहीं आने का निर्देश दिया। वही दवा खिलाने के बाद यदि किसी तरह की समस्या आती है तो तुरंत ही मेडिकल टीम को इसकी सूचना देने को कहा गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरीन डांग ने जनप्रतिनिधियों से विशेषकर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जहां लोग इन सब चीजों से बचना चाहते हैं उन्हें जागरूक करते हुए दवा लेने हेतु प्रेरित करने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, स्वास्थ्य प्रभारी डॉ अमित खलखो, प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज, सुमन खलखो प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत सेवक, मुखिया उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लबगा में नन्हे कदम ए प्ले स्कूल का अनावरण

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत स्थित रसदा में छोटे-छोटे बच्चों के लिए एक प्ले स्कूल खोला जा रहा है। जिसका उद्घाटन 21 अगस्त 2023 को किया जाना है। स्कूल के लोगो का अनावरण बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा के कर कमलों द्वारा कराया गया। इस संदर्भ में विद्यालय के डायरेक्टर अश्विनी कुमार चौबे एवं मुख्य अतिथि मुखिया विजय मुंडा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे एक प्ले स्कूल की अत्यंत आवश्यकता थी जहां बच्चों के पढ़ाई के साथ उनके मनोरंजन का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि शिक्षा से जुड़ी हर नई तकनीक के साथ सीसीटीवी कैमरे का भी विद्यालय प्रबंधन ने प्रबंध कर रखा है। बच्चे यहां खेल-खेल में बहुत कुछ सीख पाएंगे जिससे उनका मानसिक और शैक्षणिक विकास दोनों समान रूप से होगा। अनावरण के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक चंदा कुमारी किरण कुमारी प्रियंका कुमारी रिया तथा रसदा ग्राम के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपस्थित ग्रामीणों ने भी एक स्वर में इस बात पर सहमति जाताई कि एक प्ले स्कूल में जितनी आवश्यकताएं होती हैं स्कूल प्रबंधन की ओर से वह सारे उपलब्ध कराए गए हैं।

### बरही पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही थाना अंतर्गत दूधपनिया ग्राम निवासी कारू पासवान का पुत्र मनोज पासवान को बरही थाने की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर हजारीबाग न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि मनोज पासवान के विरुद्ध न्यायालय द्वारा अजमानतिय वारंट जारी है। बरही थाना में उसके खिलाफ कांड संख्या 374 /14 दर्ज है।

### पोक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही महिला थाना की पुलिस ने चौपारण बसरिया ग्राम निवासी सुनील स्वर्णकार का 19 वर्षीय पुत्र आलोक सोनी को पकड़कर हजारीबाग न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस बाबत महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी से पूछे जाने पर बताया कि बरही की एक नाबालिक बच्ची ने कोर्ट परिवार दायर किया था। उसी के आधार पर बरही महिला थाना में आलोक सोनी के खिलाफ 2/22, दिनांक 11.1.22 दर्ज है। जिसमें उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट का भी मामला दर्ज किया गया है। उक्त युवक की तलाश की जा रही थी गुप्त सूचना मिलने के बाद छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया।

### शशिभूषण कुमार बनाए गए गोरहर थाना प्रभारी

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग प्रखंड क्षेत्र के गोरहर थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार बनाए गए हैं.बताते चलें कि बीते दिनों स्पेशल ब्रांच पुलिस मुख्यालय नें झारखंड के कुख्यात अपराधी अमन साव को बडकागांव थाना परिसर के अतिथि कक्ष से 27 सितंबर 2019 कि रात भगाने का आरोप लगा हुआ है.इसी के फलस्वरूप विगत दिनों तत्कालीन थाना प्रभारी मुकेश कुमार को जिला बल से तबादला करते हुए जंगल वारफेयर नेतरहाट कर दिया गया था.

### संयुक्त मोर्चा ने सिरका हाजिरी घर व जीएम ऑफिस में किया सभा आयोजित

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संयुक्त मोर्चा ट्रेड यूनियनों के द्वारा कोलयरी सिरका हाजिरी घर के समक्ष शनिवार को सभा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता श्रमिक नेता नागेश्वर महतो ने की। दूसरी ओर जीएम ऑफिस अरगड्डा कार्यालय के पास मीटिंग हुई। इसकी अध्यक्षता अरगड्डा क्षेत्र कामगार प्रतिनिधि सुशील कुमार सिन्हा ने किया। कामगारों को जीएम युनिट में वक्ता बैजनाथ मिस्त्री, सिरका में वक्ता कन्हैया सिंह, धनेश्वर तूरी, सुशील कुमार सिन्हा, मुस्तफा खान, अरुण कुमार सिंह आदि ने संबोधित किया। कामगार नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार चार कोड कानून लाकर कोयला कामगार और किसान विरोधी कार्य कर रही हैं। पहले के 44 कानूनों को समाप्त करने की मंशा हैं। सरकार के गलत नीति के कारण कोलयरी सिरका में अभी तक सीटीओ नहीं मिला हैं। कामगारों को अपने हक अधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा हैं। आगामी 10 अगस्त को रांची में राज्यपाल झारखंड के समक्ष महापड़ाव आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया गया। मौके पर विजेंद्र प्रसाद धनेश्वर पुरी मुस्तफा खान अरुण कुमार सिंह नागेश्वर महतो विनय राम राजेश कुमार मनराज करमाली जगतार सिंह भुट्टो मांझी वंशी विद्या भिखारी मुखिया कृष्णा चौहान विजय केवट सुखदीप महत्व धनंजय डे अशोक नायक विश्वनाथ मांझी समेत कई कामगार उपस्थित थे।

### झारखंड पार्टी जिला सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अरगड्डा बैगामोड़ के झारखंड पार्टी कार्यालय के प्रांगण में शनिवार को झापा के जिला सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने झापा सम्मेलन को लेकर अपनी बातें रखी। कहां कि आगामी दिनों में केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में जिला सम्मेलन की तिथि घोषित की जाएगी। जिसके लिए झापा सदस्यता अभियान की गति तेज करने की बात कही गई। बैठक की अध्यक्षता झापा मांडू प्रभारी सोमदेव करमाली व संचालन झापा युवा नेता आकाश करमाली ने किया। बैठक में झापा केंद्रीय सदस्य भवानी शंकर गुप्ता, जाकिर अंसारी, गंभीर करमाली, चंद्रशेखर पोद्दार, सुरेश मुंडा, रमण बेदिया, कोका करमाली, लालू बेदिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 4 बंद पड़े खदानों में मत्स्य पालन शुरू करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बंद पड़े खदानों एवं खदानों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के मद्देनजर तैयार की गई परियोजना की जानकारी दी गई। जिला मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत आरा क्षेत्र में कुज्जू मत्स्य जीवी सहयोग समिति के द्वारा बंद खदान नंबर 8 में मत्स्य पालन का कार्य किया जा रहा है जिससे की समिति को काफी फायदा हुआ है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 4 बंद पड़े खदानों को चिन्हित कर मत्स्य पालन का कार्य किया जाना है।

## प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ के रौता स्थित फैक्ट्रियों से हो रहे प्रदूषण के खिलाफ नईसराय एवं आसपास के ग्रामीणों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया । यह धरना प्रदर्शन मोहम्मद सलीम खान की अध्यक्षता एवं नेतृत्व में रौता बस्ती स्थित फैक्ट्रियों के खिलाफ हुआ । जिसमें नईसराय और आसपास के ग्रामीणों ने कहा फैक्ट्री मालिक अगर प्रदूषण पर रोक नहीं लगाया तो इससे बड़ा धरना प्रदर्शन होगा यहां के फैक्ट्रियों में ताला जड़ दिया जाएगा । आज की धरना प्रदर्शन को फैक्ट्री मालिक अनदेखा ना करें और प्रदूषण के लिए करके जल्द से जल्द कुछ उपाय करें । इस इस धरना प्रदर्शन में हर धर्म और हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । इसमें मुख्य रूप से नईसराय से मदन राय चरण राय अर्जुन ठाकुर बलेसर ठाकुर सलीम खान मुमताज अंसारी मोहम्मद मुन्ना अशोक ठाकुर राजू ठाकुर मोहम्मद आशिक मोहम्मद साहबान यूनुस खान मोहम्मद मुजीब जावेद खान इमरान खान मोहम्मद जसीम मोहम्मद वकील मोहम्मद आरिफ बाबू खान सुनील राय मत फैजान बिट्टू खान मोहम्मद अरमान इब्राहिम खान मोहम्मद हसनैन साजिया प्रवीण सविता देवी रेहाना खातून नजमा खातून सम सुन खातून समीना खातून शाहजहां खातून रुखसाना खातून शाहिदा खातून सब्बू परवीन वायदा खातून सोनी परवीन तारीख खान नीलू परवीन शकीला खातून एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## अरगड्डा-सिरका एनपीएस स्कूलों का बीईओ ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा-सिरका के नव प्राथमिक विद्यालय और मध्य विद्यालय का शनिवार को बीईओ रामगढ़ टू सुलोचना देवी के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सिरका एनपीएस चाणक, एनपीएस कहुआबेड़ा, अरगड्डा एनपीएस नीचे धौड़ा, एनपीएस झोपड़ी, हेसला महुआटांड़ एनपीएस, मध्य विद्यालय हेसला में भ्रमण कर स्कूल व्यवस्था, पढ़ाई लिखाई, शिक्षकों की उपस्थिति के बारे में जाना।

साथ ही शिक्षा सुधार के लिए कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर सीआरपी आशुतोष सिन्हा, प्रधानाध्यापक सत्येंद्र प्रसाद, प्राचार्य संजय प्रसाद, संजय कुमार, धर्मनाथ, प्राचार्या सबिता कुमारी, गीता कुमारी, सहायक शिक्षक रवि हांसदा, रसोईया अनीता कुमारी, अरुणा कुमारी, प्रबंधन समिति के राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## राज्यपाल से मिले सदर विधायक मनीष जायसवाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने झारखण्ड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से राजभवन में मिलकर शिक्षा संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सार्थक व विस्तृत चर्चा की ।विधायक मनीष जायसवाल ने राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से सरकार द्वारा अनुमति प्रदान किए जाने के बावजूद भी हजारीबाग के कॉलेजों (मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स व संत कोलंबा कॉलेज) में इंटर का नामांकन नहीं होने का मामला रखते हुए विद्यार्थियों का इन कॉलेजों में इंटर का नामांकन से वंचित नहीं की बात कही। उन्होंने विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर की बहाली नहीं होने का मामला उठाते हुए उनसे कहा की झारखंड में वर्ष 2008 से ही विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर की बहाली नहीं हुई है जिसका दंश शिक्षकों के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ना मिलने से विद्यार्थियों को भी झेलना पड़ रहा है। विधायक मनीष जायसवाल ने महामहिम राज्यपाल से विश्वविद्यालयों के टीचिंग एंड नॉन- टीचिंग स्टॉफ के लिए जेपीएससी के तर्ज पर एक कमीशन बनाने की मांग की है, ताकि राज्य में शिक्षकों का जीवन स्तर के साथ-साथ शिक्षा का भी उत्थान हो सके ।राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने विधायक मनीष जायसवाल के सभी विषयों को ध्यान से सुना-समझा और जल्द ही इस ओर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है ।

## लोटस लिटिल स्कूल के बच्चों को कराया गया पोस्ट ऑफिस भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पतरातू मेन रोड स्थित लोटस लिटिल स्कूल के बच्चों को शनिवार को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पोस्ट ऑफिस भ्रमण करवाया गया। इस संदर्भ में स्कूल के डायरेक्टर आशीष कुमार ने बताया कि आज के जमाने में बच्चे मोबाइल, इंस्टाग्राम,व्हाट्सएप,और फेसबुक के बारे में तो अच्छी तरह से जानकारियां रखते हैं मगर पोस्ट ऑफिस से हमें क्या लाभ हैं और इसके क्या क्या कार्य हैं बच्चे इससे अवगत नहीं हैं। इस विषय पर उनकी जानकारी में वृद्धि लाने के उद्देश्य से बच्चों को पोस्ट ऑफिस भ्रमण कराया गया। जहां पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों एवं उनके कार्यकलापों तथा पोस्ट ऑफिस के हमारे जीवन में महत्व को विस्तार पूर्वक बताया गया।पोस्ट आफिस भ्रमण का कार्यक्रम विद्यालय के डारेक्टर आशीष कुमार के साथ निशात फिरदौस और अरूणा कुमारी के संरक्षण में करवाया गया।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत परिसंपत्तियों का वितरण किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** शनिवार को चुरचू प्रखंड के इंदरा पंचायत सभागार में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पशुपालक पदाधिकारी सह जिला गव्य विकास पदाधिकारी हज़ारीबाग के मद से ग्राम पंचायत इंदरा के दो लाभुकों के बीच बकरियों का वितरण किया गया, जिसमें लाभुक ~ बिलाखो देवी, पति - स्वर्गीय भुनेश्वर महतो और भूमि प्रसाद पिता स्व. विष्णु साव के बीच किया गया। वही मुख्य रूप से इंदरा पंचायत मुखिया राधिका देवी, उपमुखिया विनोद कुमार, पूर्व मुखिया दशरथ महतो, रूह्व - राजेश शर्मा चिकित्सक पदाधिकारी चुरचू, बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो, नीलकंठ महतो झामुमो जिला सचिव ,राजकुमार प्रसाद बीएफटी साथ कई ग्रामीण उपस्थित हुए।

### पीड़िता को न्याय दिलाने को लेकर ग्रामीण हुए गोलबंदए कहा-

## महिला के साथ छेड़खानी करने वाला युवक अबतक पुलिस के गिरफ्त से बाहर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही थाना अंतर्गत धनवार पंचायत की गांव की एक पीड़ित महिला को न्याय दिलाने के लिए गांव के लोग गोलबंद हो गए। इस संबंध में शनिवार को गांव में वृहद स्तर पर बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने किया। ग्रामीणों ने बताया कि महिला के साथ छेड़खानी करने वाला युवक अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है। महिला के साथ दुर्व्यवहार किया गया और आरोपी खुले में घूम रहे हैं, जबकि दूसरे पक्ष के द्वारा इनके परिजन को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया। वही निर्णय लिया गया कि अगर पुलिस एकतरफा कार्रवाई करती है तो गांव के लोग भी चुप नहीं बैठेंगे, इसके लिए व्यापक स्तर पर आंदोलन करेंगे। पीड़ित महिला ग्रामीणों के बीच रो-रो कर अपना दर्द बता रहीं थी। वही ग्रामीणों ने कहा कि एक संगठन के द्वारा एससी/एसटी एक्ट को हथियार बनाकर लोगों को फंसाया जा रहा है, जो काफी दुखद है। वही कहा कि कुछ दिन पहले एक संगठन के लोगों के द्वारा दुर्गा मंदिर परिसर में बाबा भीमराव अंबेडकर की फोटो रखकर माहौल बिगड़ने का काम किया गया था। मौके पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुशवाहा, नरेश कुमार, गुलाम सरवर, चन्दन केसरी, कमलेश कुशवाहा, संजय केसरी, भीम केसरी, कैलाश केसरी, संतोष प्रजापति, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, तिलक यादव, केसो यादव, सकलदेव यादव, रामसहाय यादव, मनोज यादव, रंजन यादव, कपिलदेव यादव, राजदेव यादव, उमेश यादव, मनोज केशरी, राजेश केशरी, कृष्णा केशरी, शंकर केशरी, संजय केशरी, सुरेश ठाकुर, लक्ष्मण कुशवाहा, दिलीप केशरी, विनय केशरी, प्रदीप केशरी, प्रकाश सिंह, टुकलाल राणा, छत्रधारी साव, इंद्रदेव यादव, सीताराम साव, जागेश्वर साव, रमेश केशरी, राजेश कुमार, विनय कुमार, महेंद्र कुमार, संदीप कुमार, विनोद कुमार, पवन कुमार, मंटू कुमार, मनोज कुमार, सोनू कुमार, अजीत कुमार, देवनाथ सिंह, महेश सिंह, अर्जुन सिंह, अशोक सिंह, दिनेश सिंह, अरूण सिंह, बाबूलाल सिंह, सहदेव सिंह, पूरण सिंह, निर्मल कुमार, राजेश सिंह, अरविन्द सिंह, रामजी भुईया, बुधन भुइयां, गुड़ा भुईयां, होरियल भुईयां, सुनील सिंह, बसंत प्रसाद, लालजीत सिंह, परमेश्वर सिंह, कुलदीप सिंह, कमल सिंह, बसंत प्रसाद, दिनेश सिंह, पप्पू सिंह, राजकुमार प्रसाद, लक्ष्मी देवी, शनिचरी देवी, कुंती देवी, सीता देवी, भुनेश्वरी देवी, लीला देवी, बालेश्वरी देवी, सबीया देवी, सुरजी देवी, गौरा देवी, समरी देवी, विमला देवी, मोहनी देवी, रेखा देवी, सीमा देवी, कंचन देवी, भटनी देवी, कर्मी देवी, चमेली देवी, समुद्री देवी, मुद्रिका देवी, मुंद्रिका देवी, सुदामा देवी, सहित काफी संख्या में महिला पुरुष एवं युवा उपस्थित थे।

## परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि बढ़ाने के संबंध में परीक्षा नियंत्रक से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सेमेस्टर टू में भरे जाने वाले परीक्षा प्रपत्र में डीजी लॉकर के द्वारा पीन जनरेट होने के बाद ही परीक्षा प्रपत्र भरा जा रहा है। इसके लिए छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड मोबाइल से लिंक होने पर ही डीजी लॉकर बन पा रहा है,दूसरे समसत्र के छात्रों से मिली सूचना के बाद छात्र मोर्चा के पदाधिकारीयों ने परीक्षा नियंत्रक से मुलाक़ात कर आवेदन दिया।मौके पर छात्र नेताओं ने बताया की बहुत सारे ग्रामीण छात्र-छात्राएं ऐसे हैं जिनके पास मोबाइल नंबर नहीं है। बहुत लोग जो पुराने समय में आधार कार्ड बनाए हैं उनके नंबर किसी कारणवश डिलीट हो गए हैं या बदले गए या खराब हो गया है।आधार कार्ड बनाने वाले या सुधारने वाले के पास जाने के बाद तीन-चार दिन या सप्ताह भर का भी समय लिया जा रहा है।मौके पर छात्र-छात्राओं के हित को देखते हुए परीक्षा प्रपत्र की तिथि को बढ़ाने का आग्रह छात्र मोर्चा ने परीक्षा नियंत्रक से किया।मौके पर मुख्य रूप से मौजूद थे। चंदन सिंह,लड्डू यादव, साजन मेहता, विकास तिवारी, अनिल कुमार, सुनील कुमार।

## 520 अग्निवीरों के अग्रणी बैच के पासिंग आउट परेड का समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सिख रेजिमेंटल सेंटर रामगढ में 520 अग्निवीरों के पहले बैच की उत्कृष्ट पासिंग आउट परेड का समापन किया। जिन्होंने रेजिमेंटल सेंटर में अपना कठोर प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। उन्होंने रेजिमेंट के आदर्श वाक्य ÷निश्चय कर अपनी जीत करूं÷ को साझा किया है और मजबूत, कुशल और लचीले सैनिक बन गए हैं, जो साहस, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ देश की सेवा करने के लिए तैयार हैं। प्रतिष्ठित हरबख्श ड्रिल स्क्वायर पर आयोजित समारोह में ड्रिल, अनुशासन और व्यावसायिकता का प्रेरक प्रदर्शन देखा गया, जो प्रत्येक अग्निवीर में उनकी प्रशिक्षण यात्रा के दौरान पैदा किए गए मूल मूल्यों को दर्शाता है। अग्निवीरों के परिवार के सदस्य, प्रशिक्षक संकाय और रामगढ़ जिले के सम्मानित अतिथि इस महत्वपूर्ण अवसर का गवाह बनने के लिए एकत्र हुए, उन्होंने अग्निवीरों की उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सराहना की। प्रतिष्ठित प्रशिक्षकों और अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में, अग्निवीरों ने हथियार, सामरिक प्रशिक्षण, नेतृत्व और नैतिकता सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल को निखारा है। उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनकी अदम्य भावना निस्संदेह उन्हें भारतीय सेना के बेहतरीन प्रतिनिधियों के रूप में अलग करती है। परेड की समीक्षा लेफ्टिनेंट जनरल पीजीके मेनन, यूवाईएसएम, एवीएसएम, सैन्य सचिव और सिख रेजिमेंट के कर्नल ने की। अग्निवीरों को अपने संबोधन के दौरान, उन्होंने उनकी अनुकरणीय परेड के लिए उनकी सराहना की और राष्ट्र के भावी नेताओं को तैयार करने में रेजिमेंटल सेंटर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उल्लेख किया कि रंगरूटों से प्रशिक्षित सैनिकों तक की उनकी यात्रा उनके समर्पण और हमारे महान राष्ट्र की रक्षा और सुरक्षा के लिए असाधारण सैनिकों को तैयार करने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जैसे ही वे अपने संबंधित कार्य पर आगे बढ़ेंगे, अग्निवीर अपने साथ सम्मान, अखंडता और वीरता के मूल्यों को लेकर चलेंगे, जिन्हें उन्होंने अपने पूरे प्रशिक्षण के दौरान आत्मसात किया है। जबकि मीडिया से बातचीत करते हुए, सिख रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट, ब्रिगेडियर शैलेश सती ने उल्लेख किया कि ये अग्निवीर भारतीय सेना और सिख रेजिमेंट की गौरवशाली विरासत को बनाए रखना जारी रखेंगे। उन्हें विश्वास था कि उन्हें दिया गया प्रशिक्षण उन्हें अपनी-अपनी इकाइयों में शामिल होने पर सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने और देश की सुरक्षा में योगदान देने में सक्षम बनाएगा।

### रामगढ़ के पंजाब रेजीमेंट सेंटर में आयोजित पासिंग आउट परेड में 184 अग्निवीर जवान शामिल हुए

**रामगढ़ :** प्रथम बैच के 184 अग्निवीर जवान रामगढ़ के पंजाब रेजीमेंट सेंटर में आयोजित पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। पासिंग आउट परेड का निरीक्षण पंजाब रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय चंद्र काण्डपाल ने किया। मिलिट्री धुन के बीच अग्नि वीर जवानों ने शानदार रेड प्रस्तुत किया मौके पर अग्निवीर जवानों के परिजन समेत आर्मी ऑफिसर स्कूली बच्चे इस पल के गवाह बने। पासिंग आउट परेड के बाद 184 अग्निवीर रिक्रूट्स अब राष्ट्र की सेवा के लिए रेजिमेंट की विभिन्न इकाइयों में तैनात होंगे । ब्रिगेडियर संजय चंद्र काण्डपाल ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब रेजीमेंट सेंटर का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं का इतिहास काफी गौरवशाली है हर युद्ध में हमने दुश्मन का मटियामेट किया है । हमें अपने नाम ,नमक और निशान पर काफी गर्व है।

## विधेयक छात्र हित में नहीं, संशोधन की जरूरत : गौतम महतो




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ जिला के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आभा भवन रामगढ़ में किया गया प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रांत एसएफडी प्रमुख गौतम कुमार महतो, जिला संयोजक शुभम गिरी , प्रदेश कार्य समिति सदस्य मधु सिंह, नगर मंत्री शिवम कुमार, नगर सह मंत्री तनु कुमारी, गौतम महतो ने कहा की वर्तमान समय मे हेमंत सरकार के द्वारा झारखण्ड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 पारित किया गया है जो अंग्रेजी हुकूमत की रॉलेट एक्ट के भाती ही काला कानून छात्रो के लिए साबित होने जा रहा है।उस विधेयक मे कुछ प्रमुख बिंदु जिससे ये विधेयक गैर संवैधानिक है और परिसर मे पनप रहे नए नेतृत्व को कुचलना चाह रही है। जो की किसी छात्र को सिर्फ आरोप पत्र दाखिल होने पर ही परीक्षा से वंचित कर देना । पेज संख्या 12 के कंडिका संख्या 13 का एक में इस विधेयक की दूसरी खामी यह है कि , इसमें प्रारंभिक जांच के बिना ही किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जा सकता है उस पर प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है।

जबकि इसी प्राथमिकी के आधार पर परीक्षार्थी को परीक्षाओं से वंचित करने का भी प्रावधान है। पेज नम्बर 8 के कंडिका संख्या 13 का एक में यह लिखा गया है सिर्फ चार्टशीट हो जाने के आधार पर किसी परीक्षार्थी को परीक्षा देने से वंचित कर देना गैरकानूनी है। शुभम गिरी ने कहा की भारतीय संविधान कहता है कि दोष सिद्ध ना हो जाने तक कोई व्यक्ति दोषी नहीं माना जा सकता है जबकि विधेयक के अनुसार सिर्फ आरोप लगने पर ही प्रतियोगियों को परीक्षा देने से वंचित कर देने का प्रावधान है जांच चलने तक उसे परीक्षा में शामिल ना होने का आदेश देना एक काला कानून है क्योंकि भारतीय न्याय व्यवस्था में इस तरह के मामलों के निर्णय है तुरंत नहीं आते।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## नमो कैरम टूर्नामेंट का दिखा रोमांच

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल के विधायक सेवा कार्यालय परिसर में नमो कैरम प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों का उत्साह अपने चरम सीमा पर रहा। कैरम टूर्नामेंट का रोमांच देखने दर्शकों का भी तांता लगा रहा। टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के साथ महिला वर्ग ने भी अपनी अहम हिस्सेदारी निभाई ।सदर विधायक माननीय मनीष जायसवाल के कार्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में 60 से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लेकर कैरम के प्रति अपने आकर्षण को प्रस्तुत किया। महिला वर्ग में अंजली पांडेय ने शिवानी कुमारी को पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में इंद्रजीत कुमार और राजेश भेंगरा सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुके हैं। विजय राम, श्याम सुंदर शर्मा, उत्कर्ष कुमार, कमाल कुरैशी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुके हैं। इस आयोजन में हजारीबाग कैरम एसोसिएशन के संरक्षक भैया मुरारी कुमार सिन्हा, अध्यक्ष जेपी जैन, सचिव रविंद्र कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रहलाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. भैया असीम कुमार, विधायक खेल प्रतिनिधि बंटी तिवारी, जयप्रकाश, विशेषांक वर्मा, सतीश यादव, राजेश, जितेंद्र, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी तथा अंपायर की भूमिका में सत्यम कुमार सिंह, रितिक राणा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस तीन दिवसीय नमो कैरम टूर्नामेंट का रविवार को फाइनल खेला जाएगा और सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट में विधायक मनीष जायसवाल की ओर से प्रथम विजेता को 51 सौ रुपए, उपविजेता को 31 सौ रुपए, तृतीय पुरस्कार 21 सौ रुपए और चतुर्थ पुरस्कार 21 सौ रुपए एवं विजेताओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट के समापन के अवसर पर सदर विधायक मनीष जयसवाल खुद उपस्थित रहेंगे और प्रतिभागी खिलाड़ियों का हौसलाआपजाई करेंगे। ज्ञात हो कि शुक्रवार को इस टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ था। नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के तर्ज पर विधायक मनीष जायसवाल ने नमो कैरम टूर्नामेंट का आयोजन क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों के लिए कराया है। विधायक मनीष जायसवाल अपने घोषणा अनुरूप खेल के विभिन्न विधाओं में नमो के नाम पर प्रतिस्पर्धा का आयोजन कराएंगे। इसी कड़ी में फुटबॉल के बाद यह कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।

## हनुमान भक्तों ने मंदिर छत से 21 फीट ऊंची गुंबद बनाने का लिया निर्णय

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):**अरगड्डा के चौहान मोहल्ला में निर्माण हो रहे श्री राम, जानकी, हनुमान मंदिर गुंबद बनाने को लेकर शनिवार समिति सदस्यों व ग्रामीणों ने बैठक किया। बैठक में कहां गया कि मंदिर छत निर्माण के पश्चात अब छत से गुंबद को 21 फीट ऊंचा बनाया जाएगा। इसके लिए अरगड्डा समेत आस-पास के भक्तजनों से सहयोग की भी अपील की गई हैं। बैठक की अध्यक्षता भीमसेन चौहान ने किया। मौके पर अर्जुन चौहान, विनोद चौहान, धर्मेंद्र चौहान, किशोर साहू, शिवनारायण चौहान, सुजीत चौहान, कौशल यादव, सुरेंद्र चौहान, पिंकी चौहान, विक्रम, भीम चौहान, विक्की, प्रमोद चौहान आदि भक्त उपस्थित थे।

## दिन हो या रात झारखण्ड में कोई सुरक्षित नहीं है : विकास राणा

**हज़ारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीच शहर के इमली कोठी के पास दोपहर में सरेआम गोली चलाई गई जो कि झारखण्ड की वर्तमान सरकार की सुरक्षा व्यवस्था की कलई खोल दिया ये बात आजसू से जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा! उन्होंने कहा कि आये दिन हज़ारीबाग में चोरी, छिनतई और हत्या की लगातार घटना होते जा रही है और जिला प्रशासन इसपर अंकुश लगाने में नाकाम रही है ! एक दिन के लिए ही नहीं, कोई अगर एक घंटे के लिए भी घर से बाहर गया तो उसके घर में चोरी हो सकती है ! आज झारखण्ड की सरकार अपराध नियंत्रण पर अंकुश लगाने ने फेल है !पहले तो लोग रात में अपने आप को असुरक्षित मासूस करते थे लेकिन अब दिन हो या रात झारखण्ड में कहीं भी कोई भी सुरक्षित नहीं है । इस प्रकार की घटना की मैं घोर निंदा करता हूँ ।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच हजारीबाग इकाई ने की बैठक

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच हजारीबाग इकाई के द्वारा गुरुवार को देर रात्रि अग्रसेन भवन के सभागार में एक आम बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता युवा मंच के अध्यक्ष सी.ए विनीत अग्रवाल ने किया। बैठक प्रारंभ के उपरांत युवा मंच को विस्तार करने को लेकर विभिन्न प्रकार की वार्तालाप की गई जिसके उपरांत अगस्त माह में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करने को लेकर रूपरेखा तैयार किया गया जिसमें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के दिन डेमोटांड़ स्थित बिरहोर बस्ती के लोगों के बीच सेवा प्रदान की जाएगी। जिसके बाद विभिन्न प्रकार की सेवा कार्य को आयोजित किया जाएगा। बैठक में युवा मंच के सेवा कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।मौके पर अध्यक्ष सी.ए विनीत अग्रवाल ने कहां की सेवा ही लक्ष्य के उद्देश्य युवा मंच करेगा अपना कार्य। इसी के दृष्टिकोण से 15 अगस्त के दिन बिरहोर बस्ती के बच्चों संग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा 7 वर्तमान समय को देखते हुए युवा मंच उन्हें हर संभव मदद करने के लिए तैयार रहेगा। साथ ही अध्यक्ष ने कहा कि युवा मंच अगस्त माह में कई कार्यक्रम को आयोजित करेगी जो समाज के प्रति एक मिसाल पेश करेगी। मौके पर धीरज जैन,सोनू अग्रवाल,लखन खण्डेलवाल,विनीत मुनका,अनिकेत जैन, बादल गोयल,लखन वैध, सावन अग्रवाल,सौरव गोयल, मीडिया प्रभारी सचिन खंडेलवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## सहकारिता के माध्यम से जिले के विकास की अपार संभावनाएं : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड, चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष से सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड व जिला सहकारिता कार्यालय द्वारा गठित समितियों की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को सहकारिता कार्यालय के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से जिले के विकास की अपार संभावनाएं हैं। मौके पर उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को जिले में संचालित पैक्स केंद्रों, डिफॉल्टर पैक्स केंद्रों, डिफॉल्टर पैक्स केंद्रों पर की गई कार्रवाई, पैक्स केंद्रो में चुनाव की वर्तमान स्थिति, सहकारिता के क्षेत्र में संचालित योजनाओं एवं उनके वर्तमान स्थिति आदि से संबंधित सूची 11 अगस्त 2023 तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कृषि वनोपजों, वनोपजों का वर्तमान बाजार मूल्य, वनोंपजों की बेहतर मार्केटिंग व बाजारों में मांग से संबंधित विस्तृत जानकारी व कार्य योजना के साथ 11 अगस्त 2023 को बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया।

## प्रखंड स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** शनिवार को ओरमांझी प्रखंड परिसर में अध्यक्ष अलखनाथ महतो की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक का संचालन सचिव अकबर अंसारी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अलखनाथ महतो ने कहा कि राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ ने विगत एक महीने से राजभवन के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना प्रर्दशन किया जा रहा है। लेकिन एक महीने बीत जाने के बावजूद भी सरकार की ओर से कोई पहल नहीं किया गया है। ये बहुत ही दुख की बात है। सरकार ने चुनाव के समय नारा दिया था, की बदलो सरकार और पाओ अधिकार। लेकिन झारखंड के 18000 पढ़े लिखे युवा आज सड़कों पर है, लेकिन अभी तक सरकार को फुरसत नहीं है कि वार्ता करे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड के सचिव अकबर अंसारी ने कहा कि सरकार को अभी तक वार्ता कर लेना चाहिए, लेकिन राज्य सरकार किए हुए वादे को भूल गई है। और वार्ता नही करना चाह रही है। अगर संघ की पांच सूत्री मांगों पर विचार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। और संघ की मजबूती और धरना प्रदर्शन पर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए लोगों को कहा। बैठक में मुख्य रूप से मोहसिन रजा, नजमुल हक, रामप्रसाद महतो, तबारक हुसैन, रयूम अंसारी, अरविंद महतो, परमेश्वर गोप, जगदीश मुंडा, यहोशू तिर्की, आदि उपस्थित थे।

## पडरिया में आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** हआदिवासी संघर्ष मोर्चा के द्वारा शनिवार को पडरिया में सरना स्थल के समीप विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता रामबृक्ष बेदिया व संचालन लाका बेदिया ने किया। बैठक में सीपीआईएम नेता सुभाष मुंडा की हत्या गिरफ्तारी, महाराष्ट्र में ट्रेन फायरिंग, हरियाणा दंगा, मध्यप्रदेश में एक आदिवासी युवक पर पेशाब कांड, मणिपुर में 3 महीनों से जारी हिंसा तबाही को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब तलब किया गया। कहां समान नागरिकता संहिता को सरकार अभिलंब रद्द करें। जिससे आदिवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकें। आगामी 9 अगस्त को अरगड्डा बिरसा चौक पर आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय हुआ। मौके पर प्रयाग बेदिया उमेश बेदिया, रघु बेदिया, देवकी बेदिया, सुगिया देवी, सलमतिया देवी, लुलो देवी, सरस्वती देवी, शीला देवी, कदमी देवी, सरली देवी, गंणशी देवी, राजेंद्र बेदिया, सुनीता देवी, मुलैया, देवी, आरती देवी समेत कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

## ताइक्वांडो संघ की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** रांची के ओरमांझी स्थित इंटेक मोड, रंगला पंजाब रिजॉर्ट में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में गठित झारखंड ताइक्वांडो संघ (एडहॉक कमेटी) की बैठक संपन्न हुई।इस सभा में विभिन्न 18 जिलों से आए हुए ताइक्वांडो प्रशिक्षकों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया झारखंड ताइक्वांडो संघ (एडहॉक कमेटी) की बैठक एडहॉक कमेटी के चेयरमैन एवं ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष एल सुकून सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई चेयरमैन एल स्कूल सिंह जी के समक्ष विभिन्न जिलों से आए हुए प्रशिक्षकों एवं झारखंड के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्याओं तथा खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का आर्थिक दोहन एवं खिलाड़ियों को ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में संचालित आधिकारिक प्रतियोगिता में भाग लेने से रोका जाना तथा कई अन्य समस्याओं से अवगत कराया चेयरमैन श्री एल स्कूल सी जी ने विभिन्न जिलों से आए हुए प्रशिक्षकों एवं प्रतिनिधियों को कहा कि उनकी समस्याओं को ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया को अवगत कराकर यथासंभव समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से निरज कुमार ,फारूख नदीम, संतोष कुमार शर्मा, बंमबंम देव ,संतोष कुमार, मंजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

## पासवा के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे दिवड़ी मंदिर, की पूजार्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे सपरिवार दिवड़ी मंदिर पहुंचे एवं मां दिवड़ी के दर्शन किए,माथा टेका, आशीर्वाद लिया एवं राज्य की बेहतरी, समृद्धि,तरक्की, खुशहाली एवं सौहार्द के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर आलोक दूबे ने कहा दिवड़ी मंदिर झारखण्ड एवं रांची की पहचान बन चुका है। पहाड़ों और जंगलों से घिरे झारखंड में धार्मिक स्थल आस्था और विश्वास के साथ साथ पर्यटन एवं रोजगार के भी अवसर पैदा करता है। जहां लाखों लोगों की जीविका उपार्जन के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। मीडिया कर्मियों से बात करते हुए आलोक दूबे ने कहा 10 एवं 12 वीं के टॉपर्स बच्चों को पासवा के सौजन्य से झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा सहित अन्य शिक्षाविदों द्वारा सम्मानित किया जाएगा जिसमें बच्चे, अभिभावक, प्रिंसिपल, डायरेक्टर मिलाकर 5 हजार लोग शामिल होंगे। प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर जमशेदपुर में खासा उत्साह है।

## सांसद जयंत सिन्हा ने रामगढ़ में की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**रामगढ़ :** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा शनिवार को रामगढ के शिवम इन के सभागार मे प्रेस वार्ता को संबोधित किया झारखंड की जर्जर कानून व्यवस्था को लेकर कहा की झारखंड में आज कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है,राज्य में आपराधिक घटनाये दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। उन्होंनें कहा कि राज्यपाल सी पी.राधाकृष्णन. जी के समक्ष भी इस गंभीर मामलें को रखने जा रहे है।एन.सी.आर.बी की क्राइम इन इंडिया की दर 4?1प्रतिशत है।सांसद जंयत सिन्हा ने कहा कि झारखंड कि जे एम एम कांग्रेस सरकार की नीतियों और व्यवस्थाओं से जनता बेहद त्रस्त और दुखी है। उन्होंने बताया कि हम लोगों को रामगढ़ में एक बहुत बड़ी सौगात मिलने वाली है।

## शपथ पत्र

मैं सहार अंसारी उर्फ़ अब्दुल सत्तार पिता मोहम्मद हमीद साकिन करम्बा, पोस्ट - कपिलो, थाना - सरिया, जिला - गिरिडीह शपथ पूर्वक ब्यान करता हुँ की मेरी उम्र लगभग 48 वर्ष है, मेरा आधार कार्ड संख्या 3346 2992 7323, पैन कार्ड संख्या - ATAPA9591M एवम मतदाता पहचान पत्र संख्या - HZW625428 में मेरा नाम सहार अंसारी, पिता -मोहम्मद हमीद दर्ज है लेकिन भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी 542578027 में अब्दुल सत्तार दर्ज हो गया है, सहार अंसारी और अब्दुल सत्तार दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो स्वयं मैं ही हुँ। उपरोक्त दोनों नामों से अपने गाँव व ग्राम में जाना व पहचाना जाता हुँ, मेरे शिवाय इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। यह शपथ मैं अपने दोनों नामों की पुष्टि करने हेतु कर रहा हुँ।

## शपथ पत्र

मैं अजीज अंसारी पिता स्वर्गीय पाण्डेय मियाँ साकिन - चिरुवां, पो - कपिलो, थाना -सरिया, जिला - गिरिडीह के निवासी हुँ शपथ पूर्वक ब्यान करता हुँ की :- मेरा उम्र लगभग 51वर्ष है, मेरा आधार कार्ड संख्या - 481184930394 बैंक ऑफ़ इंडिया खाता संख्या - 480210100005456 में मेरा नाम अजीज अंसारी, पिता स्वर्गीय पाण्डेय मियाँ दर्ज है, लेकिन भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी संख्या -542564160 में मेरा नाम ABDUL AZIZ पिता - KHERAT ALI MIYAN दर्ज है। अजीज अंसारी पिता - स्वर्गीय पाण्डेय मियाँ और ABDUL AZIZ पिता KHERAT ALI MIYAN दोनों नामों के एक ही व्यक्ति है, जो मेरे पिता थे। यह शपथ पत्र अपने दोनों नामों एवम पिता के दोनों नामों के लिये कर रहा हुँ।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(लापता महिला रेखा कुमारी, उम्र–18 वर्ष लगभग)**



मेराल थाना सनहा सं0–19/23, दिनांक–27.07.2023 में लापता महिला रेखा कुमारी, उम्र–18 वर्ष, पिता–विद्या प्रजापति, सा0–गोन्दा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड की रहने वाली है। जो दिनांक–18.07.2023 को दोपहर समय करीब 02:00 बजे घर से यह कहकर निकली की सिलाई सेन्टर, गढ़वा जा रहे है, जो अभी तक वापस घर नहीं आयी है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया।

परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता महिला रेखा कुमारी, उम्र–18 वर्ष, पिता–विद्या प्रजापति के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम–रेखा कुमारी,
उम्र–18 वर्ष,
रंग–गोरा,
पहनावा–सूट पीला रंग,
लाल रंग सैंडिल, हरा रंग का पीठू बैग।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 304082 (Police)23-24*D



## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–11 वर्ष 2023–24

दिनांक– 05.08.2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | :– | दिनांक – 14.08.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | :– | दिनांक – 16.08.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक – 16.08.2023 अपराह्न 4.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। 2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 9. | कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of 200mm X 150mm dia X 190 Mtrs. Deep HYDT with 2 HP Solar Motor Pump in Dharbhanga PHC under Tatijhariya Block of Hazaribag District under under D.W.& S. Division Hazaribagh for the year 2023-24 on "TURN KEY BASIS" | 4,87,210/- | 10,000/- | 750/- | 01 Month |

निविदा की शर्त्ते विभागीय वेबसाईट www.daa.jharkhand.gov.in एवं इस कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। इच्छुक एजेंसी परिमाण विपत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से भुगतेय होगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
हजारीबाग

PR 304127 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



## झारखण्ड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर
### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- **05/2023-24/RWD/EE/JSR** दिनांक :- **04.08.2023**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ JAMSHEDPUR/ 12/2023-24 | गाँव–गौंडग्राम राजांगा से बाकाई भाया शासनघुटू मोहनाडीह चुकनुटा ँड़ बलियागोड I तक पथ निर्माण कार्य। (लं–10.200 कि0मी0) | 10,19,32,500.00 | दस करोड़ उन्नीस लाख बत्तीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ JAMSHEDPUR/ 13/2023-24 | गाँव पोडग्राम नरसिंह चौक से धातकीगोड़ा साहारघुटू भाया मुरूदघुटू पांडवाकोचा तक पथ निर्माण कार्य। (लं–3.000 कि0मी0) | 3,01,23,400.00 | तीन करोड़ एक लाख तेईस हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.08.2023।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.08.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, जमशेदपुर में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.08.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची के कार्यालय को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय 29.08.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 31.08.2023 अपराह्न 11.00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर परसुडीह थाना, करनडीह ब्लॉक, जमशेदपुर, झारखण्ड, पिन–831002।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0657–2298902
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर के पक्ष में एवं जमशेदपुर में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,
जमशेदपुर

PR 304109 REO(23-24)D



## जिला भू-अर्जन कार्यालय, लातेहार

**आम सूचना**

ज्ञापांक– /भू0अ0 दिनांक–

तुबेद कोयला खान के कोयला निष्कासन हेतु उपमार्गमें अंचल–लातेहार में अर्जित भूमि के मुआवजा राशि का भुगतान हेतु बार–बार शिविर आयोजित कर पचाटियों से वांछित कागजात की मांग किया गया। परन्तु शिविर में उपस्थित नहीं हुए। जिसके कारण अभी तक मुआवजा भुगतान लंबित है। अंचलाधिकारी के द्वारा निर्गत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र के साथ जिला भू–अर्जन कार्यालय, लातेहार में वांछित कागजात वंशावली प्रमाण पत्र, खतियान की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, शपथ–पत्र, एवं नोटिस की छायाप्रति तथा क्षतिपूर्ति बंध पत्र, रंगीन अद्यतन दो फोटो के साथ उपस्थित होकर सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर वांछित कागजात जमा करना सुनिश्चित करें। जिससे की बैध उत्तराधिकारी को बैंक खाता में भुगतान की कार्रवाई किया जा सकें। अन्यथा मुआवजा राशि L.A. कोर्ट डालटनगंज में जमा कर दी जायेगी।

**तुबेद कोयला खान के कोयला निष्कासन हेतु उपमार्ग के पंचाटियों की सूची अंचल– लातेहार**

| क्र. सं0 | वाद संख्या | ग्राम | पंचाट संख्या | पंचाटी का नाम | भूमि का विवरण | | | भुगतान की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | खाता | प्लाट | रकबा | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 12 |
| 1 | 16/2021-22 | नेवाड़ी | 1 | गुप्ता सिंह | 20 | 1064 | 0.11 | कागजात अप्राप्त |
| 2 | 16/2021-22 | नेवाड़ी | 2 | इन्द्रजित सिंह | 45 | 1062 | 0.03 | कागजात अप्राप्त |
| 3 | 16/2021-22 | नेवाड़ी | 4 | अरूण तिवारी | 61 | 1061 | 0.20 | कागजात अप्राप्त |
| 4 | 15/2021-22 | मुरूप | 1 | रामजिवन यादव | 41 | 957 | 0.31 | कागजात अप्राप्त |
| 5 | 15/2021-22 | मुरूप | 2 | रामजिवन यादव | 56 | 7440 | 0.08 | कागजात अप्राप्त |
| 6 | 15/2021-22 | मुरूप | 3 | रामस्वरूप यादव | 59 | 742 | 0.05 | कागजात अप्राप्त |
| 7 | 15/2021-22 | मुरूप | 4 | फनेन्द्र नाथ शाही | 90 | 729 | 1.00 | कागजात अप्राप्त |
| 8 | 15/2021-22 | मुरूप | 5 | दुबराज साहु | 93 | 741 | 0.14 | कागजात अप्राप्त |
| 9 | 15/2021-22 | मुरूप | 6 | बली प्रसाद यादव | 97 | 783 | 0.02 | कागजात अप्राप्त |
| 10 | 15/2021-22 | मुरूप | 7 | धनुप साव | 102 | 733 | 0.12 | कागजात अप्राप्त |
| 11 | 15/2021-22 | मुरूप | 8 | भवानी देवी वगैरह | 107 | 714<br>740 | 0.09 | कागजात अप्राप्त |
| 12 | 15/2021-22 | मुरूप | 9 | मोती साव | 110 | 715<br>786 | 30<br>49 | कागजात अप्राप्त |
| 13 | 15/2021-22 | मुरूप | 10 | बिन्देश्वर यादव वगैरह | 115 | 768<br>784<br>956 | 32<br>0.01<br>0.05 | कागजात अप्राप्त |
| 14 | 15/2021-22 | मुरूप | 11 | शंकर साव | 151 | 753 | 0.07 | कागजात अप्राप्त |
| 15 | 15/2021-22 | मुरूप | 12 | चरवा उरॉव | 160 | 743 | 0.25 | कागजात अप्राप्त |
| 16 | 15/2021-22 | मुरूप | 14 | मोती साव | 110 | 415 | | कागजात अप्राप्त |
| 17 | 15/2021-22 | मंगरा | 1 | बालदेव वगैरह | 41 | 776 | 0.14 | आपसी विवाद |
| 18 | 15/2021-22 | मंगरा | 2 | शशि भूषण सिंह | 56 | 756<br>771<br>772 | 0.41<br>0.6<br>0.52 | कागजात अप्राप्त |
| 19 | 15/2021-22 | मंगरा | 3 | रामजी यादव | 93 | 778/1 | 0.35 | कागजात अप्राप्त |

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
लातेहार

PR 304124 Land Reforms (23-24)_D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# गिरिडीह पुलिस के हाथ लगी बड़ी कामयाबी सात साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। गिरिडीह पुलिस ने सात साइबर अपराधियों को नगदी समेत मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड समेत अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है, वंही देवरी पुलिस ने दिल्ली के मॉडल टाउन थाना इलाके में हुई चोरी के मामले में देवरी पुलिस के द्वारा देवरी थाना क्षेत्र के चोलीडीह गांव एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से जेवरात व अन्य सामान बरामद किया है. जानकारी के मुताबिक युवक मॉडल टाउन थाना इलाके में एक कारोबारी के घर में घरेलू नौकर के रूप में काम करने का काम करता था. जहां से बीते 27 जुलाई को घर में रखे जेवरात की चोरी कर फरार हो गया था। वंही गिरिडीह पुलिस में नकली शराब का कारोबार करने वाले शराब माफिया मोती साव को भी गिरफ्तार कर लिया है, इस शराब माफिया मोती साव को पुलिस को लंबे समय से तलाश थी. इधर एक अन्य मामले का भी पुलिस ने खुलासा कर लिया है।

# गैंगस्टर प्रिंस खान के दो गुर्गो को एटीएस ने दबोचा

## रंगदारी का पैसा जमीन कारोबार में निवेश करता था दानिश और किशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वासेपुर निवासी डिंपी ने पूछताछ में पुलिस के सामने कई खुलासे किये हैं। उसने बताया कि वह प्रिंस खान के लिए काम करता है। रंगदारी के पैसे जमीन कारोबार में निवेश करता है। उससे होने वाली कमाई से हथियार खरीदता था। डिंपी पर बैंक मोड़ थाना में नन्हें खान हत्याकांड समेत तीन मामले दर्ज हैं।

एटीएस की धनबाद में इंट्री होते ही प्रिंस खान के गुर्गो के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गयी है। अभी हाल के दिनों में एटीएस की लगातार कार्रवाई से पांच अपराधी पुलिस के हाथ लगे। इन्हें जेल भेज दिया गया है। इसी क्रम में एटीएस और धनबाद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में डिंपी उर्फ दानिश मल्लिक व तनवीर तस्लीम उर्फ किशन खान को गिरफ्तार किया गया। बैंक मोड़ पुलिस ने डिंपी को जेल भेज दिया। वहीं किशन खान से पूछताछ जारी है।

**प्रिंस के लिए रंगदारी का पैसा वसूलता है किशन खान :-** एटीएस ने बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कुर्मीडीह से गौ तस्कर तनवीर तस्लीम उर्फ किशन खान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान बताया कि वह प्रिंस खान के लिए काम करता था। वह रंगदारी का पैसा वसूल कर लाता था और अपने बॉस तक पहुंचाता था। साथ ही प्रिंस खान का फरार भाई गोपी खान का वह बिजनेस पार्टनर भी था और धनबाद का सबसे बड़ा पशु तस्कर भी है। वहीं इसके खिलाफ बैंक मोड़ थाना में दो कांड, भूली ओपी में एक कांड व हजारीबाग के गोरहर थाना में एक कांड अंकित है।

**हाल के दिनों पकड़े गये अपराधी :-** एटीएस ने बुधवार को



अमन सिंह का शूटर अंगरपथरा में रहने वाले बचन सिंह को गिरफ्तार किया था। साथ ही एटीएस की टीम ने गोविंदपुर स्थित बिहारी लाल चौधरी के दुकान में फायरिंग के मामले में पलामू से प्रिंस खान के शूटर अफजल अंसारी को गिरफ्तार किया था। उसे भी गोविंदपुर पुलिस ने जेल भेज दिया है। जबकि इसके अलावा दो अपराधियों को एटीएस ने गिरफ्तार किया है।

# बंद घर को अपराधियों ने बनाया निशाना, लाखों की संपत्ति लेकर हुए फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद में अपराध की घटनाएं लगातार देखने को मिल रही है। ताजा मामला गोंदूडीह ओपी क्षेत्र का है। जहां अपराधियों ने एक बंद घर को निशाना बनाया और तीन से चार लाख की चोरी कर ली। शुक्रवार देर रात जिले में चोरी की घटना हुई है। एक बंद घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। हालांकि जिला पुलिस आपराधिक वारदातों पर लगाम लगाने में फेल नजर आ रही है।

**चार लाख की संपत्ति की चोरीः-** गोंदूडीह ओपी क्षेत्र के खरीकाबाद न्यू कॉलोनी स्थित बीती रात चोरों ने टिंकू चौहान के घर को निशाना बनाया है। टिंकू ने बताया कि करीब तीन से चार लाख की संपत्ति की चोरी कर मौके से फरार हो गए हैं। टिंकू चौहान अपने घर पर मौजूद नहीं थे, वे ड्यूटी गए हुए थे। इस दौरान चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

**भुक्तभोगी टिंकूने क्या कहा :-** पीड़ित टिंकू ने बताया कि शुक्रवार की रात 9 बजे वह घर में वह ताला बंद कर ड्यूटी चला गया था। सुबह में उसे मां के द्वार घटना की जानकारी दी गई। घर पहुंचने पर देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। करीब ढाई लाख के गहने अलमीरा में रखे हुए थे। इसके साथ ही 20 हजार कैश भी रखा हुआ था। बक्से में बर्तन पड़ा हुआ था। जिसे चोर लेकर फरार हो गए हैं। बताया कि घर के अलमीरा और बक्से का ताला टूटा हुआ था। घर का हर सामान बिखरा पड़ा था। सुबह गोंडूडीह ओपी जाकर मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## डोर टू डोर कचरा उठाने का कार्य शीघ्र हो शुरु : निसार




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद नगर नगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 14 स्थित वासेपुर में डोर टू डोर कचरा उठाने का कार्य इन दिनों बंद है। इस कारण जगह जगह कचड़े का ढेर लग गया है जिससे नर्कीय स्थिति उत्पन्न हो गई है। जनता को हो रही परेशानी को देखते हुए वार्ड संख्या 14 के पूर्व पार्षद मो निसार आलम और उनके सहयोगियों द्वारा हाथों मे तख्तियां लिये धनबाद नगर निगम से डोर टू डोर कचरा उठाने का कार्य शीघ्र शुरु करने की मांग की गई। पूर्व पार्षद मो निसार आलम ने कहा की गंदगी के कारण महामारी की आशंका बनी हुई है। लिहाजा वासेपुर की जनता को कोई कठिनाई ना हो इसलिये डोर टू डोर कचरा उठाने का कार्य अविलंब शुरु की जाए।

## सरकार के खिलाफ भाजयुमो का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर द्वारा जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह की अध्यक्षता में रणधीर वर्मा चौक के समीप एक दिवसीय महा धरना हेमंत सरकार के जन विरोधी गतिविधियों के विरुद्ध दिया गया। धरना में मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि जब तक झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार है तब तक यहां खनिज संपदा की लूट चलती रहेगी, अपराध का बोलबाला रहेगा और झारखंड के युवाओं को रोजगार प्राप्त नही होगा। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि आए दिन झारखंड में विशेष कर धनबाद के झरिया में हत्या की राजनीति हो रही है। वहीं भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा कि भाजयुमो हेमंत सरकार को बेनकाब करने का काम कर रही है। इस सरकार ने युवाओं के साथ छलावा और ठगने का काम किया। धरना का संचालन महामंत्री तमाल राय तथा धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष जयंत चौधरी ने किया।

## नगर निगम कार्यालय घेराव को लेकर जगह जगह बैठक

### नगर निगम अपना दायित्व को समझे : आनंद महतो



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी ने धनबाद नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बैठक किया। इस बैठक का उद्देश्य आगामी 21 अगस्त को नगर निगम कार्यालय घेराव को लेकर था। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि धनबाद नगर निगम अपने दायित्व को समझे। नगर निगम क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। निगम क्षेत्र के 54 वार्डों में अधिकांश वार्डो की सुलभ शौचालय कचरे के ढेर में खड़ा है।

# धनबाद-गिरिडीह पथ पर लूट, मार्ग अवरुद्ध कर अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले में सड़क लूट की घटना घटी है. यहां मार्ग को अवरुद्ध कर अपराधियों ने लूटपाट की है. यह घटना गिरिडीह धनबाद पथ के मोहलीडीह के समीप घटी है. घटना शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि की है. जानकारी के अनुसार अपराधियों ने पेड़ गिराकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया था. फिर घटना को अंजाम दिया था. जेवरात से जूते तक खुलवा लिए~ इस बीच मार्ग से गुजर रहे वाहन यहां फंसते गए. वाहन के फंसने के बाद लूटपाट शुरू कर दी गई. आधा दर्जन से अधिक वाहनों में लूट हुई है. अपराधियों ने राहगीर व चालक से नगदी, जेवरात लूट लिए. इतना ही नहीं चप्पल व जूता भी खुलवा लिया गया. इस दौरान वाहन का शीशा भी तोड़ दिया गया.

**12 से अधिक संख्या में अपराधी :-** बताया गया कि लूटपाट करनेवाले अपराधियों की संख्या एक दर्जन से अधिक थी. अपराधी बार-बार गोली मारने की धमकी दे रहे थे. यह भी बताया जाता है कि लगभग आधा घंटा तक अपराधियों ने लूटपाट की. जब ताराटांड पुलिस पहुंची तो अपराधी भाग खड़े हुए. लूट के लिए बदनाम रही सड़क~ गौरतलब है किगिरिडीह से धनबाद जाने वाली इस सड़क पर अपराधियों का राज चलता रहा है. इस मार्ग पर लूट पाट की अनगिनत घटना घट चुकी है. हालांकि हाल के वर्षो में इसमें कमी आयी है. खोजबीन में जुटे पुलिस जवान~ इधर इस घटना के बाद अपराधियों ने एक तरह से पुलिस को चुनौती देने का काम किया है. घटना की सूचना एसपी दीपक शर्मा को भी थाना प्रभारी ने दी है. मामले को लेकर एसपी ने सदर एसडीपीओ अनिल सिंह को हर हाल में अपराधियों को पकड़ने का निर्देश दिया. घटना के बाद से ही एसडीपीओ की मॉनिटरिंग में पुलिस छापेमारी कर रही है।

## आंगनबाड़ी सेविका पर पैसा लेने का लगा आरोप, आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

बिरनी : प्रखण्ड क्षेत्र के बाराडीह पंचायत के ग्राम ताराटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का फॉर्म भरने के बदले में पैसे वसूली का मामला उजागर हुआ है, जहां फॉर्म भरने एवं जमा करने के बदले आंगनबाड़ी सेविका अंचला देवी पर प्रति छात्रा एक एक हज़ार रुपये रिश्वत मांगने का मामला प्रकाश में आया है। इस बीच उसी पोषक क्षेत्र की कई छात्राओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है ।

## कचरा डंप को लेकर उग्र ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** लोदना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मी कोलियरी के रानी तालाब के पास धनबाद नगर निगम द्वारा कचरा डंप को लेकर उग्र ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान काफी संख्या में महिला, पुरूष तथा बच्चों द्वारा नगर निगम के वाहनों को रोका गया। नगर निगम द्वारा कचरा डंप रैमकी कंपनी को दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त स्थल पर कचरा डंप करने से गंदगी तथा बदबू से जीना मुहाल हो जाएगा। साथ ही कई बीमारियां घर कर जाएगी। सूचना पाकर नगर निगम सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम सुरक्षा बल सहित जोड़ापोखर थाना मौके पर पहुँच ग्रामीणों के साथ वार्ता की। परन्तु वार्ता असफल होने के बाद सभी अधिकारी बैरंग लौट गए। बाद मे ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए वाहन को छोड़ दिया गया। विरोध करने वालो में मासस नेता सबूर गोराई, भाजपा लोदना मंडल महामंत्री रोहित कुमार बिंद, शाहजहां बेगम, माला शर्मा, पदमा देवी, उषा देवी, रूबी खातून, पिंटू अंसारी, इकबाल अंसारी, अरमान अंसारी, प्रदीप सिंह, अशोक शर्मा आदि थे।

## वृद्धा आश्रम में मनी स्व. चौधरी की तीसरी पुण्यतिथि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोहार बरवा टुंडी रोड, आसान डाबर स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में समाजसेवी स्वर्गीय बृज बिहारी चौधरी की तीसरी पुण्यतिथि के मौके पर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन की गई। मौके पर उपस्थित उदय प्रताप सिंह ने स्व. चौधरी द्वारा समाज के प्रति किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की चर्चा की। स्व चौधरी के छोटे भाई विनोद चौधरी ने बताया की बृजबिहारी चौधरी की पुण्यतिथि हर वर्ष लालमणि आश्रम में मनाने का सबसे खास उद्देश्य, आश्रम मे आश्रय ले रहे वृद्ध जनों की निस्वार्थ रूप से सेवा करना और उनका आशीर्वाद लेना है।

## बाल विवाह के खिलाफ हितधारकों के साथ एक दिवसीय पंचायत स्तरीय कार्यशाला संपन्न



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खेलने की उम्र है, बाल विवाह जुर्म है। घर-घर में आवाज लगाओ, बाल विवाह को जड़ से मिटाओ। झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र छत्रुटांड़ में किशोरी मण्डल एवं विभिन्न हितधारकों के साथ बाल विवाह के खिलाफ कार्यशाला आयोजित किया गया। ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने उपस्थित हितधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्रुटांड पंचायत में बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। हम सभी को मिलकर उक्त पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाना है। उक्त कार्यशाला के अंत में उपस्थित हितधारकों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ लिया। पंचायत की मुखिया नन्दनी कुमारी ने कहा कि बाल विवाह सामाजिक एवं कानूनन अपराध है हम सभी के सहयोग से छत्रुटांड़ पंचायत को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाया जायेगा। कार्यक्रम में बिनोद महतो हलीमा समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, तिलक धारी रवानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलम प्रभा, श्वेता दशौंधी, सहिया रेणु देवी, बसंती देवी, शिवानी देवी, पुजा कुमारी, चंदा कुमारी,गुलनाज बानो, एलिश कुमारी, बुलबुल कुमारी, पूर्णिमा देवी,सुमन देवी,फुलकुमारी देवी, देवन्ती देवी, आंचल कुमारी के साथ साथ दर्जनों महिला शामिल थी।

## दुर्गा मंदिर के स्टोर रूम में चोरी

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के हाई सिक्योरिटी जॉन विज्ञानिक सस्थान सिम्फ़र डिगवाडीह दुर्गा मंदिर के स्टोर रूम में चोरों ने रात ताला तोड़कर 5 हजार रुपए मूल्य की सामग्री चोरी कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक किसी ने भी थाना में मामला दर्ज नही कराया है। स्थानीय लोगों का कहना है की उक्त स्टोर में केयर टेकर दीपांकर घोष रहते थे। एक माह पूर्व उनकी मौत हो गई। इसके बाद स्टोर में ताला बंद था। स्टोर में कशा, पीतल के बर्तन था। वही सुरक्षा पदाधिकारी एस भारती ने बताया है की चोरों ने ताला तोड़कर समान बिखेर दिया है, चोरी नही हुआ है। उन्होंने कहा है की 18 पोस्ट पर सुरक्षा गार्ड रहते हैं। 900 क्वार्टर में सिर्फ 100 में लोग रहते है। सुरक्षा में कोई चूक नही हुआ है। चारों तरफ घेरा बंदी हैं। परन्तु सुबह स्कूल के समय अविभावक आना जाना करते है। उसमें कौन क्या है, पहचान करना मुश्किल होता है। आने जाने पर रोक लगाने पर हंगामा शुरू हो जाता हैं। इसको लेकर कई बार जिला प्रशासन को पत्र लिखकर आने जाने पर रोक लगाने की मांग की गई है।

# गरीब के घर का चूल्हा बुझा कर कागज पर किस्मत बेचने वाले हो रहे है मालामाल

## पार्षद प्रत्याशी जी साव बेच रहे है क्षेत्र में अवैध जाली लॉटरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखण्ड सरकार के प्रतिबंध के बावजूद लॉटरी माफिया जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन के नाक के नीचे खुले आम अवैध जाली लॉटरी बेची जा रही है। इस क्षेत्र में लॉटरी सरगना जेलगोरा निवासी भावी पार्षद प्रत्याशी जी साव का चलता है सिक्का। स्थानीय पुलिस की मिली भगत के बदौलत पुलिस भी रहती है मौन। जी साव के इशारे पर लॉटरी का कारोबार फल फूल रहा है, जिससे यहाँ का मजदूर ज्यादा पैसे की लालच में फँसता चला जा रहा है। पुलिस भी देख के खामोश बनी हुई है, क्योकि लॉटरी की मोटी कमाई का एक हिस्सा जो मिलता है। ज्ञात हो कि इस क्षेत्र में लॉटरी को लेकर स्थानीय लॉटरी के अवैध धंधो में संलिप्त लोगो को नाम के साथ अखबार में खबर को छापते रहते है, परंतु पुलिस इस मामले में मूकदर्शक बनी हुई है जोड़ापोखर तथा झरिया में जी साव बंगाल, नागालैंड के अवैध लॉटरी के जरिये हजारो लोगो को लूट कर लाखो कमा रही है। लोगो को अमीर बनाने का लालच देकर फ़साने का खेल खूब ज़ोरों से चल रहा है। जी साव के इशारे पर मजदूर, कुली, राजमिस्त्री, टेम्पू चालक, मुर्गा दुकान चाय वाला छोटे छोटे व्यापारी जैसे लोगो को ही शिकार बनाती है। इस धंधे के चंगुल में फंस कर कई लोगों का कारोबार के साथ घर का आर्थिक हालात चौपट हो गया है। जोड़ापोखर क्षेत्र के जेलगोरा न. 16, जामाडोबा, कालीमेला, बरारी, डिगवाडीह, फुसबंगला, भागा, जीतपुर, लक्ष्मी कॉलोनी समेत हर गली मोहल्ले में लॉटरी सरगना जी साव का एजेंट दिहाड़ी मजदूरी पर रखे हुए है। अफ़सोस की बात यह की पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से ये काम चल रहा है। लोगो को लॉटरी की जिस कागज़ से ये उम्मीद लगाए बैठे है वो कभी आप को अमीर नहीं बना सकता। इस थाना क्षेत्र में लॉटरी का नाश नशीले पदार्थ की सेवन से भी गहरी है। लोगो मे लॉटरी का ऐसा नशा परवान चढ़ा चुका है कि अपनी ज़िन्दगी के साथ साथ अपने बच्चे बीवी की ज़िन्दगी बर्बाद करने पर भी पीछे नही हटते। अब वक़्त आ गया है इस कागज़ पर किस्मत बेचने वाले का एक एक लॉटरी के दलालों को पकड़ कर जनता खुद सबक दिखएगी।

## विधायक ने किया 50 किलोवाट का सोलर पैनल का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह ज़िले के सर जे सी बोस बालिका उच्च विद्यालय में झारखंड शैक्षिक अनुसंधान परिषद के द्वारा निदेशक साप्ताहिक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही मुख्य रूप सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के कर कमलों विद्यालय के द्वारा अधिष्ठापन 50 किलोवाट सोलर पैनल का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया गया। वही मौके पर मुख्य रुप से विद्यालय के पूर्व प्राचार्य देवेंद्र प्रसाद सिंह और झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह मौजूद थे। बताया गया कि सोलर प्लेट के प्रारंभ होने से विद्यालय में 24 घंटे निर्बाध बिजली की आपूर्ति आरंभ हो गई है । वही इसकी शुरुआत विधायक ने बटन दबाकर किया। बताया गया कि मुख्य रुप से हाउस का निर्माण मदर टेरेसा हाउस हाउस, मैडम भीकाजी, कामा हाउस, कल्पना चावला हाउस, सरोजनी नायडू हाउस, सावित्रीबाई फुले हाउस आने वाली को करिकुलर एक्टिविटीज इंटर हाउस कंपटीशन विद्यालय पर लगातार एकेडमिक प्लान के अनुसार आयोजित होगा। वही सभी हाउस के लिए टीचर इंचार्ज और हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन का भी चुनाव किया गया। बाल संसद ने भी बैठक की जिसमें सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों का समुचित उपयोग कैसे हो विद्यालय को सहयोग कैसे करें का निर्णय लिया गया ।

# अल्पसंख्यक कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। शनिवार को अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जाहिर अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त वरुण रंजन से मिल कर मणिपुर राज्य में विगत तीन महीनों से जारी जातीय हिंसा और हरियाणा में सांप्रदायिक दंगे पर हस्तक्षेप करते हुए हिंसा पर रोक लगाने एवं शांति व्यवस्था बहाल करने तथा मणिपुर और हरियाणा सरकार को तत्काल बर्खास्त करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के विशेष आमंत्रित सदस्य मुख्तार खान, प्रदेश कांग्रेस के सचिव



शमशेर आलम, जिला कांग्रेस के महामंत्री आशिफ रजा साहेब, जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस उपाध्यक्ष शकील अहमद, महासचिव सिकंदर ए आजम, इम्तियाज आलम, इकराम कुरैशी, हारुन अंसारी आदि मौजूद थे।

## धनबाद मंडल के तेलो स्टेशन पर होगा दो एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी संख्या 18625/18626 पूर्णिया कोर्ट-हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस एवं 13319/13320 दुमका-रांची-दुमका एक्सप्रेस का धनबाद मंडल के ने.सु.ब. जंक्शन गोमो और चन्द्रपुरा स्टेशनों के मध्य स्थित तेलो स्टेशन पर 02 मिनट का प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है । दिनांक 06.08.2023 से गाड़ी संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस 17.17 बजे तेलो स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 17.19 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी संख्या 18626 हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस 09.28 बजे तेलो स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 09.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी इसी तरह, दिनांक 06.08.2023 से गाड़ी संख्या 13319 दुमका-रांची एक्सप्रेस 09.42 बजे तेलो स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 09.44 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी संख्या 13320 रांची-दुमका एक्सप्रेस 16.23 बजे तेलो स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 16.25 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने पांच सीएचसी के लिए अत्याधुनिक एंबुलेंस को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) मद से क्रय किये गये लाईफ सपोर्ट सिस्टम से लैस अत्याधुनिक एंबुलेंस को आज शनिवार को डॉ. रामेश्वर उराँव, माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड रांची द्वारा पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) सदर प्रखण्ड, कुडू, किस्को, भण्डरा और सेन्हा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये सभी एंबुलेंस चौबीसों घंटें आपातकालीन सेवा के लिए अपने सीएचसी में उपलब्ध रहेंगे। इस मौके पर माननीय मंत्री ने कहा कि उपायुक्त की सूझबूझ व सोच से ही यह संभव हो पाया है। डॉक्टर होने के नाते वे स्वास्थ्य से जुड़ी सभी चीजों को समझते हैं। इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। बड़े अस्पतालों तक मरीजों को आपातकालीन स्थिति में ले जाने के लिए इस एंबुलेंस का इस्तेमाल किया जाएगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि सड़क दुर्घटनों और कार्डिएक अरेस्ट से संबंधित मरीजों को बड़े सुविधाजनक अस्पताल तक ले जाने के लिए इस एंबुलेंस का इस्तेमाल होगा। एंबुलेंस की सुविधा चौबीसो घंटे उपलब्ध रहेगी। आज इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी,वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस,जिला परिषद सदस्य पेशरार रूबी देवी, जिप सदस्य भण्डरा राजमनी उराँव, जिप सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिप सदस्य किस्को संदीप कुमार और जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उराँव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सिविल सर्जन राजमोहन खलखो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा समेत अन्य उपस्थित थे।

## बागवानी सखी और बागवानी मित्रों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की उपस्थिति में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत दूसरे दिन प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम कायोजन किया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना के अन्तर्गत आमबगवानी के लाभुक किसान और बगवानीसखियों तथा बागवानी मित्रों को उन्मुखीकरण के तहत दूसरे दिन भी प्रखंड क्षेत्र के 5 पंचायतों के बागवानी सखी और बागवानी मित्रों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में जानकारी देते हुए बताया गया। की पौधे मिट्टी से पानी,कार्बन डाइऑक्स से पोषक तत्वो के बारे में बताया गया। साथ ही बताया गया कि पानी मे घुले हुए रसायनिक तत्व पौधों की मजबूती के लिये पोषक तत्व देता है. वही नाइट्रोजन का अधिक मात्रा में उपयोग नही करने के लिये बताया गया। नाइट्रोजन से जिसे पौधों में बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। और पौधा सरस् हो जाता है. साथ ही बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा किसानों को भगवानी का लाभ देने का निर्देश दिया गया। जिसे किसान मिश्रित भगवानी का खेती कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकें मिश्रित भगवानी के अन्तगत शरीफा, नींबू, अनार, आम, सहजन, अमरूद, संतरा, कटहल का खेती एक साथ कम जगह में करने के लिये बताया गया। किसानों को मिश्रित फसल के लिये प्रेरित करने के लिये वही बगवानी का रख रखाव करने के लिये विशेष जानकारी दिया गया।

## अविराम के प्रशिक्षुओं ने टिको में पौधारोपण और स्वच्छता कार्यक्रम का किया आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा टिको के पोखरा टोली में पौधारोपण और स्वच्छता कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध और अर्चना सिंह के नेतृत्व में शशि सिंह, बिनोद कुमार के साथ चलाया गया। प्रशिक्षुओं को सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया, जिसके पश्चात नारा लगाते हुए गांव पहुंच के ब्लीचिंग पाउडर, चूना का छिड़काव और सफाई की गई। पौधारोपण ग्रामीण बहनों और भाइयों पुष्पा, लक्ष्मी, रंजन, चंद्रमोहन, हीरामुनी, सलगी, कलावती, प्रियांशु, सूरज, अनीता, मनिता, पूनम, फूलमति, शांति, संध्या, मुनि आदि के यहां लगभग 30 पौधे अमरूद, नींबू, आम, जामुन आदि के लगाए गए सभी ने पौधारोपण कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया और बहुत प्रसन्नता व्यक्त की।अविराम कॉलेज प्रतिवर्ष पांच हजार के लगभग पौंधे वितरण और लगाने का कार्य करता है जिससे पर्यावरण को हरा भरा रखा जा सके। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, आफताब, जंगबहादुर, ममता, पवन, मनु, तबस्सुम, प्रियंका, सुमन, दीपिका, चिनिबास, अजॉय, ऋतु, शिव आदि उपस्थित रहे।

## मेहंदी प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा सदन की आकांक्षा को मिला प्रथम स्थान



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एम एल अग्रवाल एस वी एम इंटर कॉलेज में बालिका शिक्षा विभाग द्वारा मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा ग्यारहवीं बिरसा मुंडा सदन की छात्रा आकांक्षा पांडे ने प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं हिमवर्ष सदन की तनु कुजुर और कक्षा बारहवीं आर्यावर्त सदन की अनीमा लकड़ा ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। अनीमा कुमारी, पूनम कुमारी, बबली कुमारी, सुहानी कुमारी, अनामिका कुजूर, रागिनी भगत, अनीमा कुमारी, पूनम कुमारी, समृद्धि कुमारी, छमा रानी, अंजली कुमारी, पूजा कुमारी, रितु कुमारी, नेहा कुमारी, अल्फा कुजूर, रौशनी उरांव, मंजिला तिग्गा, पूजा कुमारी, मधुश्वेता कुजूर आदि का प्रदर्शन भी काफी सराहनीय रहा। सभी विजेताओं को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी द्वारा उपहार और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि बालिका शिक्षा विभाग द्वारा बालिकाओं में व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से विविध कार्यक्रमों और स्पर्धाओं का आयोजन होता है। आयोजन को सफल बनाने में बालिका शिक्षा विभाग प्रमुख रेणु कुमारी, प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, कविता कुमारी, आरती भगत, रितेश कुमार पाठक सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम के निमित बीडीओ ने बैठक में दिये आवश्यक निर्देश

➲09 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगी मेरा देश, मेरा माटी का कार्यक्रम : पवन कुमार महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड कार्यालय सभागार में 05 अगस्त शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के द्वारा प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाई जाने वाली कार्यक्रम मेरी माट्टी मेरा देश कार्यक्रम के विषय वस्तु पर प्रखड़ कर्मियों को विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये कहा कि वीर सपूतों के सम्मान में आयोजित मेरी माट्टी मेरा देश कार्यक्रम में प्रखण्ड क्षेत्र के सभी गांवों से कलश में मिट्टी लेकर अपने-अपने पंचायत में संग्रह कर 15 अगस्त को प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराना है, ताकि वीर जवानों के सम्मान में झारखण्ड से 75000 कलश दिल्ली भेजी जा सके। वंही 9 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी पंचायत में अमृत वाटिका,शिलापट व सिलाफ़लक्म का निर्माण करना है।अमृत वाटिका में 75 फलदार व इमारती पौधे लगा कर शिलापट में पंचायत के वीर शहीद, स्वतंत्रता सेनानी का नाम लिखवाना है साथ ही देश का शांति, अखंडता, गौरव, वीरता का शपथ दिलाना है।मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली, सुमन उरांव, अरबिंद उरांव, गुहा उरांव, शुहैल उरांव, राजेश उरांव, राजीव कुमार, किशोर उरांव, रौशन उरांव, पंचम उरांव, राजमणी मिंज, अमन शिखर, अमित महतो, दिनेश कुमार, दुर्गा बच्चन नन्दा भगत, मंसूर आलम, प्रवेज अख्तर आदि उपस्थित थे।

## जोराम कुम्हारटोली में बारिश के वजह से 2 लोगों का गिरा घर

# झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का ने दिए मदद के आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखंड के जो राम कुमार टोली गांव में लगातार तीन दिनों तक हुए बारिश की वजह से सुनीता केरकेट्टा एवं चिंटू टोप्पो नामक दो लोगों का घर ध्वस्त हो गया। इधर ध्वस्त होने की वजह से उन्हें रहने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बारिश के दिनों में परिवार के साथ साथ उन्हें भी काफी दिक्कतों से गुजरना पड़ रहा है ।जिसकी जानकारी झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का को दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही दोनों ही परिवार से मुलाकात करने के लिए संदेश एक्का पहुंचे जहां पर उन्होंने उनका हालचाल लिया और कहा कि जल्द ही इस मामले में पहल की जाएगी उन्होंने तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात करते हुए मदद देने की बात कही जिस पर बताया गया कि उन्हें अंबेडकर आवास दी जाएगी ताकि वह लोग पक्का मकान में रह सकेंगे। उन्होंने कहा है कि लगातार क्षेत्र में घूम-घूम कर लोगों की परेशानियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है और आगे भी झारखंड पार्टी इसी प्रकार जमीन से जुड़कर काम करेगी। मौके पर रवि बड़ाईक, शहनवाज, सुनीता केरकेट्टा, राजू प्राधन, रसाल खलखो, अंकित सुरीन मौजूद रहे।

## चिकित्सा शिविर के माध्यम से 295 छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य जांच



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर कस्तूरवा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 295 छात्राओं का स्वस्थ्य जांच किया गया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित कस्तूरवा गांधी बालिका आवसीय विद्यालय प्रांगण सेन्हा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर आयोजित किया गया। जिसमें सहायक चिकित्सक डॉ0 राजीव कुमार के निगरानी में एम पी डब्लू मंसूर अंसारी एवं जी एन एम साबित्री मिंज के द्वारा विभिन्न बीमारी जांच हेतु छात्राओं का ब्लड सैम्पल लिया गया। ब्लड सैम्पल के पूर्व 168 छात्राओं को ओपीडी के माध्यम से मौसमी बीमारी की जांच किया गया। जबकि 35 छात्राओं का आंख की लालीपन की जांच की गई 67 छात्राओं को मलेरिया जांच 5 छात्रा को आर डी का जांच एवं 20 छात्राओं को एच बी जांच के साथ सभी का हिमोगोलोबिन जांच किया गया। डॉ0 राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि आंख की बीमारी काफी तेजी से फैल रहा जो वायरस के कारण होता है। जिसका इलाज करते हुए बचाव को लेकर उचित मार्गदर्शन छात्राओं को दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी को छोटा नही समझना चाहिए बताते हुए उन्होंने कहा बीमारी को छुपाने से घातक साबित हो सकता है। और इससे बचने के लिए समय से इलाज कराने की सलाह दिया गया।

## प्रखंड कार्यलय में कार्यरत नाजिर का स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी के उवस्थिति में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत प्रखंड नाजिर जयराम असुर का स्थानांतरण होने के पश्चात विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कर्मी के द्वारा किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि मेरे सीओ पद पर रहते हुए नाजिर जयराम असुर का स्थानांतरण अपर समाहर्ता कार्यालय लोहरदगा में हुआ है। और उनके उज्ज्वल भविष्य का कामना करते हुए सरकार की दायित्व का निर्वाहन करने की सलाह दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि नाजिर के पद पर रहते हुए जयराम असुर के कार्य को सराहनीय बताते हुए उन्होंने कहा नाजिर के महत्वपूर्ण पद पर जो कार्य किया वह सराहनीय रहा। वही सभी प्रखंड कर्मियों के तरफ से इनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि आगे भी निरन्तर इसी तरह कार्य करते रहे। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, जेई संजीत कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, पंचायत सचिव नागमणी उराँव, रिझवान अख्तर, अधीश खाखा सहित प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## मेरी माटी-मेरा देश अभियान को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भंडरा बीडीओ रंजित कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आगामी 9 अगस्त से शुरू होने वाले 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान को लेकर शनिवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में बैठक हुई । मौके पर बीडीओ ने बताया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान 09 से 15 अगस्त तक चलेगा। इसके तहत प्रखंड के सभी पंचायतों में पांच कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। हर गांव से मिट्टी यात्रा शुरू की जाएगी। मिट्टी यात्रा में गांवों से कलश में मिट्टी ली जाएगी। इसके बाद इस मिट्टी को ब्लॉक स्तर पर लाया जाएगा। फिर जिले के सभी प्रखंडों से मिट्टी लेकर कर्तव्य पथ,दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में इसे ले जाया जाएगा। इसके अलावा इस अभियान में वसुधा वंदना कार्यक्रम के तहत पंचायतों में अमृत सरोवर के किनारे अमृत वाटिका बनाया जायेगा। इसमें 75 पौधे लगाये जायेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पांच प्रण लिया जायेगा। सभी पंचायत में शिलापट्ट लगाया जाएगा। इसमें स्थानीय वीरों का नाम अंकित होंगे। बीडीओ ने इन सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी व ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को शामिल करने का निर्देश दिया।

## कृषि के साथ पशुपालन कर दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में कृषकों का अहम योगदान : एसके विद्यार्थी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड के उतका गांव में 05 अगस्त शनिवार को दुग्ध उत्पादन सहयोग समिति कैरो के सौजन्य से रांची डेयरी रांची के द्वारा दुग्ध शतिक केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रभारी संग्रहण ओमप्रकाश, प्रभारी सयंत्र संजय मिश्रा, काजल कुमारी, शरत कुमार विद्यार्थी, जे एम एम के केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी आदि अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया गया। इससे पूर्व विधिवत पूजा अर्चना की गई वहीं समिति के द्वारा अतिथियों को माला पहनाकर व बुके और शॉल भेंट कर स्वागत किया गया।मौके पर संग्रहन प्रभारी ओम प्रकाश ने कहा कि सहयोग समिति द्वारा एक वर्ष पूर्व कैरो में दुग्ध खरीदने का काम शुरू किया गया था,समिति की सफलता का ही देन है आज उतका में दुग्ध शीतक केंद्र का सुरुआत की गई किसान भाई अधिक से अधिक दुधारू पशुपालन करें और केंद्र में लाकर दें आपको दूध के मूल्य में किसी प्रकार की कोई शिकायत नही होगी। कैरो पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह प्रखण्ड 20 सूत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि आज का युग श्वेत क्रांति का युग है, अब सभी जगहों में दुग्ध संग्रहन केंद्र खोला जा रहा है क्षेत्र के किसान भाई कृषि कार्य के साथ साथ पशुपालन कर अच्छी आमदनी कमा रहे हैं जिससे लोगो की आर्थिक स्थिति मे भी सुधार हो रही है।

# एससीए मद से निःशुल्क कोर्स हेतु आईएचएम रांची भेजे गये 24 युवक-युवतियां

➲मंत्री डॉ. रामेश्वर उराँव ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
➲युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना प्रशासन का उद्देश्य : डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** डॉ रामेश्वर उराँव, माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड रांची द्वारा आज शनिवार को विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) अनाबद्ध निधि से होटल मैनेजमेंट के निःशुल्क कोर्स के लिए आईएचएम,रांची हेतु लोहरदगा जिला के कुल 24 युवक-युवतियों को नगर भवन,लोहरदगा परिसर से रवाना किया गया। इन कोर्सों में डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस, डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग और फ्राफ्टमैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन एण्ड पेस्ट्री शामिल है। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय मंत्री, उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। माननीय मंत्री ने इस मौके पर युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज रोजगार की कमी है लेकिन स्वरोजगार के अवसर अवश्य उपलब्ध हैं। कोई भी काम बड़ा या छोटा नहीं होता। स्वरोजगार भी जीविकोपार्जन का एक बेहतर माध्यम हो सकता है। बढ़ती हुई जनसंख्या में सभी को नौकरी दे पाना किसी भी सरकार में संभव नहीं है। आज जिला प्रशासन, लोहरदगा की ओर से आईएचएम, रांची में सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स के लिए युवक-युवतियों को भेजा जा रहा है। यह उनके लिए निःसंदेह बहुत बढ़िया अवसर है। बीते वर्ष भी इस योजना के तहत 36 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण के लिए आईएचएम रांची भेजा गया था जो कई बड़े शहरों के बेहतरीन होटलों में अपनी सेवा दे रहे हैं। जिला प्रशासन ने यहां के युवक-युवतियों को एक बेहतर अवसर उपलब्ध कराया है। प्रशिक्षणार्थी इस अवसर का बेहतर लाभ उठाएं और प्रशिक्षण अच्छी तरह पूरा करें। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने इस अवसर पर कहा कि जेएसएलपीएस और एनआरएलएम प्रोजेक्ट के तहत पूर्व से स्वरोजगार के कई कार्यक्रम चल रहे हैं लकिन इन सब से हटकर कुछ अलग निर्णय लेना जिला प्रशासन के लिए एक चुनौती थी। यहां के युवाओं को होटल मैनेजमेंट के उद्योग से जोड़ने के लिए सर्वप्रथम आईएचएम, रांची और जिला प्रशासन, लोहरदगा के लिए बीच एक एमओयू किया गया जिसमें यहां के युवक-युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए चार कोर्स शामिल किये गये। बीते वर्ष 36 युवक-युवतियों को आईएचएम, रांची में निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाया गया और यह काफी सफल रहा। उन्हें रांची, हैदराबाद, महाराष्ट्र,आंध्र प्रदेश, बोधगया के होटलों मे नौकरी मिल गयी है। आईएचएम, रांची प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है। इन कोर्स के अगर कोई युवक-युवती बाहर से करने जाए तो इसका खर्च एक लाख रूपये से अधिक आएगा। जिला प्रशासन यह कोर्स निःशुल्क करा रही है। इस वर्ष के लिए 41 युवक-युवतियों का चयन निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए किया गया था। आज 24 युवक-युवतियों को भेजा जा रहा है। आज के कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा, विधायक प्रतिनिधि

# पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गरजा पंचायत के गरजा चौक में पूर्व मंत्री सह झारखंड पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का, मुखिया बसंती डुंगडुंग संयुक्त रूप से ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को दी गई पर कोई पहल नहीं हुई। फिर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। और ट्रांसफार्मर जलने की सूचना मिलने के उपरांत पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने अधिकारियों से बात कर ग्रामीणों को 100 द्या1 ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ग्रामीणों ने कहा कि पहले ट्रांसफार्मर के लिए हमने कई जनप्रतिनिधि से गुहार लगाई पर हमारे समस्या का किसी ने समाधान नहीं किया। और पूर्व मंत्री एनोस एक्का की तत्परता के कारण इस गांव को ट्रांसफार्मर मिला। उद्घाटन के दौरान एनोस एक्का ने कहा कि क्षेत्र की हर मूलभूत समस्याओं के लिए मैं हमेशा संघर्षरत हूं। हमारी कोशिश रहती है कि जो भी हमारे पास समस्या आए उसका जल्द से जल्द निवारण कराने का प्रयास हो। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति में जहां ट्रांसफार्मर की मारामारी हो रही है बावजूद बहुत ही कम समय में यहां नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया गया। मौके पर राजदीप प्रसाद, अक्षय कुमार प्रसाद, अनुराग केरकेट्टा, मानस दास, ओम प्रकाश, आशीष सिंह, रवि बड़ाईक, सुदीप लुगून, रसाल खलखो, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### झारखंड की महिला पुलिसकर्मियों ने बढ़ाया देश का मान

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड की महिला पुलिसकर्मियों ने कनाडा के विन्नीपेग शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में भारत का मान बढ़ाया है। पावरलिफ्टिंग में झारखंड पुलिस से सेवानिवृत (ऐच्छिक) बेला घोष और सुजाता भगत ने दो गोल्ड समेत तीन मेडल जीते हैं। बेला घोष ने पावरलिफ्टिंग के बेंच प्रेस और पुश पूल स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता जबकि सुजाता भगत ने पुश पूल इवेंट के सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। सुजाता भगत ने बताया कि लेट वीजा के कारण बेंच प्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पायी। इससे पहले झारखंड पुलिस के सिपाही संतोष कुमार बोबेंगा ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में दो गोल्ड मेडल जीता था।

### जस्टिस इकबाल की जमीन कब्जा करने वाला पप्पू गद्दी गिरफ्तार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोअर बाजार थाना क्षेत्र में दिवंगत जस्टिस इकबाल की जमीन को कब्जा करने के प्रयास के दौरान चाहरदीवारी तोड़ने का प्रमुख आरोपी पप्पू गद्दी उर्फ जमशेद गद्दी और सहयोगी अली हुसैन उर्फ तामो गद्दी जमशेदपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है । दोनों को पुलिस अपने गिरफ्त में लेकर जेल भेज दिया है। बता दे कि पप्पू गद्दी जमीन कब्जा करने अपने साथियों के साथ पहुंचा था, लेकिन मौके पर पुलिस पहुंच गई और सभी लोग फरार हो गए। हालांकि घटना वाले दिन में इनका एक साथी गिरफ्तार हो गया था। वहीं पप्पू गद्दी अपने साथियों के साथ फरार चल रहा था । उसके घर में कुर्की का नोटिस भी चिपकाया गया था । इसके बाद पुलिस को सूचना मिली कि वे जमशेदपुर में छिपके रह रहा है, पुलिस ने छापेमारी की और 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

### केंद्रीय वित्त मंत्री ने किया तमिलनाडु में पुरातत्व संग्रहालय का शिलान्यास

**चेन्नई/नई दिल्ली :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु के आदिचनल्लूर जिले में एक पुरातत्व संग्रहालय की आधारशिला रखी है। वित्त मंत्री के कार्यालय ने शनिवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। वित्त मंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर बताया कि निर्मला सीतारमण ने आदिचनल्लूर जिले में एक पुरातत्व संग्रहालय की आधारशिला रखी है। इस संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य थमिराबरानी घाटी के सांस्कृतिक परिदृश्य के हिस्से के रूप में पहचाने गए पुरातात्विक स्थलों के महत्व को स्थापित करना है। सीतारमण के साथ तूतीकोरिन की सांसद कनिमोई सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि तमिलनाडु का आदिचनल्लूर उन पांच पुरातात्विक स्थलों में से एक है, जिसे वित्त वर्ष 2020-21 के केंद्रीय बजट में 'प्रतिष्ठित स्थलों' के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई थी। आदिचनल्लूर तूतीकोरिन जिले के थमिराबरानी नदी तट पर स्थित एक पुरातात्विक स्थल है।

# एटीएस ने अपराधियों की सूची की तैयार, सभी पर होगी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस महानिरीक्षक, अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर , रांची जोन डीआईजी अनूप बिरथरे, झारखंड पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक एटीएस सुरेंद्र झा के द्वारा मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महा निरीक्षक अजय सिंह द्वारा राज्य में क्रियाशील संगठित आपराधिक गिरोह के सुप्रीमो सरगना गैंग के अन्य क्रियाशील अपराधी एवं उनके ठिकानों समर्थकों ने आर्थिक स्त्रोत आदि से अर्जित संपत्ति का पता लगाने तथा इन गिरोहों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए आतंकवाद निरोधी दस्ता झारखंड रांची को विशेष रूप से जिम्मेदारी दी गई थी। जिसके बाद एटीएस ने लगातार झारखंड के गिरिडीह, धनबाद ,रामगढ़ ,पलामू, रांची सहित कई जिलों में छापेमारी की। मुख्य रूप से जेल में बंद अमन साहू, अमन सिंह ,अमन श्रीवास्तव, धनबाद जिले के कुख्यात फरार अपराधी प्रिंस खान ,रांची के मृतक कालू लामा गिरोह जेल में बंद लवकुश शर्मा , रामगढ़ जिले के पांडे गिरोह, जेल में बंद विकास तिवारी गिरोह, जमशेदपुर के अखिलेश सिंह गिरोह, पलामू के डब्ल्यू सिंह गिरोह को चिन्हित किया गया। इस पर कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।



धनबाद, रामगढ़ ,हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रांची एवं बोकारो में अभियान चलाया जिसमें से 109 ठिकानों पर छापेमारी की। 80 व्यक्तियों को चिन्हित किया गया । 45 व्यक्तियों से पूछताछ की गई और 36 को बांड पर छोड़ा गया और 11 की गिरफ्तारी हुई। मुख्य रूप से रामगढ़ , रांची, धनबाद में 69 , पलामू में 48 ,रांची में 38, जमशेदपुर में 28 ,लातेहार में 25, हजारीबाग में 24 , गढ़वा में तीन, बोकारो में तीन, चाईबासा में एक, सरायकेला में एक, गिरिडीह एक, गुमला एक कुल मिलाकर 338 अपराधियों की सूची तैयार की गई है।

एटीएस द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में अफजल अंसारी ,दिगंबर प्रजापति, नीतीश कुमार सिंह ,लालू पांडे और प्रभाकर पांडे ,डिंपी उर्फ दानिश मलिक ,तनवीर तस्लीम उर्फ किशन खान शामिल है।

**भू माफिया जमीन दलालों की सूची:** भू माफिया, जमीन दलालों की भी सूची तैयार की गई है , जिसमें मुख्य रुप से एयरपोर्ट थाना क्षेत्र से पांच, पुनदाग ओपी से चार, ओपी मेसरा एक , तुपुदाना ओपी से पांच , सदर थाना से 3, पंडरा दो ,खेल गांव थाना से दो , चुटिया थाना से दो, टाटीसिलवे थाना से पांच, कांके थाना से पांच, पिठौरिया थाना से दो, खरसीदाग से पांच, नगड़ी थाना, ओरमांझी थाना से तीन कुल मिलाकर 49 व्यक्ति जो जमीन दलाली और भूमाफिया में जुड़े हैं इन लोगों की सूची तैयार की गई है।

**आर्म्स एक्ट में अभियुक्तों की सत्यापन:** आर्म्स एक्ट में अभियुक्तों की सत्यापन के लिए सूची तैयार की गई है। जिसमें लोअर बाजार थाना क्षेत्र से तीन, लालपुर से 2 ,कोतवाली 4, सुखदेव नगर 25, डेली मार्केट तीन, हिंदपीढ़ी बीस, सदर थाना दो, खेलगांव 5, बरियातू दो, जगन्नाथपुर 14, तुपुदाना 5, अरगोड़ा सात, डोरंडा थाना 10 , एयरपोर्ट थाना 18, एसटी एससी दो, तमाड़ थाना 4, बुंडू थाना एक ,मैक्लुस्कीगंज थाना पांच, टाटीसिलवे थाना पांच, मांडर थाना, ओरमांझी थाना दो, नामकुम थाना क्षेत्र छ, रातू थाना 12, लापुंग थाना पांच, खलारी थाना दो कुल मिलाकर 268 लोगों की सूची तैयार की गई । इसके अलावा भी चोरी ,छीनताई , हत्या, मारपीट ,छेड़खानी, गौ तस्करी इत्यादि में भी शामिल लोगों की सूची तैयार की गई है।

# भाजपा नेताओं पर कहर बरपा सकते हैं सीएम, घबराएं नहीं : बाबूलाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों को शनिवार को ट्विटर के जरिये एक संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि चुनाव नजदीक आ रहा है। इसलिए संभव है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कहर बरपाएं। भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं, समर्थकों और सहयोगियों के खिलाफ षड्यंत्र रचे जा सकते हैं। उनका सरकारी दमन हो सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारियों की मदद एवं मंत्रणा से रोज षड्यंत्र एवं साजिश रचने की जानकारी मिल रही है। बाबूलाल ने कहा कि सत्ता के टूल की तरह इस्तेमाल हो रहे ऐसे षड्यंत्रकारियों के मंसूबे पर हमारी पैनी नजर है। सरकारी लठैत गिरोह की तरह काम कर रहे कुछ लोगों की ऐसी किसी भी साजिशपूर्ण कार्रवाई एवं गैर-कानूनी कदम उठाने वालों को हम आम जनता की मदद से बेनकाब करेंगे और कानून से उन्हें सजा दिलायेंगे। इसलिए इनसे घबराना नहीं है। हमें मजबूती के साथ आगे बढ़ना है। सभी साजिशों को ध्वस्त करना है और झारखंड की जनता के हित के लिए हर कष्ट सहना है।

# श्रीलंका में लागू होगा आधार पहचान पत्र योजना

**एजेंसी**

**कोलंबो :** श्रीलंका में भी आधार जैसी पहचान पत्र योजना लागू की जा रही है। श्रीलंका में आधार जैसी योजना यूनीक डिजिटल आइडेंटिटी प्रोजेक्ट के लिए भारत भी मदद कर रहा है। भारत इस परियोजना पर तीन सौ करोड़ रुपये खर्च करेगा, जिसमें से पहली किस्त के 45 करोड़ रुपए दे भी दिये गए हैं।श्रीलंका के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक श्रीलंका के डिजिटलीकरण की दिशा में अहम इस योजना के लिए वित्तपोषण भारत सरकार की ओर से किया जा रहा है। भारत सरकार इस परियोजना पर कुल तीन सौ करोड़ रुपये खर्च करेगी। श्रीलंका के राष्ट्रपति कार्यालय में हुई अहम बैठक में श्रीलंका के राष्ट्रीय सुरक्षा पर राष्ट्रपति के वरिष्ठ सलाहकार सगाला



रत्नानायका, श्रीलंका के तकनीकी मंत्री कनक हेराथ, श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले और भारतीय उच्चायुक्त के प्रथम सचिव एलडोस मैथ्यू और अन्य अधिकारी शामिल हुए।इस दौरान भारतीय उच्चायुक्त ने पहली किस्त के रूप में 45 करोड़ रुपए का चेक कनक हेराथ को सौंपा। यह कुल रकम का 15 प्रतिशत है। फिलहाल 45 करोड़ रुपए अग्रिम भुगतान के तौर पर दिए गए हैं। वहीं, राष्ट्रपति के सलाहकार रत्नानायका ने कहा कि उनकी सरकार तय समय सीमा में इस परियोजना को पूरा करने की कोशिश करेगी।भारत और श्रीलंका के बीच मार्च 2022 में इस परियोजना को लेकर समझौता हुआ था। समझौते के तहत इस परियोजना के लिए इंडो श्रीलंका जॉइंट प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए सॉफ्टवेयर का विकास भी भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है।

# उड़ीसा : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया राष्ट्रीय राजमार्ग का शुभारंभ

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर भुवनेश्वर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के कामाख्यानगर से दुबुरी चार लेन रोड का उद्घाटन किया तथा अन्य परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी. असम के पहले मुख्यमंत्री बोरदोलोई को श्रद्धांजलि अर्पित कर ओडिशा की जनता को सम्बोधित किया. राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ वामपंथी उग्रवाद और आपदा प्रबंधन पर समीक्षा बैठक में भी हिस्सा लेंगे.ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर भुवनेश्वर पहुंचे शाह ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी और ÷भारत रत्न÷ गोपीनाथ बोरदोलोई को श्रद्धांजलि देकर की. उन्होंने कहा कि असम के पहले मुख्यमंत्री बोरदोलोई ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को भारत का अभिन्न



अंग बनाए रखने में अपार योगदान दिया. केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य सरकार और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि केंद्र ने कामाख्यानगर और दुबुरी को जोड़ने वाले 51 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन करने के लिए 761 करोड़ रुपये खर्च किए हैं. आगे उन्होंने कहा यह सड़क, खनिज से समृद्ध जिले अंगुल और ढेंकनाल को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का काम करेगी.राष्ट्रीय राजमार्गों को राष्ट्र की भाग्य-रेखा% बताते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं पर जोर दिया है, क्योंकि ये किसी क्षेत्र का भाग्य बदल देती हैं. ओडिशा की तरह, गुजरात के लोग भी भगवान जगन्नाथ की पूजा करते हैं. आज ही के दिन 2019 में प्रधानमंत्री जी ने कश्मीर से अनुछेद -370 के प्रावधान को निरस्त करने का ऐतिहासिक फैसला लिया था. इस अवसर पर, मैं देश के लोगों की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं.ओडिशा सरकार ने नक्सलियों से लड़ने के लिए हमेशा केंद्र का समर्थन किया है. जिससे, नक्सली खतरे पर काबू पा लिया गया और वामपंथी उग्रवाद में गिरावट आई है.केंद्रीय गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री पटनायक के साथ अन्य कई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी. इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा के मंत्री प्रफुल्ल कुमार मलिक भी उपस्थित थें. शाह, अधिकारियों के साथ वामपंथी उग्रवाद और आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक में हिस्सा लेने के बाद भाजपा के नवनियुक्त राज्य पदाधिकारियों के साथ आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों व रणनीतियों पर चर्चा करेंगे.

### प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड से टेलीफोन पर बातचीत की

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं ने भारत-नेपाल द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और 31 मई से 3 जून तक प्रधानमंत्री प्रचंड की हाल की भारत यात्रा के दौरान हुई चर्चाओं पर भी बातचीत की, ताकि द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके और दोनों देशों के बीच दोस्ती के गहरे बंधन को और मजबूत किया जा सके। बयान में कहा गया है कि नेपाल एक करीबी और मैत्रीपूर्ण पड़ोसी है और भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति में एक प्रमुख भागीदार है। यह टेलीफोन वार्ता दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को जारी रखती है।

# सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के प्रयोग से पुस्तकालयों का बदल रहा है स्वरूप : राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के प्रयोग से पुस्तकालयों का स्वरूप बदल रहा है। वे और अधिक सुलभ होते जा रहे हैं।राष्ट्रपति नई दिल्ली के प्रगति मैदान में पुस्तकालय महोत्सव 2023 का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रही थीं। दो दिवसीय महोत्सव, संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह भारत में पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण पर चर्चा के लिए दुनिया भर के प्रतिष्ठित पुस्तकालयों पर प्रकाश डालेगा।पुस्तकालय महोत्सव को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि पुस्तकों और पुस्तकालयों के महत्व पर जितनी भी चर्चा की जाए वह कम है। पाण्डुलिपियों के संरक्षण तथा पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और डिजिटाइजेशन के प्रयास बहुत



महत्वपूर्ण हैं। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग से पुस्तकालयों का स्वरूप बदल रहा है।उन्होंने कहा कि पुस्तकालयों का विकास, समाज और संस्कृति के विकास से जुड़ा होता है। यह सभ्यताओं और संस्कृतियों की उन्नति का पैमाना भी होता है। पुस्तकालय से जुड़े निर्माण और ध्वंस, दोनों तरह के उदाहरण हमारे देश के प्राचीन शिक्षा केंद्र नालंदा में देखे गए हैं।राष्ट्रपति ने पुस्तकालयों को ड्राइंग रूम और समुदाय का अध्ययन के रूप में लोकप्रिय बनाए जाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय, सामाजिक सम्मिलन का केंद्र भी बनें और स्वाध्याय तथा चिंतन का भी।राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे स्वाधीनता संग्राम के महानायकों ने तमाम संघर्षों और संकटों के बावजूद पुस्तकों के पठन-पाठन और लेखन पर जोर दिया था। रस्किन जॉन की एक छोटी सी पुस्तक ने महात्मा गांधी की जीवनधारा को बदल दिया।

# आदिवासी महोत्सव में पारंपरिक आदिवासी आभूषणों की लगेगी प्रदर्शनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड आदिवासी महोत्सव में पारंपरिक आदिवासी आभूषणों और पलाश ब्रांड के उत्पादों के भी स्टॉल लगाए जाएंगे। जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग स्टॉल लगाकर सखी मण्डल की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों (पलाश ब्रांड एवं आदिवा ब्रांड) की प्रदर्शनी एवं बिक्री करेगा। पलाश ब्रांड के तहत राज्यभर की ग्रामीण महिलाएं खाद्य और गैर-खाद्य उत्पादों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से अपनी आजीविका सुनिश्चित करती हैं। आदिवा ब्रांड के तहत पारंपरिक आभूषणों का मूल्यवर्धन कर बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि आदिवासी पारंपरिक कला एवं संस्कृति लोगों तक पहुंच सके। आदिवासी महोत्सव में लोक पारंपरिक आदिवासी आभूषणों को देख और खरीद पाएंगे। पलाश के स्टॉल में 30 से ज्यादा उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जायेगी। जैसे-शुद्ध शहद, कोल्ड-प्रेस्ड सरसों का तेल, काला गेहूं का आटा, हल्दी, मिर्च पाउडर, रागी का आटा, रसायन-मुक्त साबुन, कुकीज़, आदि। महोत्सव में 'आजीविका दीदी कैफे' का भी स्टॉल लगाया जाएगा। इसमें लोग झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों जैसे राइस डंबु, मडुवा डंबू, धुस्का घुघनी, मडुआ पकौड़ा, माड़ जोर, दाल पीठा आदि का लुत्फ उठा सकेंगे।

### पंजाब, हरियाणा समेत उत्तर भारत में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी, मप्र के लिए ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना जताई है। हालांकि दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि शनिवार को दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद की जा रही है जबकि हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की उम्मीद की जा रही है। सोमा सेन ने बताया कि आज पूर्वी मध्य प्रदेश में बहुत भारी बारिश की उम्मीद की जा रही है। इसका मतलब है कि हमें वहां 20 सेमी. तक बारिश की उम्मीद है। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। वर्तमान मौसम प्रणालियों को देखें तो उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश पर एक कम दबाव प्रणाली है। इसके साथ उत्तर और मध्य भारत के अन्य हिस्सों में भी बारिश की उम्मीद की जा रही है।

# राज्य में 16 जुलाई से तीन अगस्त के बीच संगठित आपराधिक गिरोहों के 230 ठिकानों पर छापेमारी, 17 गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड पुलिस प्रवक्ता सह आईजी (अभियान) एवी होमकर ने बताया कि झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ झारखंड एटीएस की कार्रवाई में पिछले माह 16 जुलाई से तीन अगस्त के दौरान अमन श्रीवास्तव, अमन साहू, अमन सिंह, प्रिंस खान, कालू लामा, लवकुश शर्मा, मृत भोला पांडेय, विकास तिवारी, अखिलेश सिंह, डबलू सिंह के 230 ठिकानों पर छापेमारी हुई है। इस दौरान एटीएस की टीम ने अलग-अलग गिरोह से जुड़े 17 अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा आपराधिक गिरोह के 130 लोगों का सत्यापन किया गया जबकि 95 संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गयी, 82 लोगों को बॉन्ड भरवाया गया है।

आपराधिक गिरोह से जुड़े 338 लोगों की निगरानी के लिए झारखंड के सभी जिलों के एसपी को प्रस्ताव भेजा गया है।

एवी होमकर शनिवार को झारखंड



पुलिस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

होमकर ने बताया कि डीजीपी के आदेश पर एटीएस की टीम संगठित आपराधिक गिरोह के अपराधियों का डाटाबेस तैयार कर रही है। साथ ही जीरो टॉलरेंस को अपनाते हुए उनके खिलाफ एटीएस की कार्रवाई सख्ती के साथ जारी रहेगी। संगठित अपराध में शामिल किसी भी अपराधी और उनको शरण देने वाले व्यक्तियों को नहीं बख्शा जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में अमन साहू गिरोह के चंदन साव, बॉबी साव, सोनू कुमार, वारिश अंसारी, दिगंबर प्रजापति, राजन कुमार और अमन श्रीवास्तव गिरोह के ऐजाज अंसारी, मिंकु खान को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही कालू लामा गिरोह के रोहित मुंडा, अभिषेक मल्लिक और शुभम विश्वकर्मा और प्रिंस खान गिरोह के अफजल अंसारी, दानिश मल्लिक, तनवीर तस्लीम तथा अमन सिंह गिरोह के बुचन सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पांच पिस्तौल, एक रिवाल्वर, 49.83 लाख रुपये नकदी, आठ गोली, दो मैगजीन, एक स्कॉर्पियो, दो बाइक और 14 मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं।

होमकर ने बताया कि रांची में अपराध नियंत्रण को लेकर भू-माफिया की प्रोफाइल तैयार की गयी है। रांची के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 49 भू-माफिया की संख्या है। इनमें 24 का प्रोफाइल तैयार किया गया है। इसके अलावा 12 आपराधिक गैंग के 119 शातिर अपराधियों में 64 का प्रोफाइल तैयार किया गया है। शेष की सत्यापन की जा रही है।

उन्होंने बताया कि रांची जिले में आर्म्स एक्ट के 268 आरोपितों का सत्यापन किया गया है जबकि सीसीए के तहत तीन, जिला बदर के लिए तीन, थाना हाजिरी के लिए 14, सर्विलांस प्रोसिडिंग के लिए 17 लोगों के प्रस्ताव भेजे गये है। साथ ही एंटी क्राइम चेकिंग प्रत्येक दिन में तीन बार स्थान और समय बदलकर चलाया जा रहा है। वार्ता के दौरान डीआईजी रांची अनुप बिरथरे और एसटीएस के एसपी सुरेन्द्र कुमार झा मौजूद थे।